जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

अजमेर

Rashtradoot

फोनः- 2627612, 2427249 फैक्सः- 0145-2624665 वर्षः 29 संख्याः 40 प्रभात अजमेर, रविवार 8 सितम्बर, 2024 आर.जे./ए.जे./73/2015-2017 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# अपनी ''फोकस्ड'' शैली के कारण कमला हैरिस का पलड़ा भारी पड़ रहा है ट्रम्प पर

## पर, भारतीयों का अमेरिका में सबसे बड़ा संगठन, ''हिन्दूज फॉर अमेरिका फर्स्ट'' पूर्णतया डॉनल्ड ट्रम्प के पक्ष में खड़ा है, अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में

- वर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन, ट्रम्प के सामने कमज़ोर पड़े, क्योंकि वे अपने भाषणों में ''फोकस्ड'' नहीं थे तथा वे अपने प्रतिद्वंदी की कमज़ोरी व गलतियों का लाभ उठाने में प्रभावी नहीं पाये गए थे।
- कमला हैरिस, परन्तु, एक सफल वकील रही हैं, अतः उनकी टिप्पणियाँ प्रतिद्वंदी के खिलाफ तीखी व तिलमिला देने वाली होती हैं।
- ट्रम्प अपने भाषणों में बड़े ''नाटकीय'' व ''अनफोकस्ड'' होते हैं तथा विचारों पर अनुशासित नहीं रह पाते। उनका यह आचरण कमला हैरिस को पूर्ण मौका देता है, ट्रम्प की आँकड़ों की सच्चाई व तर्कों के सतहीपन पर सार्वजनिक रूप से आक्रमक होकर, पूरा राजनीतिक लाभ उठाने का।
- बाइडन ऐसा नहीं कर पाते थे, अतः ''रेस'' से बाहर हो गये और कमला हैरिस अच्छी तरह से कर सकती हैं, अतः ''रेस'' जीत भी सकती हैं।

-सुकुमार शाह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 सितम्बर। राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ जून में हुई अपनी बहस में, पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने अपने प्रशासनिक कार्यों की अभूतपूर्व प्रकृति की डींगें मारी थीं तथा कहा था कि मेडिकल नजरिये से देखने पर भी, इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ था। उन्होंने ''राइट टु ट्राई'' जैसी पहलों का उल्लेख किया जिसके चलते ''टर्मिनली'' बीमार मरीजों को दूसरे देशों में इलाज के लिए जाने देने के बजाय, कटिंग-ऐज-मैटिरियल'' का उपयोग करते हुए, उनका प्रायोगिक तौर पर इलाज किया गया। ट्रम्प का अंतिम तर्क अटपटा था, लेकिन जहाँ बाइडन का प्रदर्शन उल्लेखनीय रूप से कमजोर था, वहीं उस रात को ट्रम्प की सफलता का कारण बाइडन की ओर ज्यादा बड़ी असफलता रही।

यद्यपि बाइडन के जवाब लिखित रूप में तो काफी सुसंगत थे, लेकिन अप्रभावी प्रस्तुति तथा ट्रम्प की बहुत बड़ी गलतियों का प्रभावी रूप से प्रतिकार करने में उनकी असमर्थता ने उनके जवाबों का सत्यानाश कर दिया था।

ट्रम्प की बहस में भ्रामक बयान तथा निराधार दावों की भरमार थी, जैसे उनका यह कहना, कि 6 जनवरी को संसद भवन पर हुए हमले की जिम्मेदारी हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी ने ले ली थी। ''द इकॉनॉमिस्ट'' का एक लेख कहता है कि अतिशयोक्तियों तथा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अचानक घटना से कार्डिऐक अरैस्ट हो सकता है'

जयपुर, 7 सितंबर। जिले की मोटर एक्सिडैंट क्लेम ट्रिब्यूनल (एम.ए.सी.टी.) ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि किसी व्यक्ति के साथ अकस्मात घटना होने पर, चोटों के बिना भी, उसे कार्डियक अरेस्ट आ सकता है। ऐसी स्थिति में बीमा कंपनी क्लेम देने की जिम्मेदारी से बच नहीं

- मोटर एक्सिडैंट क्लेम ट्रिब्युनल ने यह टिप्पणी करते हुए बीमा कम्पनी से कहा कि वह मृतक के परिवार को ''क्लेम'' की राशि दे।

सकती। वहीं कोर्ट ने विपक्षी बीमा कंपनी को निर्देश दिया कि वह प्रार्थिया को क्षतिपूर्ति के तौर पर14.31लाख रुपए की राशि ब्याज सहित दे। कोर्ट ने कहा कि यदि अकस्मात घटना नहीं होती तो उसकी मौत नहीं होती। कोर्ट ने यह आदेश लाल कंवर व अन्य की क्लेम याचिका पर दिया।

याचिका में कहा कि प्रार्थिया का पति महावीर सिंह 12 जनवरी 2022 की रात आठ बजे अपने ट्रक को कनकपुरा फाटक के पास खड़ा कर पैदल-पैदल खाना खाने होटल पर जा रहा था। वह महफिल होटल के पास पहुंचा तो नैशनल इंश्योरेंस कंपनी से बीमित मोटरसाइकिल के चालक ने गलत साइड से आकर उसे टक्कर मारी। इसमें उसे खरोंच आई और वह बेहोश

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# विनेश व पूनिया के कांग्रेस में जाने से तिलमिलाई भाजपा बृज भूषण की शरण में पहुंची

## बृज भूषण ने विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया पर आरोपों की बौछार की

- बृज भूषण शरण सिंह ने कहा, 18 जनवरी 2023 को दिल्ली में जंतर मंतर पर जो आंदोलन हुआ था वह खिलाड़ियों का आंदोलन नहीं था। सारा आंदोलन कांग्रेस का षड्यंत्र था, जिसे भूपिंदर सिंह हुड्डा लीड कर रहे थे।
- बृज भूषण ने विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया के कांग्रेस में जाने पर कहा, इससे स्पष्ट है कि उनके खिलाफ जो भी आरोप लगाए गए हैं वे सभी राजनीति से प्रेरित हैं।
- ज्ञातव्य है कि, रैसलिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और भाजपा के बाहुबली नेता बृज भूषण पर महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का आरोप है और उनके खिलाफ आंदोलन किया गया था जिसके कारण उन्हें पद छोड़ना पड़ा था।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 सितम्बर। हरियाणा में विधानसभा चुनावों से ठीक पहले दो पहलवानों- विनेश फोगाट तथा बजरंग पूनिया के देश की सबसे पुरानी पार्टी, कांग्रेस में शामिल हो जाने के बाद भाजपा द्वारा इन दोनों ओलम्पियनों पर प्रहार करने के लिये कुख्यात बाहुबली बृजभूषण सिंह को मैदान में उतार दिया गया है ताकि कांग्रेस इन दोनों का चुनावी लाभ न ले सके। इस पृष्ठभूमि में, सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरु हो गया है।

रेसलिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यू.एफ.आई.) के पूर्व अध्यक्ष तथा भाजपा के बाहुबली सिंह ने आज कहा कि विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया के कांग्रेस में शामिल होने से यह सिद्ध हो गया है कि पहलवानों द्वारा उनके खिलाफ किया गया विरोध प्रदर्शन कांग्रेस की साजिश का परिणाम था तथा इसके पीछे हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हूडा का दिमाग काम कर रहा था। सूत्रों का कहना है कि भाजपा हाईकमान ने भाजपा के पूर्व सांसद सिंह से खासतौर से कहा है कि उन्हें कांग्रेस को इसका चुनावी लाभ लेने से रोकना है।

पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया की इस राजनैतिक छलाँग के बाद आये पूर्व डब्ल्यू.आई.एफ. अध्यक्ष सिंह के साजिश के आरोप के तुरन्त बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन खेड़ा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हरियाणा में नहीं होगा कांग्रेस और आप का गठबंधन?

## आप की ज़िद ने दोनों दलों के बीच सीटों के बंटवारे की वार्ता में गतिरोध पैदा किया

- आम आदमी पार्टी 90 सीटों में से 10 सीटें मांग रही है, पर, कांग्रेस 5-7 देना चाहती है।
- आप नेताओं ने धमकी भी दी कि आप को कमज़ोर ना समझा जाए, वह 90 सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है।
- कांग्रेस ने आप पार्टी की धमकी पर अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 सितम्बर। लगता है कि आम आदमी पार्टी हरियाणा में अपने पैर फैलाने की अधिक इच्छुक है, बजाय कांग्रेस के साथ मिलकर भाजपा का मुकाबला करने के, क्योंकि इण्डिया ब्लॉक की दोनों सहयोगी पार्टियों के बीच संख्याओं को लेकर सीट शेयरिंग की वार्ता विफल होने के कगार पर है।

हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर चल रही अनिश्चितताओं के बीच आज आप ने, सीट शेयरिंग वार्ता को एक मौका देने के लिए चुप्पी बनाए रखने के बजाय धमकी दे डाली, कि जो लोग पार्टी को ''कम आंक'' रहे हैं वो ''पछताएंगे।''

दिन के शुरु में आप की राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि बातचीत चल रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि ''कुछ निर्णय'' होगा, क्योंकि, वार्ता जारी है और अभी से कुछ कहना जल्दबाजी होगी। उनसे पूछा गया था कि यदि कांग्रेस के साथ गठबंधन हो जाता है तो आप कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

एक प्रेस कॉन्फ्रैंस के दौरान, आप के राष्ट्रीय सचिव (संगठन) संदीप पाठक ने कहा, ''हम पूरी तरह तैयार हैं और पार्टी के आदेश का इंतज़ार कर रहे हैं तथा जो भी हमें कम समझेगा वो भविष्य में खुद ही पछताएगा।''

दूसरी तरफ कांग्रेस ने आप नेताओं के उकसाने पर प्रतिक्रिया ना देकर गरिमा बनाए रखने का रास्ता चुना है।

कांग्रेस तथा आप के बीच गठबंधन की वार्ता में सीट शेयरिंग को लेकर गतिरोध पैदा हो गया है। सूत्रों के अनुसार, आप ने 10 सीटों की मांग की थी, जबकि, कांग्रेस ने 5 से 7 सीटें देने का प्रस्ताव दिया था। हरियाणा में 5 अक्टूबर को चुनाव होने हैं तथा नामांकन दाखिल करने की अंतिम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पेपर लीक केस में राईका की रिमांड बढ़ी

जयपुर, 7 सितंबर। मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट ने एस.आई. भर्ती-2021 के पेपर लीक मामले में आर.पी.एस.सी. के पूर्व सदस्य रामू राम राईका और उसके बेटे देवेश व पुत्री शोभा सहित तीन अन्य की रिमांड अवधि दस सितंबर तक बढ़ा दी है। वहीं, 6 सितंबर को जोधपुर से गिरफ्तार ऋतु शर्मा को भी

- मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट ने आर.पी.एस.सी. के पूर्व सदस्य रामूराम राईका, उनके पुत्र देवेश, पुत्री शोभा व तीन अन्य की रिमांड 10 सितम्बर तक बढ़ा दी है।

दस सितंबर तक रिमांड पर भेजा है।

एस.ओ.जी. की ओर से रिमांड अवधि पूरी होने के बाद राईका, मंजू देवी, अविनाश पलसानिया और विजेन्द्र कुमार को अदालत में पेश किया गया। एस.ओ.जी. ने कहा कि आरोपियों से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बैंगलोर में फिर गर्माया हिंदी बनाम कन्नड़ विवाद

## एक्स पर कन्नड़ व हिंदी समर्थकों के बीच भारी गर्मागर्मी का माहौल

- सारा विवाद एक ऑटोरिक्शा चालक और एक प्रवासी महिला के बीच राइड कैंसिल करने को लेकर शुरु हुआ, ऑटोरिक्शा चालक ने महिला को थप्पड़ मार दिया था।
- पुलिस ने चालक की इस हरकत को गलत बताकर गिरफ्तार कर लिया, पर बैंगलोर के स्थानीय लोग ऑटोरिक्शा चालक को ''पीड़ित'' बता रहे हैं।
- स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रवासी ना केवल उनके रोजगार छीन रहे हैं बल्कि सालों यहां रहने के बाद भी कन्नड़ भाषा का एक शब्द नहीं सीखते और स्थानीय लोगों पर हिंदी बोलने का दबाव डालते हैं।

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 सितम्बर। कर्नाटक में निकट भविष्य में तो कोई चुनाव नहीं है। लेकिन एक्स पर भाषाई मुद्दे पर भावनापूर्ण बयानों की भरमार है। कन्नड़ लोग प्रवासियों के बेतुके कटाक्षों और भाषाई के कट्टरता के प्रति भी उत्तेजक टिप्पणियां कर रहे हैं।

गत दो-तीन दिन से सोशल मीडिया साइट एक्स पर कन्नड़ भाषा के पैरोकार काफी गुस्से में हैं और तथाकथित हिंदीभाषियों को आड़े हाथों ले रहे हैं, क्योंकि हिंदी भाषा के समर्थकों का कहना है कि हिन्दी एकमात्र भाषा है जो सबको जोड़ती है उनका यह कहना है कि भारत में सभी को हिन्दी बोलनी चाहिए क्योंकि यह हमारी राष्ट्रभाषा है, जो कि सही नहीं है हिन्दी भी अंग्रेजी की तरह राजकीय भाषा है।

मामला उस समय चरम पर पहुंच गया जब एक ऑटोरिक्शा ड्राइवर ने एक प्रवासी महिला यात्री को थप्पड़ मार दिया क्योंकि उस महिला ने ऑटोरिक्शा ड्राइवर को थोड़ी देर इंतजार कराने के बाद राइड कैन्सिल कर दी थी। इसके बाद दोनों में तीखी बहस हुई लेकिन इससे स्थानीय बनाम बाहरी मुद्दा भी गर्मा गया। इसके बाद ट्विटर पर दोनों पक्षों के लोग कूद पड़े और एक प्रकार का भाषा युद्ध छिड़ गया। ऑटोरिक्शा ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया उसे जमानत के लिए तीस हजार रुपये खर्च करने पड़े। इस सबके बाद भी मामला ठंडा नहीं हुआ। हालिया खबरों के अनुसार ड्राइवर अभी भी हिरासत में है उसकी गिरफ्तारी ने कन्नड़ लोगों को एकजुट कर दिया है। उनका कहना है कि प्रवासी यहाँ आते हैं। बरसों रहते हैं पर स्थानीय लोगों के साथ बात कर पाने के लिए कन्नड़ भाषा का एक शब्द भी नहीं सीखते हैं। इसकी बजाय वे स्थानीय लोगों पर हिन्दी बोलने का दबाव बनाते हैं। कन्नड़ लोगों ने इसका घोर विरोध किया और कहा, ऐसा लगता है कि हमारे क्षेत्र में हम ही बाहरी हो गए हैं।

बैंगलोर की पुलिस ने ड्राइवर के हिंसात्मक व्यवहार को आपत्तिजनक माना और कहा कि राइड कैन्सिल करने में हिंसा की कोई जगह नहीं है। ऑटो चालक ने कानून को अपने हाथ में लेकर गलती की है। उक्त ऑटो चालक की गिरफ्तारी के बाद कन्नड़ लोग उसे ''पीड़ित'' बता रहे हैं।

लेकिन इस मामले को अधिकांशतः नकारात्मक प्रचार मिला है और उसे देखते हुए अगर पुलिस ने सजगता नहीं बरती तो संभावना है कि इससे माहौल बिगड़ सकता है। स्थानीय लोग इस बात से भी नाराज़ हैं कि काफी तादाद में प्रवासी भी ऑटो चला रहे हैं। उन्हें डर हैं कि उनकी आजीविका छिन रही है।

इस बात से कर्नाटक सरकार के प्राइवेट सैक्टर की कम्पनियों में निचले स्तर के 80 प्रतिशत पद स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित करने के निर्णय को समझा जा सकता है। फिलहाल इस निर्णय को होल्ड पर रखा है क्योंकि प्राइवेट सैक्टर ने इसका विरोध किया और कहा यह नीति उन्हें सही प्रतिभा ढूंढने से रोक रही है।

लेकिन ऑटोरिक्शा ड्राइवर की घटना और टाटा कम्पनी द्वारा कर्नाटक व तमिलनाडू की फैक्ट्री के लिए चार हजार टैक्नीशियन बाहर लाने के निर्णय तनाव को और ज्यादा बढ़ा रहे हैं।

# नाबालिग का अपहरण और रेप, आरोपी को 20 साल की सजा

जयपुर, 7 सितंबर। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त

- पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने आरोपी महादेव प्रसाद पर 1.75 लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया। पीड़िता जब 11वीं कक्षा की छात्रा थी तब आरोपी उसका शिक्षक था।

महादेव प्रसाद को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने 29 वर्षीय इस अभियुक्त पर 1.75 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि घटना को लेकर पीड़िता के पिता ने 13 अप्रैल, 2022 को गोविंदगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा कि बीती रात उसकी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# यूक्रेन काफी थक गया है, अपने से एक बहुत बड़े देश के साथ लम्बे समय से युद्ध करते-करते

## पश्चिमी देशों की यूक्रेन को और आधुनिकतम हवाई जहाज देने में कुछ हिचकिचाहट के कारण यूक्रेन के पास ऐसे हवाई जहाज नहीं हैं जो रूस के बहुत अंदर जाकर बमबारी कर सकें, अतः युद्ध खिंचता ही जा रहा है

- पश्चिमी देशों की हिचकिचाहट का कारण, वो यह अंदाजा नहीं लगा पा रहे हैं कि इस ''डीप बमबारी'' के बाद रूस की क्या प्रतिक्रिया होगी। रूस और आक्रामक भी हो सकता है तथा उसके मित्र राष्ट्र, जो अभी किनारे खड़े होकर सहानुभूतिपूर्ण आँखों से युद्ध देख रहे हैं, पर, युद्ध में रूस के पक्ष में कूदे नहीं हैं।
- हताश होकर यूक्रेन ने पुराना हथियार ''थरमाईट'' ढूंढकर, पोंछ पांछ कर निकाला है तथा ड्रोन्स पर चढ़ाकर, रूस पर ड्रोन्स से आक्रमण करने की रणनीति बना ली है।
- ''थरमाईट'' 2220 डिग्री सैन्टीग्रेड तक की आग बरसा सकता है तथा जमीन पर इस भारी आग से तबाही मचती ही है, साथ ही यह शत्रु के सैनिकों में भय फैला देता है तथा जंगलों में गुफाओं में छुपे सैनिक बाहर आने को मजबूर हो जाते हैं।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 सितम्बर। हताशा से भरा यूक्रेन अब एक नए प्रकार के हथियार का प्रयोग कर रहा है, जिसने रूस के अग्रिम पंक्ति के सैनिकों में दिल दहलाने वाला भय पैदा हो रहा है।

यूक्रेन के नवीनतम ड्रोन रूसी सेना पर आग बरसा रहे हैं और ये इतने घातक हैं कि रूसी सेना आतंकित हो रही है। लेकिन, यूक्रेन के मित्र इस बात को लेकर चिंतित है कि रूस इन हथियारों के जवाब में क्या प्रतिक्रया दे सकता है।

ये ड्रोन, जिन्हें ड्रैगन ड्रोन्स कहते हैं, आकाश से अल्युमिनियम पाउडर और आयरन ऑक्साइड का मिश्रण छोड़ते हैं, जो 2,220 सैंटीग्रेड तक ''हीट'' पैदा कर सकता है और यह उस पूरे क्षेत्र को जलाने में सक्षम हैं जहाँ ड्रोन हमले किए जा रहे हैं। इस तरह की आग मनुष्य को भयंकर नुकसान पहुँचा सकती है। यदि कोई इस आग से बच भी गया तो उसे ठीक होने में महीनों लग सकते हैं।

इन दो तत्वों का मिश्रण, जिसे थरमाइट्स कहते हैं, का प्रयोग प्रथम तथा द्वितीय विश्व युद्ध में किया गया था। इस मिश्रण की प्रकृति (प्रोपर्टीज़) की खोज जर्मनी के एक वैज्ञानिक ने सन् 1890 में की थी। अपनी ''थर्मल वैल्यूज़'' के कारण यह तत्व रेलवे लाइन बिछाने और रेल लाइन को वैल्ड करने में उपयोगी पाया गया था।

बाद में, जब प्रथम विश्व युद्ध शुरू हुआ तो, जर्मनी ने दुश्मन में दहशत फैलाने के लिए मिलिटरी टूल के रूप में इसको उपयोगी पाया। इस तरह प्रथम विश्व युद्ध में इसका उपयोग शुरू हुआ।

यूक्रेन अब ड्रोन हमलों में हथियार के रूप में थरमाइट्ज का उपयोग कर रहा है। इन ड्रोन्स का उपयोग अग्रिम पंक्तियों में किया जा रहा है, तथा इससे जंगलों में गुफाओं में छुपे हुए रूसी सैनिक भी बाहर आने को मजबूर हो जाते हैं। अत्यधिक तेज आग भड़काने वाली प्रकृति के कारण, यूक्रेन ने इन ड्रैगन फायर ड्रोन्स का उपयोग हाल ही में घने जंगली क्षेत्रों में किया है, जहाँ रूसी सैनिकों ने पोज़ीशन ले रखी थी।

ये ड्रोन बड़े-बड़े क्षेत्रों में आग लगाकर छुपे रूसी सेनिकों को बाहर ला सकते हैं। इन ड्रोन्स के द्वारा पिघली धातु आकाश से गिरती है। यूक्रेन ने इस टैक्नॉलोजी की भारी सफलता का दावा किया है। यूक्रेन, रूस की बढ़ी हुई एयर स्ट्रायक्स का जवाब देने के लिए अपने पास एयर फायर पावर नहीं होने की शिकायत करता आया है। रूसी एयर फोर्स ने यूक्रेन की पोज़ीशन्स को भारी नुकसान पहुँचाया है। रूस जब चाहे तब सिविलियन टारगैट्स पर हमला कर रहा था। क्योंकि यूक्रेन की मोर्चाबंदी कुछ ढीली पड़ रही है।

यूक्रेन के मित्र राष्ट्र, अमेरिका तथा यूरोपीय देश उसे हथियार तथा असला सप्लाई करने में कुछ हिचकिचा रहे हैं। इसलिए यूक्रेन को अपने देश में ही नुकसान उठाना पड़ रहा है तथा रूस को लाभ हो रहा है।

इस हिचकिचाहट का आधार यह तथ्य है कि उन्हें लगता है यूक्रेन को लम्बी दूरी तक मार करने वाले हथियार देने का मतलब होगा कि वो रूस की सीमा के बहुत अंदर तक हमला कर पाएगा। पर इससे रूस की तरफ से अविश्वसनीय प्रतिक्रिया हो सकती है। लेकिन, यूक्रेनियन्स हताश हैं, कि उनके पास समय नहीं बचा है ना ही गतिशीलता। एक छोटा देश, यूक्रेन, लंबे समय से अपने से बहुत बड़े दुश्मन से लड़ रहा है। वो अपनी आर्मी तथा अन्य फोर्सेज़ में सैनिकों की कमी पूरी नहीं कर पा रहा है। यूक्रेन की हताशा की एक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मणिपुर में उग्रवादियों के हमले में पांच की मौत

इम्फाल, 7 सितंबर। मणिपुर में बीते साल मई से चल रहा तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। बिष्णुपुर में रॉकेट अटैक के बाद अब हिंसा में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है।

- मणिपुर में ताजा हिंसा की घटनाओं के बाद पिछले पांच दिनों से तनाव बहुत बढ़ गया है। शुक्रवार की रात बिष्णुपुर में एक शख्स की हत्या कर दी गई थी। इसके अलावा, मणिपुर राइफल्स के हैडक्वार्टर से हथियार लूटने की कोशिश की गई।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक व्यक्ति की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई, जब वह सो रहा था, वहीं बाद में हुई गोलीबारी में चार हथियारबंद लोग मारे गए। मणिपुर पुलिस अधिकारी के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**कोई भी इतना धनि नहीं कि पड़ौसी के बिना काम चला सके –डेनिस कहावत**

# गरीबी दूर किये बिना कोई व्यक्ति या समाज स्वस्थ और प्रसन्न नहीं रह सकता

बात कम से कम 5,000 से ,8000 पहले की है। उत्तर भारत के घने वनों में महर्षि-वैज्ञानिक भगवान् आत्रेय अपने शिष्यों को चिकित्सा-विज्ञान सहित आयु का समग्र विज्ञान पढ़ा रहे थे। उनके छः दिग्गज विद्यार्थी-जो आगे चलकर प्राचीन भारत के महान चिकित्सा-वैज्ञानिक बने-चिकित्सा के मूल सिद्धान्तों को समझने में व्यस्त थे। तभी एक विचित्र बात आती है:–

;सुनो अग्निवेश! जीवन में आजीविका और धन प्राप्ति का प्रयास न करने से बड़ा कोई पाप नहीं।; भगवान् आत्रेय ने अपने एक शिष्य को संबोधित करते हुये कहा।

भगवान् आत्रेय ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुये स्पष्ट किया (च.सू.11.5)-

**अथ द्वितीयां धनैषणामापद्येत, प्राणेभ्यो ह्यनन्तरं धनमेव पर्येष्टव्यं भवति; न ह्यतः पापात्**
**पापीयोऽस्तियदनुपकरणस्य दीर्घमायुः, तस्मादुपकरणानि पर्येष्टुं यतेत।**
**तत्रोपकरणोपायाननुव्याख्यास्यामः; तद्यथा कृषिपाशुपाल्यवाणिज्यराजोपसेवादीनि, यानि चान्यान्यपि सतामविगर्हितानि कर्माणि वृत्तिपुष्टिकराणि विद्यात्तान्यारभेत कर्तुं;**
**तथा कुर्वन् दीर्घजीवितं जीवत्यनवमतः पुरुषो भवति।**

अर्थात् प्राणों के बाद दूसरे क्रम पर धन की इच्छा आती है। जीवन में व्यक्ति को धन कमाने या आजीविका प्राप्त करने का प्रयत्न करना आवश्यक है। पक्की तौर पर प्राणों के बाद धन ही महत्वपूर्ण है। निश्चय ही इससे बड़ा कोई पाप नहीं कि जिन्दगी भर स्वास्थ्य, सुख, धर्म और धन से विहीन जीवन हो। इसलिये धन प्राप्ति के उपाय करना आवश्यक है। इस हेतु जो उपकरण या साधन हैं उनमें खेती-बाड़ी, पशुपालन, वाणिज्य-व्यापार, सरकारी नौकरी या आजीविका को सुदृढ़ करने हेतु विद्वानों द्वारा सुझाये गये अन्य अच्छे कार्यों को प्रारंभ कर आजीविका तथा धन संपत्ति अर्जित करते हुये समाज में उचित सम्मान और प्रतिष्ठापूर्वक दीर्घ-जीवन जीना चाहिये।

यह सुनकर आज हमें यह आश्चर्यजनक प्रतीत हो सकता है कि आयु के विज्ञान या चिकित्सा-विज्ञान से संबंधित शिक्षा-सत्र में भगवान् आत्रेय अचानक गरीबी, धनार्जन और संपत्ति जैसे विषय पर व्याख्यान क्यों दे रहे हैं। वस्तुतः आयुर्वेद की यह शिक्षा अपने समय से बहुत आगे थी। आज विश्व के सर्वाधिक प्रतिष्ठित शोध जर्नल्स में प्रकाशित शोध विश्लेषण निर्विवाद सिद्ध करते हैं कि जो लोग गरीबी में रहते हैं, वे मानसिक बीमारियों से प्रभावित रहते हैं देखें, एम. रिडले इत्यादि, साइंस, 370(6522): 11 दिसम्बर, 2020। गरीबी बौद्धिक और संज्ञानात्मक क्रियाओं और क्षमताओं को बिगाड़ती है। रुपये-पैसे की कमी के कारण गरीब की निर्णय-क्षमता दुष्प्रभावित होती है। ऐसा इसलिये होता है क्योंकि गरीबी व्यक्ति के दिमाग पर संज्ञानात्मक-बोझ डालती है। यह बोझ दिमाग को इतना चूस लेता है कि उन्नति पर ध्यान देने की क्रिया बाधित होती है, व्यक्ति प्रयास ही नहीं कर पाता और गरीबी और बीमारी के भंवर में फंसा रहता है देखें, आनंदी मणि इत्यादि, साइंस, 341(6149): 976-980, 2013; एस.एल जेम्स इत्यादि, लैंसेट, 392(10159):1789-1858 2018; ई. रेनाही इत्यादि, यूरोपियन जर्नल ऑफ़ पब्लिक हेल्थ, 28 (2):269-275, 2018। गरीबी और ज़रा-जीर्णता (फ्रेलिटी) के मध्य बहुत मज़बूत रिश्ता हाल की शोध से स्पष्ट होता है देखें, ए.ए. हयाजनेह, एम. रबाबा, डेमेंशिया एंड जेरियाट्रिक कॉग्निटिव डिसऑर्डर्स, 50(5): 407-413, 2022। सकल-कारण मृत्यु दर को बढ़ाने में गरीबी एक बहुत बड़ा जोखिम कारक है और इस विषय पर 300 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। दुनियाभर में गरीबी और स्वास्थ्य के मध्य रिश्तों पर 31 दिसम्बर 2022 तक 78,500 से अधिक शोधपत्र प्रकाशित हो चुके हैं। अब आपको यह स्पष्ट हो गया होगा कि चिकित्सा विज्ञान में 8,000 साल पहले धनार्जन करने व गरीबी हटाने की सलाह क्यों दी गई होगी।

गरीबी में जीवन-यापन करने वाले लोग मानसिक बीमारी से क्यों प्रभावित रहते हैं? इस विषय पर गरीबी और मानसिक बीमारियों जैसे अवसाद और चिंता आदि के बीच अंतर्निहित संबंध पर हुये अध्ययन रोचक हैं। अनुसंधान से पता चलता है कि एक तरफ गरीबी मानसिक बीमारी को बढ़ावा देती है और वहीं यह रोजगार के अवसरों तक पहुँच को कम करती है। यह इस बात से भी सिद्ध होता है कि गरीबों के जीवन में आय बढ़ाने के उपाय और मनोवैज्ञानिक चिकित्सकीय हस्तक्षेप दोनों मिलकर आर्थिक लाभ उत्पन्न करते हैं और स्वास्थ्य में बेहतरी लाते हैं। इसके उलट नकारात्मक आर्थिक झटके मानसिक बीमारी का कारण बनते हैं, और कैश ट्रांसफर जैसे एंटी-पावर्टी प्रोग्राम मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करते हैं। गरीबी, स्वास्थ्य और प्रसन्नता के मध्य इन पक्के रिश्तों की समझ प्रभावी नीतियों को विकसित और क्रियान्वित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

एक अन्य उदाहरण देखें तो आर्थिक रूप से वंचित लोग कोविड-19 के कारण मृत्यु की आशंका में सर्वाधिक फंसते हुये पाये गये हैं। यह जोखिम गरीबी के कारण तनाव, कोमोर्बिडिटी, और स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच की कमी के कारण बढ़ता है। इस महामारी ने समाज में आर्थिक विषमताओं को उजागर तो किया ही है, इस विषमता को बढ़ाया भी है। यहाँ बेहतर स्वास्थ्य के लिये गरीबी दूर करने की आवश्यकता तो सिद्ध ही होती है। साथ ही, समाज में आर्थिक रूप से सर्वाधिक वंचित लोगों की कमजोरियों को दूर करने के लिये सामाजिक कल्याण में सुधार के लिये दीर्घकालिक कार्यक्रम क्रियान्वयन की अनिवार्यता भी सिद्ध होती है।

> **आने वाले दशकों में मानसिक बीमारी का बोझ बढ़ने की आशंका है। गरीबी और मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य के संबंधों की इस भयावहता को देखते हुये ही आयुर्वेद धन कमाने और गरीबी दूर करने की सलाह देता है। इसीलिये आयुर्वेद में सुखायु और हितायु की ऐतिहासिक अवधारणा सर्वकालिक रूप से उपयोगी है।**

अब यह स्पष्ट रूप से ज्ञात है कि आय कम होने से मानसिक बीमारी बढ़ती है। फसलों के खराब होने से आमदनी के नकारात्मक झटके, कल-कारखाने बंद होने के कारण नौकरी का छूटना या आमदनी में गिरावट आदि मानसिक स्वास्थ्य को खराब करते हैं। इसके विपरीत अर्थशास्त्रीय क्लिनिकल ट्रायल्स में पाया गया है कि कैश ट्रांसफर और गरीबी हटाने के व्यापक प्रयास अवसाद और चिंता को कम करते हैं। जैसा कि स्वाभाविक है कि आमदनी और खर्च की अनिश्चितताओं से गरीबी का बड़ा रिश्ता है। अतः चिंता और अनिश्चितता मानसिक स्वास्थ्य को बिगाड़ देती हैं। इसके विपरीत स्वास्थ्य, रोजगार, बीमा और आमदनी की कमी के झटकों से उबरने के अन्य साधन प्रदान करने से अवसाद और चिंता कम हो जाती और मानसिक स्वास्थ्य ठीक रहता है। इसके अलावा गरीबी के कारण आवास की अपर्याप्त उपलब्धता, गरीबी वाले क्षेत्रों में प्रदूषण के कारण पर्यावरणीय तनाव, अपर्याप्त नींद आदि भी मानसिक बीमारी को बढ़ा देते हैं। बचपन में गरीबी की स्थिति, या यहाँ तक कि माता के गर्भाशय में अनुभव की जाने वाली गरीबी अंततः कुपोषण और अन्य तनावों की आशंका को बढ़ाती है। इन सबके कारण संज्ञानात्मक या बौद्धिक विकास गड़बड़ाने से वयस्क होते होते मानसिक बीमारी घेर लेती है। स्वाभाविक है कि गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों की देखभाल करने वाले सरकारी तंत्र को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु तत्पर रहना आवश्यक है। एक बात यहाँ यह भी समझना चाहिये कि गरीबी बदतर शारीरिक स्वास्थ्य से भी जुड़ी है। गरीबी के कारण आघात, हिंसा और अपराध में लिप्त हो जाने का भारी जोखिम रहता है। गरीबी निम्न सामाजिक स्थिति के लिये भी उत्तरदायी है जिसके कारण शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दुष्प्रभावित होता है।

असल में गरीबी के कारण उत्पन्न मानसिक बीमारियाँ भविष्य में आर्थिक उन्नयन के लिये किये जाने वाले प्रयत्नों के परिणामों को भी दुष्प्रभावित करती हैं। अवसाद और चिंता लोगों के सोचने-समझने के तरीके को प्रभावित करते हैं। परेशानी में ध्यान लगे रहने के कारण स्मृति में विकृति आती है। इस तरह के प्रभावों से आर्थिक प्राथमिकतायें किनारे हो जाती हैं। और इस प्रकार परेशानी में फंसे लोगों द्वारा लिये जाने वाले महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय गलत होने लगते हैं। गरीबी के कारण एकाग्रता की कमी और अधिक काम की थकान उत्पादकता को गिरा देती है। गरीबी-जन्य मानसिक बीमारी एक ऐसे सामाजिक कलंक को लगा देती है जिसके कारण आगे व्यक्ति को श्रम-बाजार में तवज्जो नहीं मिलती। मानसिक बीमारी के साथ अगर अन्य गैर-संचारी रोगों जैसे मधुमेह और दिल की बीमारी आदि की को-मोर्बिडिटी भी है तो उस व्यक्ति के जीवन में भयावह स्वास्थ्य व्यय की आशंका को बढ़ जाती है। मानसिक बीमारी युवाओं में शिक्षा और कौशल प्राप्त करने की दिशा में भारी बाधा उत्पन्न कर सकती है। महिलाओं में मानसिक बीमारियों का असमान रूप से अधिक प्रसार लैंगिक असमानताओं को बढ़ा देता है। माता-पिता की मानसिक बीमारी बच्चों के संज्ञानात्मक विकास और शैक्षिक गतिविधि को प्रभावित कती है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी मानसिक बीमारी और गरीबी के भंवर में फंसा सकती है। उपरोक्त वर्णन से स्पष्ट हो जाता है कि क्यों आयुर्वेद वैध तरीकों से धन कमाने की सलाह देता है।

आने वाले दशकों में मानसिक बीमारी का बोझ बढ़ने की आशंका है। हालांकि अमीर व्यक्तियों के मानसिक रूप से बीमार होने की संभावना कम होती है, लेकिन अमीर देशों में मानसिक बीमारी की दर कम नहीं हो रही है। कारण अनेक हैं। जलवायु परिवर्तन से मानसिक स्वास्थ्य खराब होने की आशंका, उच्च तापमान के दुष्प्रभाव से कृषि पैदावार में कमी या सूखा के कारण बारिश और पानी की आपूर्ति में परिवर्तन, मौसमी आपदाओं और हिंसक संघर्ष की आशंका बढ़ जाती है। गरीबी और मानसिक-शारीरिक स्वास्थ्य के संबंधों की इस भयावहता को देखते हुये ही आयुर्वेद धन कमाने और गरीबी दूर करने की सलाह देता है। इसीलिये आयुर्वेद में सुखायु और हितायु की ऐतिहासिक अवधारणा सर्वकालिक रूप से उपयोगी है।

सुखमायुः हितमायुः दोनों रणनीतियों को एक साथ आजीवन क्रियान्वित करना ही स्वास्थ्य और प्रसन्नता देता है क्योंकि स्वयं के लिये सुखकारी और समाज के लिये हितकारी जीवन जीने की साझा युक्ति सर्वोपरि है। इसीलिये सुखी व दुःखी और हितकारी व अहितकारी जीवन के लक्षणों का वर्णन आयुर्वेद में एक साथ आता है (च.सू.30.24):

**तत्र शारीरमानसाभ्यां रोगाभ्यामनभिद्रुतस्य विशेषेण यौवनवतः समर्थानुगतबलवीर्ययशः पौरुषपराक्रमस्य ज्ञानविज्ञानेन्द्रियेन्द्रियार्थबलसमुदये वर्तमानस्य**
**परमर्द्धिरुचिरविविधोपभोगस्य समृद्धसर्वारम्भस्य यथेष्टविचारिणः सुखमायुरुच्यते; असुखमतो**
**विपर्ययेण; हितैषिणः पुनर्भूतानां परस्वादुपरतस्य सत्यवादिनः शमपरस्य परीक्ष्यकारिणोऽप्रमत्तस्य त्रिवर्गं**
**परस्परेणानुपहतमुपसेवमानस्य पूजार्हसम्पूजकस्य ज्ञानविज्ञानोपशमशीलस्य**
**वृद्धोपसेविनःसुनियतरागरोषेर्ष्यामदमानवेगस्य सततं विविधप्रदानपरस्य**
**तपोज्ञानप्रशमनित्यस्याध्यात्मविदस्तत्परस्य लोकमिमं चामुंचावेक्षमाणस्य स्मृतिमतिमतो**
**हितमायुरुच्यते; अहितमतो विपर्ययेण॥**

तात्पर्य यह कि यदि व्यक्ति (1) शारीरिक और मानसिक रोगों से मुक्त है, (2) विशेषकर युवावस्था में है, (3) सभी कार्य करने में समर्थ है, (4) बल, वीर्य, यश, पराक्रम, जानकारी और यथार्थ ज्ञान, कौशल युक्त हो, और पाँचों इंद्रियों और उनसे संबंधित विषयों के बल के समुच्चय से युक्त है, (5) उत्तम धन-सम्पदा वाला है और उपभोग हेतु सभी वस्तुओं से संपन्न है व इन सबके उपभोग में सक्षम है, (6) प्रारम्भ किये सभी कार्य पूर्ण हो रहे हों, (7) स्वयं की इच्छा अनुसार विचरण कर सकता हो या चल-फिर सकता हो, ऐसे व्यक्ति का जीवन सुखी जीवन होता है। और इस सबके उलट यदि इन सबका अभाव हो तो दुःखी जीवन होता है। इसी प्रकार जो व्यक्ति (1) सभी प्राणियों का हितचिंतक, (2) दूसरे का धन ना छीनने वाला, (3) सत्य बोलने वाला, (4) शांतिप्रिय, (5) कार्यों को सोच विचार कर क्रियान्वित करने वाला और सावधान, (6) अर्थ, धर्म, काम जैसे पुरुषार्थ का पालन करने वाला, (7) श्रेष्ठ व्यक्तियों का सम्मान करने वाला, (8) ज्ञानशील, विज्ञानशील, शांतिशील, (9) बड़े-बूढ़ों की सेवा करने वाला, (10) राग, क्रोध, ईर्ष्या, मद, मान के वेगों पर उच्चकोटि का नियंत्रण रखने वाला, (11) निरंतर दानशील, (12) सदैव आत्म-नियंत्रण, ज्ञान, शांति, विनम्रता वाला, (13) आध्यात्म की समझ और पालन करने वाला, (14) लोक-परलोक का विचार करने वाला, स्मरण-शक्ति और बुद्धि से युक्त हो, ऐसे व्यक्ति की आयु हितकारी कही जाती है। इसके उलट अहितकारी कही जाती है। इन सभी कारकों को ध्यान से वर्गीकृत करने पर में सुखमायुः में स्वयं की उन्नित और हितमायुः में औरों की उन्नति और परोपकार स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है।

इस विचार-विमर्श का मूल सन्देश क्या है? मूल सन्देश यह है कि आयुर्वेद की सलाह मानकर गरीबी दूर करने के सभी उचित प्रयत्न करना चाहिये। यही सुखकारी और हितकारी जीवन जीने का रास्ता है।

**–अतिथि सम्पादक**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त तथा वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं )**

# अक्षरों की आवाज सुनानी होगी राजस्थान को

## विश्व साक्षरता दिवस पर विशेष



राजेन्द्र जोशी

**पाटी गई, कापी गई**
**गई पेंसिल अबकी बार**
**मिट गई आखर की धार**
**अब तो चेतो मेरी सरकार।**

शिक्षा और साक्षरता उतनी ही जरूरी है जितना मनुष्य को जीने के लिए हवा और पानी की जरूरत होती है। देश भर में साक्षरता अभियानों का डंका बजने के बाद पिछले एक दशक से राजस्थान में अक्षर की धार मिटने लगी है। राजस्थान के पास साक्षरता संचालन के लिए लम्बा-चौड़ा लवाजमा मौजूद है। ब्लॉक से राज्य स्तर तक सैकड़ो अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत है। स्थाई विभाग होने के बावजूद भी 2001 के बाद अक्षर की आवाज सुनाई नहीं दे रही। भारत सरकार की कार्य योजना के भरोसे हाथ पैर हाथ धरे बैठा राजस्थान पिछले एक दशक से निरक्षरता उन्मूलन के लिए खुद के बूते कोई बड़ी योजना नहीं बना सका। प्रदेश अपनी 36 प्रतिशत असाक्षर जनता को कब साक्षर करेगा।

राजस्थान में साक्षरता के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया था। लगभग 50 प्रतिशत महिला और 21 प्रतिशत पुरुष आज भी अक्षरों के आलोक से दूर हैं। शिक्षा और साक्षरता उतनी ही जरूरी है जितना मनुष्य को जीने के लिए हवा और पानी की जरूरत होती है। देश भर में साक्षरता अभियानों का डंका बजने के बाद पिछले एक दशक से राजस्थान में अक्षर की धार मिटने लगी है। राजस्थान के पास साक्षरता संचालन के लिए लम्बा-चौड़ा लवाजमा मौजूद है। ब्लॉक से राज्य स्तर तक सैकड़ो अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत है। स्थाई विभाग होने के बावजूद भी 2001 के बाद अक्षर की आवाज सुनाई नहीं दे रही। भारत सरकार की कार्य योजना के भरोसे हाथ पैर हाथ धरे बैठा राजस्थान पिछले एक दशक से निरक्षरता उन्मूलन के लिए खुद के बूते कोई बड़ी योजना नहीं बना सका। प्रदेश अपनी 36 प्रतिशत असाक्षर जनता को कब साक्षर करेगा। राजस्थान में साक्षरता के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया था। लगभग 50 प्रतिशत महिला और 21 प्रतिशत पुरुष आज भी अक्षरों के आलोक से दूर हैं। वर्तमान में संचालित नवभारत साक्षरता कार्यक्रम पूरी तरह डिजिटल कार्यक्रम है विचारणीय सवाल तो यह है कि असाक्षर को साक्षर बनाने के लिए स्लेट-पेंसिल और कॉपी की आवश्यकता होती है। जब तक असाक्षर ग्रुप के हाथ में यह सब नहीं हो तो ऐसे लोगों को साक्षर बनाने का डिजिटल तरीका समझ से परे है। और वह भी उन लोगों के भरोसे जो खुद अभी डिजिटल तकनीक से परिचित भी नहीं है।

साक्षरता अभियानों के संचालन में स्थानीय स्तर पर परिस्थितियों के अनुरूप कार्य योजना बनाई जानी चाहिए। यह कार्य संपूर्ण साक्षरता अभियान के दौरान किया गया जब प्रत्येक जिले की अपनी कार्य योजना थी, ऐसी कार्य योजनाओं के कारण ही साक्षरता प्रतिशत बढ़ा था। साक्षरता अभियानों की सफलता कार्यक्रम पर नहीं है, सरकारी दफ्तरों से ही संभव नहीं है बल्कि सघन वातावरण निर्माण से संभव होती है। 2047 में हमारे प्रधानमंत्री भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात कर रहे है। आत्मनिर्भरता संपूर्ण साक्षरता से ही संभव है। आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिला कार्य योजनाओं का निर्माण राजस्थान को करना चाहिए। भारतवर्ष में राजस्थान अकेला ऐसा प्रदेश है जिसके पास नियमित साक्षरता निदेशालय स्थापित है। शेष प्रदेशों में ऐसी गुणवत्ता नहीं होने के बावजूद वह हमसे अधिक साक्षरता दर में वृद्धि कर रहे हैं। अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर राजस्थान को संपूर्ण साक्षर बनाने का संकल्प एक बार फिर से दोहराना होगा।

**–राजेन्द्र जोशी,**
**शिक्षाविद-साहित्यकार**

# जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन पर चल रहे ''तरंग-शक्ति'' में ओपन-डे शो हुआ

## आसमान में भारतीय लड़ाकू विमान सुखोई-30, तेजस और हेलिकॉप्टर ने करतब दिखाए

**जोधपुर, (कासं)।** भारतीय वायु सेना का सबसे बड़ा अभ्यास तरंग-शक्ति (फेज-2) जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन पर चल रहा है। शनिवार को ओपन-डे शो हुआ। आसमान में भारतीय लड़ाकू विमान सुखोई-30, तेजस और हेलिकॉप्टर ने प्रचंड ने करतब दिखाए। सूर्यकिरण के 9 हॉक्स विमान ने आसमान में तिरंगा बनाया और

- **सूर्यकिरण के 9 हॉक्स विमान ने आसमान में तिरंगा बनाया और दर्शकों को रोमांचित किया**
- **एयरफोर्स स्टेशन पर भारत सहित 24 देशों के 400 जवानों ने सामूहिक योग किया**

दर्शकों को रोमांचित किया।

इससे पहले शनिवार सुबह छह बजे एयरफोर्स स्टेशन पर भारत सहित 24 देशों के 400 जवानों ने सामूहिक योग किया। एयरफोर्स स्टेशन पर हरक्यूलिस सी-130 विमान के सामने यूएई, सिंगापुर, ग्रीस, ऑस्ट्रेलिया, जापान, अमेरिका और श्रीलंका के जवानों ने प्राणायाम व आसन किए। वहीं सूर्यकिरण के 9 हॉक्स विमान ने यूथ को डेडिकेट करते हुए फॉर्मेशन बनाई। हेलिकॉप्टर प्रचंड ने जब आसमान में करतब दिखाए तो दर्शक रोमांचित हो उठे। सुबह 11 बजे ओपन-डे शो की शुरुआत में अग्निवीर वायु की महिला जवानों ने प्रस्तुति दी। इसके बाद फाइटर जेट ने करतब दिखाना शुरू किया। सबसे पहले स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस आसमान में उड़ा। तेजस ने करीब 10 मिनट तक आसमान में करतब दिखाए। तेजस के बाद सूर्यकिरण के हॉक्स विमान उड़े। ये दर्शकों के एकदम ऊपर से निकले तो सभी रोमांचित हो गए। सूर्यकिरण के 9 हॉक्स विमान ने लो लेवल फ्लाइंग की। धुएं से तिरंगा बनाया। इन विमान में बैठे विंग कमांडर हवा में एक-दूसरे को क्रॉस करते हुए अपने-अपने विमान को लेकर गए। हॉक्स विमान 360 डिग्री राउंड लेते हुए हवा में उड़े। सूर्यकिरण के 9 हॉक्स विमान ने यूथ को डेडिकेट करते हुए फॉर्मेशन बनाई। डीएनए और राइट एंड लेफ्ट फॉर्मेशन भी बनाई। इसके बाद सुखोई-30 एमकेआई ने उड़ान भरी। सुखोई-30 ने करीब 150 मीटर की ऊंचाई पर लूप और 180 डिग्री में उड़ते हुए वर्टिकल चार्ली फॉर्मेशन बनाया। हेलिकॉप्टर प्रचंड ने भी आकाश में कलाबाजियां दिखाईं। इंडियन एयरफोर्स की एयर वॉरियर ड्रिल टीम के 28 मेंबर ने हाथ में राइफल लेकर म्यूजिक पर परफॉर्मेंस दी।



**जोधपुर एयरफोर्स स्टेशन पर भारतीय वायु सेना के सबसे बड़े अभ्यास तरंग-शक्ति ( फेज-2 ) में आसमान में भारतीय लड़ाकू विमानों ने विभिन्न प्रकार के करतब दिखाये।**

# आरपीएससी ने जालसाजी पर लगाम के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में बदलाव किया

## अब वन टाइम रजिस्ट्रेशन के दौरान अभ्यर्थी को वेब केम के माध्यम से लाइव फोटो भी कैप्चर करनी होगी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षाओं में जालसाजी व फोटों टेंपरिंग कर आवेदन करने वाले व्यक्तियों पर लगाम के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया गया है। अब वन टाइम रजिस्ट्रेशन के दौरान अभ्यर्थी को वेब केम के माध्यम से लाइव फोटो भी कैप्चर करनी होगी, जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में वन टाइम रजिस्ट्रेशन में लाइव फोटो कैप्चर करवा रखी है, वे अभ्यर्थी भी पूर्व की फोटो अस्पष्ट होने की स्थिति में ओटीआर में लाइव फोटो कैप्चर करवा सकते हैं। उनके लिए ये अवसर एक बार ही उपलब्ध होगा। आयोग की इस कार्यवाही से डमी अभ्यर्थियों पर लगाम के साथ ही आवेदन के दौरान गलत फोटो अपलोड होने का बहाना देने वाले अभ्यर्थियों की भी प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित हो सकेगी। संशय की स्थिति में आयोग द्वारा परीक्षा दौरान की गई वीडियोग्राफी में उपस्थित अभ्यर्थी का मिलान ओटीआर में कैप्चर की गई फोटो से किया जा सकेगा। आयोग इस हेतु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी इस्तेमाल करेगा।

**लाइव फोटो कैप्चर की प्रक्रिया** :-अभ्यर्थी को अपने ओटीआर में ओटीआर ईकेवाईसी सेक्शन में जाकर लाइव फोटो कैप्चर लिंक पर क्लिक कर 5 सेकंड के टाइमर के बाद अपनी पलक दो-तीन बार झपकानी होगी। यदि फोटो बंद आंखों के साथ कैप्चर हो तो फोटो

- **जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में वन टाइम रजिस्ट्रेशन में लाइव फोटो कैप्चर करवा रखी है, वे अभ्यर्थी भी पूर्व की फोटो अस्पष्ट होने की स्थिति में ओटीआर में लाइव फोटो कैप्चर करवा सकेंगे**

पुनः कैप्चर करनी होगी। फोटो कैप्चर करते समय अभ्यर्थी को सीधा कैमरे की तरफ देखना होगा। यदि अभ्यर्थी चश्में का इस्तेमाल करता है तो फोटो चश्में के साथ ही कैप्चर करानी होगी। इसमें यह विशेष ध्यान रखा जाना होगा कि चश्में के ग्लास पर रोशनी के प्रतिबिंब के कारण फोटो अस्पष्ट अथवा चमक के साथ कैप्चर न हो। फोटो कैप्चर के दौरान अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना होगा कि फोटो साफ तथा सुस्पष्ट बैकग्राउंड के साथ हो। धुंधली अथवा अंधकारमय फोटो मान्य नहीं होगी। स्पष्ट फोटो कैप्चर होने तक अभ्यर्थी बार-बार सुस्पष्ट फोटो कैप्चर का प्रयास कर सकते हैं, किंतु एक बार ओटीपी के माध्यम से वेरिफिकेशन पश्चात फाइनल सब्मिट किये जाने के उपरांत इस सबंध में अवसर देय नहीं होगा। इसके बाद अभ्यर्थी द्वारा संबंधित चैक बाक्स में सही का निशान दर्ज कर यह प्रमाणित किया जाएगा कि ''मैने उपरोक्त सारे दिशा-निर्देश पढ़ लिए हैं एवं मुझे ज्ञात है कि आवेदन-पत्र एवं प्रवेश-पत्र पर इसी फोटो का प्रयोग किया जाएगा। फोटो के साफ एवं स्पष्ट न होने के कारण यदि मेरी पहचान सुनिश्चित नहीं हो पाती है तो मुझे परीक्षा से वंचित किया जा सकता है। बिना पर्याप्त रोशनी, अस्पष्ट, धुंधली, बंद आंख अथवा आड़ी-तिरछी फोटो होने पर मेरा आवेदन निरस्त किया जा सकता है, जिसकी समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।''

यह उल्लेखनीय है कि ऑनलाइन आवेदन करने वाले अभ्यर्थी के मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी को दर्ज करने पर ही ऑनलाइन आवेदन फाइनल सब्मिट होता है।

## राशिफल रविवार 8 सितम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

मार्गशीर्ष मास, शुक्ल पक्ष, पंचमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2081, स्वाती नक्षत्र दिन 3:31 तक, ऐन्द्रयन योग रात्रि 12:05 तक, बव करण प्रातः 6:48 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-तुला, मंगल-मिथुन, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-कन्या, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।


आज रवियोग दिन 3:31 से आरम्भ होगा। आज ऋषि पंचमी, भाई पांच, जैन संवत्सरी (पंचमी व्रत), रक्षा पंचमी, गुरू पंचमी है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:46 से 9:19 तक, लाभ-अमृत 9:19 से 12:25 तक, शुभ 1:57 से 3:30 तक।


**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:13, सूर्यास्त 6:36

### मेष

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।


### वृष

मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है। स्वास्थ्य में सुधार होगा। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।


### मिथुन

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।


### कर्क

घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। आवश्यक कार्यों के लिए जाना पड़ सकता है।


### सिंह


आज नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।


### कन्या

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। आवश्यक कार्यों के लिए बाहर जा सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।


### तुला

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। मनोरंजन पर धन खर्च हो सकता है।

### वृश्चिक

घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात वर्तमान में चल रही परेशानियां दूर होने लगेगी।

### धनु

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### मकर

अपने आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

### कुंभ

आज धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। शुभ-मांगलिक कार्य में भाग ले सकते हैं। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### मीन

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

# सिन्धी भाषा व साहित्य विकास के लिए बढ़ाएं गतिविधियां: देवनानी

## सिन्धु शोधपीठ की बैठक आयोजित



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बैठक ली।

**अजमेर, (कासं)।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि सिंधी भाषा एवं साहित्य का एक विपुल इतिहास रहा है। भाषा, वर्तनी एवं संस्कृति के दृष्टिकोण से सिन्धी सभ्यता बेहद समृद्ध है। इसे युवा पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए हमें और अधिक प्रयास करने होंगे। महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय की सिन्धु शोध पीठ अपनी गतिविधियों को और बढ़ाए तथा आमजन तक पहुंचाएं।

सिन्धी भाषा के विकास के लिए राष्ट्रीय सिन्धी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली एवं महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय की सिन्धु शोध पीठ के बीच हुए एम.ओ.यू. के प्रावधानों के तहत गठित निगरानी समिति की बैठक शनिवार को सम्पन्न हुई। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राष्ट्रीय सिन्धी भाषा विकास परिषद के विशेष आमन्त्रित सदस्य के रूप में भाग लिया। कुलपति प्रो. अनिल शुक्ला ने बैठक की अध्यक्षता की।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देवनानी ने कहा कि सिन्धी भाषा का एक समृद्ध एवं विपुल इतिहास रहा है। हमे इस भाषा के विकास और प्रचार-प्रसार के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। सिन्धु शोध पीठ अपनी गतिविधियों का और अधिक प्रचार-प्रसार करे।

उन्होंने कहा कि सिन्धु शोध पीठ अपना नियमित कैलेण्डर बनाए। इस कैलेण्डर में वर्ष भर की गतिविधियां शामिल हो। इन गतिविधियों से आमजन को जोड़ा जाए। अजमेर सहित विभिन्न स्थानों पर सिन्धु शोध पीठ अपनी गतिविधियों का आयोजन करे। सिन्धु शोध पीठ अपनी नियमित पुस्तिका का प्रकाशन करे। इसमें विषय विशेषज्ञों के लेख प्रकाशित किए जाएं। महापुरूषो से सम्बन्धित लेखों का प्रकाशन हो। सिन्धु शोध पीठ में खाली पड़े पदों को यथा शीघ्र भरा जाए।

बैठक में कुलपति प्रो. अनिल शुक्ला, निदेशक सुभाष चन्द एवं विशेषज्ञों ने अपने सुझाव रखे। इनमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुकूल पठन-पाठन, आयोजन तकनीक का उपयोग, सक्रियता बढ़ाने एवं अन्य सुझाव शामिल रहे। बैठक में रजिस्ट्रार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कार्यशाला आयोजित

**शाहपुरा, (निसं)।** प्र.सिं.बा. राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. पुष्करराज मीणा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय पोषण माह पर कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला के विषय की भूमिका कार्यक्रम प्रभारी अधिकारी प्रो. तोरन सिंह ने प्रस्तुत करते हुए बताया कि हमें बच्चे, किशोरियाँ, गर्भवती महिलाएँ एवं धात्री महिलाएँ के पोषण पर ध्यान देना होगा तभी जाकर सही पोषण और देश रोशन हो सकेगा।

प्राचार्य डॉ. पुष्करराज मीणा ने स्वयंसेवकों को बताया कि पोषण से सम्बन्धित हमें जनजागृति लानी होगी इसके लिए महाविद्यालय स्तर पर पोषण पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित करेंगे साथ ही बताया कि सभी विद्यार्थियों को नियमित रूप से आयरन की गोली एवं वर्ष में दो बार एल्बेण्डाज़ोल की गोली लेनी चाहिए और खाना खाने से पहले एवं शौच जाने के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोने चाहिए और व्यक्तिगत साफ-सफाई और स्वच्छता की आदत डालनी चाहिए। कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. हंसराज सोनी ने पोषण से सम्बन्धित प्रधानमंत्री पोषण योजना, एनीमिया मुक्त भारत अभियान, मध्याह्न भोजन योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की विस्तृत जानकारी दी।

### प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक : 27.08.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स गणनायक मार्बल्स, बोरावड भागीदारी पंजीयन सं. 17/20/2009/61 में दिनांक 29.04.2024 से निम्न परिवर्तन हुआ है :- मैसर्स गणनायक मार्बल्स के साझेदार श्री भंवर लाल पुत्र श्री मांगु राम व श्री विजय सिंह राजपुरोहीत पुत्र श्री भंवर लाल राजपुरोहीत साझेदार फर्म से रिटायर हो गये है । तथा श्री अमीत पुत्र श्री हिम्मत सिंह, श्री रवि राजपुरोहीत पुत्र श्री बहादुर सिंह राजपुरोहीत, श्रीमति सुनिता राजपुरोहीत पत्नी श्री नरपत सिंह राजपुरोहीत उक्त फर्म में साझेदार के रूप में यथावत रहे है । जिसके सबंध में साझेदारी विलेख में आवश्यक परिवर्तन सभी पक्षकारो की सहमति से कर दिया गया है। यह सूचना जनता के लिए प्रकाशित है। किसी को कोई एतराज हो तो रजिस्ट्रार ऑफ फर्म, नागौर में अपनी आपत्ति 7 दिनो के अन्दर अन्दर दर्ज कराये ।

मैसर्स गणनायक मार्बल्स, बोरावड
भागीदार

### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

न.नि.अ/24-25/भवन/412 दिनांक: 29/08/2024

**आपति सूचना**

श्रीमती कविता तोलानी पत्नी श्री गिरधारी लाल निवासी 1-क-45 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी झूलेलाल मंदिर के पास अजय नगर अजमेर द्वारा एक सम्पति जिस पर एएमसी नं. 720 सी/26 का भाग है जो वाके सोमलपुर रोड अजयनगर, अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 39.55 व.मी. है। भूमि के मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानसार हैं।

पूर्व - इसी ए.एम.सी न की अन्य भाग सम्पति श्री पारुमल की    पश्चिम - 60 फुट चौड़ा रोड
उत्तर - अन्य की सम्पति    दक्षिण - सम्पति का भाग दुकान गुरु प्रोपटी ईश्वरदास की है

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जायेगा।

उपायुक्त नगर निगम, अजमेर

### कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला - भीलवाडा (राजस्थान)

भीलवाडा रोड रोडवेज बस स्टेण्ड के पास

E-Mail ID-combgbp@yahoo.in npbgulabpura@gmail.com Telephone No. 01483-223079

क्रमांक/न0पा0गु0/कृषि भूमि / 2024 /834-37 आपति आमंत्रण सूचना दिनांक 6.9.2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि नियमन के तहत् पट्टे प्राप्त किए जाने के लिए निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुए है जिसके निस्तारण किए जाने में किसी आम-खास/संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस में लिखित रूप से आपतिकर्ता मय अपने दस्तावेजो के इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी आपति दर्ज करवा सकते हैं। बाद मियाद आवेदक (अन्तिम क्रेता) के पक्ष में नियमन की कार्यवाही कर दी जावेगी।

कृषि भूमि नियमन

| क्र सं | रजिस्टर क्रमांक | दिनांक | नाम आवेदक | खसरा नं. | भूखण्ड संख्या | साईज | क्षेत्रफल वर्गगज | इकरारनामा /रजिस्ट्री |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 153 | 22.08.24 | श्री चेतनदास पेशवानी पुत्र श्री चूहडमल पेशवानी | 794/3 | 07 | 25×40 | 111.11 | इकरारनामा |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका गुलाबपुरा

### कार्यालय प्रधानाचार्य पूसीबाई राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय

सरवाड, जिला-केकडी-305403

ggsssarwar@gmail.com Ph. 01496-230199

क्रमांक : प्रधानाचार्य/पू.बा.रा.बा.उ.मा.वि./सरवाड/ 94 दिनांक: 4.09.24

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्थानीय शाला के अनुपयोगी/नकारा सामान लोहे, लकड़ी, प्लास्टिक, स्टील, रद्दी, पंखे, बर्तन इत्यादि सामग्री की निलामी दिनांक 18.9.2024 को प्रातः 11.30 बजे रखी गई है। निलामी से संबंधित शर्ते स्थानीय विद्यालय के सूचना पट्ट या spp पोर्टल पर कभी भी देखी जा सकती है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म /व्यापारी तय दिनांक को निलामी में शामिल हो सकते है।

निलामी स्थल :- विद्यालय भवन कुम्हार मोहल्ला स्थित पूसीबाई रा.बा.उ.मा.वि. spp पोर्टल NIB NO EED2425A0433

प्रधानाचार्य
पूसीबाई रा.बा.उ.मा.वि. सरवाड, (जिला-केकडी) राज.

# दूध डेयरी की गाड़ी से 80 हजार रुपए चोरी

**अजमेर, (कासं)।** सरस दूध डेयरी का दूध सप्लाई करने वाली गाड़ी की केबिन का लॉक तोड़कर दीपक तथा लक्की गुर्जर नामक युवक 80 हजार रुपए चोरी करके ले गये। पीड़ित गाड़ी मालिक विज्ञान नगर निवासी दीपेंद्र की शिकायत पर रामगंज थाना पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज करके चोरों की तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच कर रहे रामगंज थाने के हेड कांस्टेबल प्रकाश चंद भाटी ने बताया कि विज्ञान नगर निवासी दीपेंद्र पुत्र लक्ष्मण ने शिकायत दी है कि दिनांक 1 सितंबर को खानपुरा स्थित दूध डेयरी में उसकी दुग्ध परिवहन गाड़ी खड़ी थी जिसकी केबिन में बने लॉकर के अंदर दूध सप्लाई से मिलने वाली रकम 80 हजार रुपए रखे हुए थे।

रात्रि के समय दीपक और लक्की गुर्जर ने उसकी केबिन का ताला तोड़ दिया और लॉकर को भी तोड़कर उसमें रखे पैसे निकाल लिए और लेकर चंपत हो गए। कल जब रुपए जमा करने के लिए उसने केबिन संभाली तो लॉकर टूटा मिला और रुपए भी गायब मिले। इस शिकायत पर पुलिस ने दीपक और लक्की गुर्जर के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

## 14.50 लाख की धोखाधड़ी

**अजमेर, (कासं)।** माइंस में पार्टनरशिप के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। कोतवाली थाना पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर आरोपी लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। 28 फरवरी 2022 से लेकर 30 मार्च 2022 के मध्य उन्हें कीर्ति वर्धन, सुभाष और हेमंत ने माइंस में पार्टनरशिप के तहत पार्टनर बनाने के नाम पर उनसे 14 लाख 50 हजार रुपए लिए थे, लेकिन न तो उन्होंने उन्हें माइंस में पार्टनरशिप दी और ना ही माइंस से होने वाले लाभों में उन्हें हिस्सेदार बनाया गया।

# कांग्रेसियों ने सेवा कार्य कर मनाया पायलट का जन्मदिन



गौशाला में गायों को को गुड,हरा चारा खिला कर दीर्घायु की कामना की।

**अजमेर, (कासं)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट का 47वां जन्म दिन शनिवार को अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में गौ सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर नारेली तीर्थ स्थित गौशाला में गौ पूजा कर गायों को गुड़ चारा अर्पित कर पायलट के दीर्घायु की कामना की। एनएसयूआई अजमेर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं तथा छात्र-छात्राओं ने रक्तदान कर सेवा का संकल्प लिया।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के 47वें जन्म दिन शनिवार अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में गौ सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया। शहर भर में विभिन्न संगठनों द्वारा आयोजन कर पायलट का जन्मदिन सेवा कार्य कर मनाया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष नसीम अख्तर इंसाफ, प्रदेश सचिव रश्मि हिंगोरानी, रेनू मेघवंशी, सुनील लारा, महेंद्र सिंह रलावता, शिव प्रकाश गुर्जर, पूर्व विधायक नाथूराम सिनोदिया, हाजी इंसाफ अली, प्रताप यादव, गिरधर तेजवानी, सौरभ बजाड, शिवकुमार बंसल, नरेश सत्यवाना, आरिफ हुसैन, श्याम प्रजापति राकेश शर्मा, निर्मल बेरवाल, राकेश धाबाई, कैलाश कोमल, दिनेश के शर्मा, अब्दुल फरहान, भगवान सिंह चौहान, सोनल मौर्य मीनाक्षी यादव, सुनील धानका, बीरम सिंह रावत, कपिल सारस्वत, नितिन जैन, मनीष सेठी, हमीद चीता, रेखा पींगोलिया, धर्मेंद्र नागवाल, मनीष शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**एनएसयूआई रक्तदान शिविर का आयोजन:-** एनएसयूआई के पदाधिकारी व रक्तदान शिविर के संयोजक हनीष मारोठिया एवं लक्की जैन ने बताया कि पीडित मानव की सेवा के लिए आयोजित रक्तदान शिविर में राजकीय जनाना चिकित्सालय अजमेर राजस्थान ब्लड बैंक एवं विद्यापति ब्लड बैंक की टीमों ने ब्लड संग्रहण किया। शिविर में 201 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया है। शिविर में 1000 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने अपना ब्लड ग्रुप की जांच करवा कर भविष्य में आवश्यकता पडने पर लाइव रक्तदान करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन, शिव प्रकाश गुर्जर, द्रोपती कोली, सौरभ बजाड, शिवकुमार बंसल, सागर मीणा , चंदन सिंह, लक्ष्मी धौलखडिया, निर्मल बेरवाल, लक्ष्मी बुन्देल, मनीष सेठी, पवन, पायल सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने रक्तदाताओं को पुरस्कृत किया।

### कार्यालय नगरपालिका, पुष्कर जिला अजमेर, राजस्थान

क्रमांक / नपा / भूमि / 2024 / 1168 दिनांक-04-09-2024

उजरदारी सूचना

एतद्व द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा 69-ए पट्टा हेतु आवेदन पेश किया है। अतः आवेदक के बख्शीशशुदा/खरीदशुदा सम्पत्ति हक हकूक एवं मालिकाना स्वामित्व संबंधी किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय प्रमाण प्रस्तुत करें। आपत्ति समयावधि बाद प्रस्तुत करने पर मान्य नहीं होगी तथा पालिका द्वारा नियमानुसार 69 ए पट्टे की कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जायेगी, जिसके बाद में कोई आपत्ति/उजर मान्य नहीं होगा। भवन निर्माण स्वीकृति का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र स | आवेदक का नाम मय पिता/पति | स्थान जहाँ सम्पत्ति स्थित है | चतुर्थी सीमा | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती शांति पाराशर पत्नि स्व. श्री कैलाश चंद काला | कबीर मंदिर के पास, बडी बस्ती पुष्कर | पूर्व- श्री शिवजी काला की सम्पत्ति<br>पश्चिम- राव समाज मंदिर<br>उत्तर- कृष्णा विलास फैक्ट्री<br>दक्षिण- रास्ता व श्री गिरिराज पाराशर व श्री शिंदू पाराशर की सम्पत्ति | 296.00 वर्गगज |

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका पुष्कर

# डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ से मारपीट व अभद्र व्यवहार को लेकर धरना दिया

**बिजयनगर, (निसं)।** शुक्रवार रात्रि को राजकीय उपजिला चिकित्सालय में डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ के साथ हुई मारपीट व अभद्र व्यवहार को लेकर शनिवार को चिकित्सा कर्मियों ने कार्य का बहिष्कार करते हुए चिकित्सालय परिसर में धरना दिया। चिकित्सा कर्मियों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान जमकर नारेबाजी करते हुए आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात्रि को एम्बुलेंस में कार्यरत संविदाकर्मी शैलेंद्र सिंह के भाई को अंगूठे पर चोट लगने पर इलाज के लिए राजकीय अस्पताल पहुंचा। ड्यूटी पर तैनात नर्सिंगकर्मी पुनीत पारीक ने महरम पट्टी करते हुए ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक अरुण को दिखाने की बात कही, जिससे नाराज होकर शैलेंद्र सिंह ने गाली गलौच करते हुये मारपीट शुरू कर दी। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार आरोपी 15 से 18 लोगों को लेकर राजकीय चिकित्सालय पहुंचा। राजकीय उप जिला चिकित्सालय प्रभारी राजेंद्र शर्मा ने देर रात पुलिस थाना पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज करवाई। शनिवार को बीती रात राजकीय उप जिला चिकित्सालय में हुई वारदात से आक्रोशित चिकित्सा कर्मियों ने चिकित्सा कार्य का बहिष्कार करते हुए धरना प्रदर्शन किया। शनिवार को मध्यान्ह पश्चात नायब तहसीलदार रामनरेश शर्मा, थानाधिकारी राजमल कुमावत ने धरने पर बैठे चिकित्सा कर्मियों से समझाइश की।

### कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.वि/निर्माण स्वी./2024/2811 **आम सूचना** दिनांक : 5.9.2024

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस मे मय सबूत के अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपति प्रस्तुत कर सकते है, बाद मियाद, गुजरने पर कोई उज्र / आपति मान्य नहीं होगी।

भवन निर्माण

| फाइल नं. | आवेदनकर्ता का नाम | भूखण्ड का विवरण | भूखण्ड का नाप | प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|
| 71 | अमित पारख पुत्र अजीत सिंह पारख | सालासर दरबार सिटी नगर बिजयनगर ख.सं. 63/1 भू.सं. 36 | 153.285 SQ.MTR | आवासीय |
| 72 | अशोक कुमार नाबेडा पुत्र रूपसिंह नाबेडा | रिद्धी सिद्धी कॉलोनी बडा आसन ख.सं. 243/1 नया ख.सं. 654/243 भू.सं. 17 | 130.640 SQ.MTR | आवासीय |
| 73 | मधु जैन पत्नी नरेन्द्र कुमार जैन | बजरंग कॉलोनी बिजयनगर म्यू.नं. 10/1023 प्लाट नं. 39 (ए) | 86.397 SQ.MTR | आवासीय |
| 74 | संतोष जैन पत्नी सुरेन्द्र जैन नितेश जैन पुत्र सुरेन्द्र जैन | सरोजकीर्ति नगर बरल द्वितीय ख.सं. 1015 भू.सं. 48 का दक्षिणी हिस्सा प्रा.नं. बी-48 व भू.सं. 49 का दक्षिणी-पूर्वी हिस्सा प्रा.नं. 49-सी | 92.90 SQ.MTR | आवासीय |
| 76 | गीता पत्नी रमेशचन्द शर्मा | प्रतापनगर विस्तार बिजयनगर ख.सं. 150 से 153 भू.सं. सी -12 | 116.125 SQ.MTR | आवासीय |

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका बिजयनगर

### NAME CHANGE

I, SAGAR KUMAR JENA is son of Army No. JC-773830L Rank:- SUB Name:- ROMESH CHANDRA JENA, Residing At Village & Post:- AREIKANA,Teh:- DHARAMSHALA, Dist:- JAJPUR, State:- ODISHA, Pin:- 755008 have change my DOB from 15/04/2001 to 10/03/2000 vide Affidavit No.BW 150797 Dated 06/09/2024 before Court campus Nasirabad

### NAME CHANGE

I, SASMITA JENA is Spouse of Army No. JC-773830L Rank:- SUB Name:- ROMESH CHANDRA JENA, Residing At Village & Post:- AREIKANA,Teh:- DHARAMSHALA, Dist:- JAJPUR, State:- ODISHA, Pin:- 755008 have change my DOB from 15/08/1980 to 01/06/1980 vide Affidavit No. BW 150796 Dated 06/09/2024 before Court campus Nasirabad

LSG/BEAWAR/MUT/2024-25/101882 DATE :-06-09-2024 

### कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25/6338 दिनांक: 06-09-2024

**सार्वजनिक सूचना**

श्री अशोक कुमार बाबेल पुत्र श्री जौहरी लाल बाबेल निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 3, मेवाडी बाजार म्यु. नं. 31 का भाग ग्राउण्ड फलोर दुकान क्षेत्रफल 54.33, वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री सुनील कुमार पुत्र श्री जौहरी लाल व अन्य के नाम दर्ज है। रजि बख्शीश-नामा दिनांक 12.08.2024, व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर कुमार पुत्र श्री जौहरी लाल नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध मे किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

आयुक्त, नगर परिषद, ब्यावर

# गौवंश तस्करी में वांछित दो आरोपी गिरफ्तार



आरोपी बाबूलाल व शईद को गिरफ्तार किया।

**ब्यावर, (निसं)।** थानाधिकारी मसूदा गणपत राम उप निरीक्षक व टीम द्वारा गौवंश तस्करी में लिप्त वांछित आरोपी बाबूलाल बंजारा व शईद को गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की।

गौरतलब है की 30.अगस्त को रात्रि 08.30 बजे अभय कमाण्ड सेंटर अजमेर से सूचना मिली कि ग्राम कुशलपुरा मे गांव के कुछ लोग एक कंटेनर मे गाय व बछडो को अवैध रूप से भरकर कत्लखाने ले जा रहे है। जिस पर थाना मसूदा का पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा।वहां देखा गया की एक गड्ढे मे कुछ गौवंश के पैर व मुंह बंधे हुए थे तथा एक दूसरे के नीचे दबने से 10 गौवंश की मृत्यू हो गई थी व कुछ बछडे गंभीर रूप से घायल हो रखे थे। मौके पर मौजूद लोगो ने बताया कि इन गौवंश को कत्लेखाना मे लेकर जाने के लिए कंटेनर नंबर एचआर 61 डी 6201 मे भरे जा रहे थे वर्तमान में कंटेनर किराप-जामोला सडक के बांयी तरफ गड्ढे में फंसा हुआ है। जिस पर कंटेनर के पास जाकर देखा तो कंटेनर क्षितग्रस्त होकर एक गड्ढा में फंसा हुआ था। वाहन कंटेनर चालक शईद व खलासी बाबूलाल बंजारा जिनके शरीर पर चोटे आने से दोनो को राजकीय चिकित्सालय मसूदा में प्राथमिक उपचार करवाया गया।

उपचार के बाद दोनो आरोपीयो को चिकित्सालय मसूदा से थाने ले जाते समय चलती गाडी से कूदकर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गये। जिस पर प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। प्रकरण में लिप्त चार आरोपियो को पूर्व मे गिरफ्तार किये जा चुके है। उक्त मामले में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीमो का गठन किया जाकर व असूचना संकलन कर व तकनीकी साक्ष्यो की मदद से आरोपियों को दस्तायाब कर बाद अनुसंधान गिरफ्तार किये गये। दोनों आरोपियों मुल्तानपुरा पुलिस थाना वाईडी नगर जिला मंदसौर (मध्यप्रदेश)निवासी सईद पुत्र मुस्ताक जाति मुसलमान उम्र 31 साल और थाना पारोली जिला शाहपुरा-निवासी बाबूलाल पुत्र मेंबर जाति बंजारा उम्र 29 साल से गहन पूछताछ ज़ारी है।पुलिस टीम में सुरेन्द्रसिंह पुलिस निरीक्षक, गणपत राम उप निरीक्षक,पांचूलाल सहायक उप निरीक्षक कांस्टेबल विकम, अशोक, खेमाराम आदि थे।



**एसपी बनने के बाद भी देवेन्द्र कुमार बिश्नोई अपने स्कूली शिक्षक को आज भी नहीं भूले हैं। 1977 में केंद्रीय विद्यालय संख्या एक बीकानेर में पीटीआई रहे, किशनगढ़ में रह रहे मोहम्मद युसुफ से शिक्षक दिवस पर बिश्नोई ने पैर छूकर एवं उनका मुंह मिठा करवाकर उनका आशीर्वाद लिया और अपने स्कूल के दिनों को याद किया।**

### बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda

सुभाष नगर शाखा, विनोद एजेंसी, प्रदीप पेट्रोल पम्प के सामने, अजमेर रोड, सुभाष नगर, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान 311001
फोन: 01482-230557, ई-मेल: subbhi@bankofbaroda.com

**प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8( 1 ) देखें]**
**कब्जा सूचना ( अचल सम्पत्ति के लिए )**

जबकि

निम्नहस्ताक्षरकर्ता **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ( 2002 का अधिनियम संख्यांक 54 ) के अंतर्गत और धारा 13( 12 ) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **स्व. श्री गणेश लाल बैरवा पुत्र श्री घीसू लाल बैरवा जरिये कानूनी वारिस श्रीमती सीता बाई पत्नी स्व. श्री गणेश लाल बैरवा एवं सह-ऋणी श्रीमती नन्दू देवी बैरवा पत्नी श्री घीसू लाल बैरवा** पर मांग सूचना **दिनांक 19.06.2024** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 18.06.2024 को बकाया राशि रू. 13,80,321.47 ( रूपये तेरह लाख अस्सी हजार तीन सौ इक्कीस एवं पैसे सैंतालीस मात्र ) ( दिनांक 16.06.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 02, माह सितम्बर, वर्ष 2024** को उक्त अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 18.06.2024 को बकाया राशि रू. 13,80,321.47 ( रूपये तेरह लाख अस्सी हजार तीन सौ इक्कीस एवं पैसे सैंतालीस मात्र ) ( दिनांक 16.06.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, सुभाष नगर शाखा, विनोद एजेंसी, प्रदीप पेट्रोल पम्प के सामने, अजमेर रोड, सुभाष नगर, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान 311001** के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्रीमती नन्दू देवी बैरवा पत्नी श्री घीसू लाल बैरवा के नाम आवासीय प्लॉट जो आराजी नं. 2580, शिव मंदिर के पास, कनवा खेड़ा, शास्त्री नगर, भीलवाड़ा, राजस्थान 311001 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 1349.00 वर्ग फीट है। सीमाएं- उत्तर: सुकाति चाचा, दक्षिण: श्याम लाल सैन, पूर्व: लादू बैरवा, पश्चिम: रोड 30 फीट चौड़ी

दिनांक: 02.09.2024 हस्ता.
स्थान: भीलवाड़ा मुख्य प्रबन्धक एवं प्राधिकृत अधिकारी

### बैंक ऑफ बड़ौदा Bank of Baroda

सुभाष नगर शाखा, विनोद एजेंसी, प्रदीप पेट्रोल पम्प के सामने, अजमेर रोड, सुभाष नगर, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान 311001
फोन: 01482-230557, ई-मेल: subbhi@bankofbaroda.com

**प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8( 1 ) देखें]**
**कब्जा सूचना ( अचल सम्पत्ति के लिए )**

जबकि

निम्नहस्ताक्षरकर्ता **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ( 2002 का अधिनियम संख्यांक 54 ) के अंतर्गत और धारा 13( 12 ) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **श्री यश राज खटीक पुत्र श्री भैरू लाल खटीक एवं सह-ऋणी श्रीमती सुमित्रा खटीक पत्नी श्री यश राज खटीक** पर मांग सूचना **दिनांक 19.06.2024** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 18.06.2024 को बकाया राशि रू. 20,78,612.50 ( रूपये बीस लाख अठहतर हजार छह सौ बारह एवं पैसे पचास मात्र ) ( दिनांक 16.06.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 02, माह सितम्बर, वर्ष 2024** को उक्त अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 18.06.2024 को बकाया राशि रू. 20,78,612.50 ( रूपये बीस लाख अठहतर हजार छह सौ बारह एवं पैसे पचास मात्र ) ( दिनांक 16.06.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, सुभाष नगर शाखा, विनोद एजेंसी, प्रदीप पेट्रोल पम्प के सामने, अजमेर रोड, सुभाष नगर, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान 311001** के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री यश राज खटीक पुत्र श्री भैरू लाल खटीक के नाम आवासीय प्लॉट नं. ई-238, आराजी नं. 358, सुभाष नगर, राजस्व गाँव मलान, भीलवाड़ा, राजस्थान 311001 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 514.98 वर्ग फीट है। सीमाएं- उत्तर: प्लॉट नं. ई-202, दक्षिण: रोड 17 फीट चौड़ी, पूर्व: प्लॉट नं. ई-239, पश्चिम: प्लॉट नं. ई-237

दिनांक: 02.09.2024 हस्ता.
स्थान: भीलवाड़ा मुख्य प्रबन्धक एवं प्राधिकृत अधिकारी

### आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाके ग्राम-बरल दोयम में स्थित भूमि खसरा संख्या 1263 व 1264 में स्वीकृत आर0के0 कॉलोनी विस्तार में स्थित आवासीय लीज होल्ड पट्टाशुदा प्लॉट संख्या 19 है, जो कि वर्तमान में मेरी मुवक्किला श्रीमती मधु जैन पत्नि श्री सुशीलचन्द जैन, निवासी-कमला फैक्ट्री बिजयनगर, तहसील-बिजयनगर, जिला अजमेर हाल ब्यावर के नाम पर है। उक्त सम्पति प्लॉट संख्या 19 बावत कोई भी दस्तावेज विक्रय, बख्शीश आदि किया गया हो तथा उक्त सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का वाद-विवाद उज़ एतराज, आपत्ति हो तो मुझे यह विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक से 07 दिवस की अवधि में लिखित में सूचित करे। अन्यथा वाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य व स्वीकार्य नहीं होगी।

भवदीय
अशोक उपाध्याय-एडवोकेट ईगल ला फर्म मो. नं. 94616-71114

### कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

**लोक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री चौथी राम मीना पुत्र श्री रघुनाथ जाति मीना निवासी - पंचशील नगर माकड़वाली अजमेर की ग्राम घूघरा के वर्किंग खसरा नम्बर 289 मे क्षेत्रफल 213.88 वर्गगज के भूखण्ड सं. 25 की पत्रावली नियमन (लीज डीड पट्टा) हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त भूखण्ड की भूमि आवेदक श्री खेताराम चौहान पुत्र श्री कस्तुरा राम चौहान जाति दर्जी निवासी गोविन्द नगर रामगंज अजमेर ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 11.12. 2007 को श्री सन्तोषी लाल पुत्र पुंजा जाति मीणा निवासी ग्राम व पोस्ट सज्जन गढ़ जिला बांसवाड़ा, को बेचान किया। श्री सन्तोषी लाल ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 16.08.2024 को श्री चौथी राम मीना पुत्र श्री रघुनाथ जाति मीना को बेचान किया। उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र मे विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है। अतः किसी भी हितबद्धधारी को इस नियमन के संबंध मे आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति कार्यालय मे लिखित रूप से प्रस्तुत करावें अन्यथा 7 दिवस गुजर जाने के बाद कोई आपत्ति मान्य नही होगी व नियमानुसार नियमन की कार्यवाही कर दी जायेगी ।

( उपायुक्त उत्तर), अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

# स्पेशल ओलंपिक भारत की नेशनल बूची प्रतियोगिता में मीनू स्कूल की हर्षिता हाडा ने जीता ब्रॉन्ज मेडल

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान महिला कल्याण मंडल द्वारा संचालित मीनू स्कूल, चाचियावास की दिव्यांग छात्रा हर्षिता हाडा ने स्पेशल ओलंपिक भारत के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय बूची प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल जीता। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 1 से 5 सितंबर 2024 तक अटल बिहारी वाजपेयी दिव्यांग खेल प्रशिक्षण केंद्र, ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में आयोजित की गई, जिसमें 27 राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

हर्षिता हाडा ने राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए बूची गेम में भाग लिया और अपने अद्वितीय खेल कौशल के बल पर ब्रॉन्ज मेडल और प्रमाण पत्र अर्जित किया। मीनू स्कूल की मुख्य कार्यकारी अधिकारी, क्षमा आर. कौशिक, और निदेशक, राकेश कुमार कौशिक ने जानकारी दी कि स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा जोधपुर में आयोजित सलेक्शन कैंप में मीनू स्कूल के चार खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इन चार में से हर्षिता हाडा को राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य खिलाड़ी के रूप में चयनित किया गया, जबकि चिरंजीव माथुर को वैकल्पिक खिलाड़ी के रूप में चुना गया।

विद्यालय की खेल कोच मंजुला कंवर ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने प्रशिक्षु हर्षिता को इस बड़ी उपलब्धि तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी सराहनीय भूमिका के लिए उन्हें भी राष्ट्रीय प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि में विशेष मार्गदर्शन और सहयोग के लिए स्पेशल ओलंपिक भारत राजस्थान के स्टेट डायरेक्टर, डॉ. भगवान सहाय शर्मा, और संस्था के सदस्यों, तरुण शर्मा, अनुराग सक्सेना, ईश्वर शर्मा, और नेमीचंद वैष्णव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बीसलपुर बांध में पानी की आवक जारी, छह गेट खोले

## बांध के कैचमेंट एरिया में हो रही लगातार बारिश के कारण बनास नदी में पानी की आवक तेजी से बढ़ रही है

**देवली/टोंक,** (निसं)। जयपुर, अजमेर और टोंक की लाइफ लाइन बीसलपुर बांध में पानी की आवक जारी है। बीसलपुर बांध में पानी का स्तर लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को

- **त्रिवेणी पुलिया पर बनास नदी का गेज चार मीटर चल रहा है, पीपलू उपखंड क्षेत्र में लगातार बारिश के चलते नदी, नाले एक बार फिर उफान पर**
- **शनिवार को बीसलपुर बांध के 6 गेट 2-2 मीटर तक खोलकर 72120 क्यूसेक पानी बनास नदी में छोड़ा गया**


बीसलपुर बांध में पानी की आवक जारी रहने से शनिवार सुबह छह गेट खोले।

बीसलपुर बांध के 6 गेट 2-2 मीटर तक खोलकर 72120 क्यूसेक पानी बनास नदी में छोड़ा गया, लेकिन रात्रि 8:30 बजे बांध में पानी की आवक की गति धीमी हो जाने के कारण चार गेटों की ऊंचाई को घटाकर एक-एक मीटर कर दिया है जिससे कि रात्रि 8:30 बजे 45255 क्यूसेक पानी छोड़ना शुरू कर दिया है।

बीसलपुर परियोजना निर्माण खंड तृतीय के अधिशासी अभियंता मनीष बंसल ने बताया कि शुक्रवार को बीसलपुर बांध में भराव क्षमता तक पानी की आवक हो जाने के बाद बीसलपुर बांध के चार गेट खोलकर 54090 क्यूसेक पानी टोंक की ओर बनास नदी में छोड़ गया था। ऐसे में शनिवार को भी त्रिवेणी का गेज चार मीटर पर बना रहा। जिससे बीसलपुर बांध में लगातार पानी की अच्छी आवक होने के कारण शनिवार को बीसलपुर बांध के छह गेट दो-दो मीटर तक खोलकर 72120 क्यूसेक पानी बनास नदी में छोड़ा गया। शनिवार को बीसलपुर बांध के गेट संख्या 9, 10 को दो दो मीटर और 11, 12 इन सभी को दो-दो मीटर तक खोलकर प्रत्येक गेट से 12020 क्यूसेक पानी की निकासी करवाई गई है। बाकी गेट 7, 8, 11, 12 को एक-एक मीटर कर दिया गया है। परियोजना के अधिकारी बंसल ने यह भी बताया कि ऊपरी माल पर अच्छी बारिश की संभावना अभी बनी हुई है। ऐसे में बांध में पानी की आवक हो रही है।

इसी प्रकार पीपलू उपखंड क्षेत्र में लगातार बारिश के चलते नदी, नाले एक बार फिर उफान पर आ गए। कस्बे से नाथड़ी रपट के ऊपर से शुक्रवार देर रात पानी बहने लगा। शनिवार सुबह पानी का बहाव तेज में लोग जोखिम लेकर पार करते नजर आए। इसकी सूचना मिलने पर पीपलू थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों तरफ अवरोधक लगाकर रास्ता बंद किया। दोपहर तक पानी कम होने पर कुछ देर आवागमन चला।


# उदयपुर का फतहसागर छलका, चारों गेट छह-छह इंच खोले

## जिला कलेक्टर ने पूजा-अर्चना कर फतहसागर के गेट खोले, सीसारमा नदी आज भी चार फीट के वेग से बह रही है

**उदयपुर,** (कासं)। शहर की हार्टबिट फतहसागर झील शनिवार दोपहर को छलक गई। इसके छलकने की खुशी में सैकड़ों की संख्या में लोग चादर देखने स्थल पर पहुंचे। इधर शहर में सुबह उमस के बाद दोपहर में बारिश

- **13 दिन में झीलों की स्थिति बदली, सभी लबालब**

हुई। तापमान दो डिग्री और चढ़कर 32.2 डिग्री पर जा पहुंचा। वहीं शाम पांच बजे तक उदयपुर शहर में 2 मिमी, उदयसागर 28 मिमी, वल्लभनगर में 22 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। शेष जिले में कहीं बारिश के समाचार नहीं मिले है। इधर, सीसारमा नदी आज भी चार फीट के वेग से बह रही है। स्वरूपसागर के चारों गेट और कम होकर अब छह-छह इंच खुले हुए है। वहीं फतहसागर झील के 13 फीट क्षमता पार करने के बाद इसके चारों गेट भी 6-6 इंच खोल दिए गए। आयड़ नदी में प्रवाहित होकर यह पानी उदयसागर जा रहा है। उदयसागर झील में लगातार आवक को देखते हुए चौथे दिन भी उसके दोनों गेट सात-सात फीट खुले रहे। 24 अगस्त से शुरू हुई बारिश ने शहर की सभी झीलों को लबालब कर दिया है।


उदयपुर की फतहसागर झील छलकने पर इसके चारों गेट 6-6 इंच खोल दिए गए।

शनिवार को गणेश चतुर्थी के सुअवसर पर जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल ने सैंकड़ों शहरवासियों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना कर फतेहसागर के गेट खोले। इसके साथ ही समूचा उदयपुर खुशी से झूम उठा। उदयपुर में गत दिनों हुई लगातार बारिश से झीलों में तेजी से पानी की आवक हो रही है। गत दिनों पिछोला झील के लबालब होने पर स्वरूपसागर के गेट खोले गए थे। इससे फतहसागर का जलस्तर लगातार बढ़ रहा था। शनिवार को फतहसागर का जलस्तर 13 फीट होने के बाद दोपहर 1 बजे गेट खोलने की घोषणा की गई। दोपहर ठीक एक बजे आमजन को अलर्ट करने के लिए सायरन बजाया गया। इसके साथ ही सुरक्षाकर्मियों ने डाउन स्ट्रीम का जायजा लिया, ताकि पानी के बहाव से जनहानि नहीं हो।

इसके पश्चात जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल, उदयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त राहुल जैन, अतिरिक्त मुख्य अभियंता संजीव शर्मा आदि ने विधिवत पूजा अर्चना की। जिला कलेक्टर ने श्रीफल वधेर कर जल देवता को पुष्प अर्पित किए। इसके पश्चात एक-एक करके फतेहसागर के 4 गेट 6-6 इंच क्षमता में खोले गए। गेट खुलने के साथ ही रपट पर जलराशि बहना शुरू हो गई। यह देखकर लोगों का उत्साह दुगुना हो गया। आमजन व पर्यटकों ने जयकारे लगाकर स्वागत किया। वीकेण्ड पर गेट खुलने से पाल पर देर रात तक लोगों का जमघट लगा रहा। लोगों ने सेल्फी लेकर तथा रिल्स बनाकर वीकेंड इंजॉय किया।

# गायत्री परिवार भारत को एकजुट करने के लिए काम कर रहा है : ओम बिरला

**हरिद्वार/नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार में आयोजित "कलश यात्रा" का उद्घाटन किया। आध्यात्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस आयोजन में शामिल होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बिरला ने गायत्री परिवार और देव संस्कृति विश्वविद्यालय द्वारा शांति कुंज और देवभूमि उत्तराखंड को आध्यात्मिकता का एक प्रमुख केंद्र बनाने के लिए किए जा रहे अथक प्रयासों की सराहना की। बिरला ने गायत्री परिवार के साथ लंबे समय से अपने जुड़ाव का उल्लेख भी किया।


कार्यक्रम को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संबोधित किया।

- **लोकसभा अध्यक्ष ने देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार में कलश यात्रा का उद्घाटन किया**
- **'गहन सांस्कृतिक जागृति से और अपनी समृद्ध विरासत को समझने से ही देश की प्रगति होगी'**

इस अवसर पर पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी को नमन करते हुए बिरला ने कहा कि उन्होंने आजीवन कलियुग के बीच एक नया सत्य युग लाने के लिए कार्य किया। संगठन की शुरुआत के दिनों का स्मरण करते हुए बिरला ने बताया कि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी के अटल संकल्प से गायत्री परिवार एक ऐसे केंद्र के रूप में विकसित हुआ जिससे लाखों लोगों के जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार हुआ। उन्होंने ज्ञान का प्रचार-प्रसार करने और राष्ट्र को जागृत करने के यात्रा के मिशन की सराहना की। राष्ट्र निर्माण में गायत्री परिवार की भूमिका का उल्लेख करते हुए बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे समय में जब भारत में कुछ ताकतें, खासकर आदिवासी बहुल क्षेत्रों में, एकता को तोड़ने की कोशिश कर रही हैं, वहीं गायत्री परिवार भारत को एकजुट करने के लिए काम कर रहा है।

बिरला ने जन जागरण की दिशा में कलश यात्रा के महत्व पर भी जोर दिया और सभी से आग्रह किया कि वे इस यात्रा से अपने मन और चेतना को आलोकित करते हुए पूरे देश में ज्ञान और प्रज्ञा का प्रसार करने का संकल्प लें। बिरला ने पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के जीवन और कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि सामाजिक सक्रियता के साथ ही उन्होंने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में भी महत्वपूर्ण योगदान किया। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि गहन सांस्कृतिक जागृति से और अपनी समृद्ध विरासत को समझने से ही देश की प्रगति होगी और इस तरह की जागरूकता और ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए पंडित श्रीराम शर्मा की कृतियों की सराहना की। अपने संबोधन के अंत में बिरला ने आशा व्यक्त की कि यह कलश यात्रा पूरे देश में सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जागृति लाने के एक शक्तिशाली माध्यम के साथ ही एकता का प्रतीक भी होगी। उन्होंने दीप से दीप जलाने, पूरे देश में प्रगति, समृद्धि और शांति का प्रकाश फैलाने तथा विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में सामूहिक प्रयास करने के महत्व पर बल दिया।

# हिंडौन में दो दिन से बारिश का दौर जारी

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। हिंडौन सिटी में शनिवार को मेघ जमकर मेहरबान हुए। इस दौरान शुक्रवार रात से शनिवार सुबह छह बजे तक 44 एमएम बारिश दर्ज हुई। इसके बाद शहर के कई हिस्सों व मुख्य बाजारों में फिर जलभराव हो गया। इधर मनीराम पार्क, जिला अस्पताल, शीतला कॉलोनी, डेम्प रोड क्षेत्र में दोपहर के वक्त सड़कों से जलस्तर घटने लगा, जिसके बाद दोपहर करीब एक बजे फिर झमाझम बारिश शुरू हुई। जिसमें शाम चार बजे तक 28 एमएम बारिश हुई, जिसके बाद सड़कों पर फिर जलभराव हो गया।

स्कूली बच्चे, महिलाओं व मरीजो को जिला अस्पताल के पास चौराहे पर पानी भरे रास्तों से गुजरना पड़ा। इधर क्षेत्र के अटकोली गांव में शुक्रवार रात करीब 7.30 बजे आकाशीय बिजली गिरने से दो महिलाएं झुलस गई। दो भैंस की आकाशीय बिजली से मौत हो गई। महिला की स्थिति सामान्य है। एक महिला जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती है। हिंडौन-बयाना मार्ग पर बाजना रोड के मोड़ पर जलभराव से दुपहिया वाहन व ऑटो वाहनों का आवागमन बंद है। हिंडौन में तेज गर्जनाओं के साथ बारिश हुई। बारिश के बाद भी घने बादल छाए हुए हैं।

# 'सचिन पायलट का संघर्षसील व्यक्तिव कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करता है'


पूर्व विधायक सुचित्रा आर्य ने सचिन पायलट के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया।

**नोहर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव एवं कांग्रेस वर्किंग कमेटी सदस्य सचिन पायलट के 47 वें जन्मदिन पर नोहर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ललाना, फेफाना, सुरपूरा, दलपतपुरा, पल्लू, बीसरासर, केलनिया एवं अन्य पंचायत मुख्यालयों पर गौमाता स्वामी के नाम से कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें गायों को दलीया, गुड़ एवं हरा चारा डाल कर गौसेवा कर पायलट के दीर्घायु एवं खुशहाल जीवन की कामना की गई पूर्व विधायक सुचित्रा आर्य ने इस अवसर पर कहा कि सचिन पायलट हिन्दूस्तान के लोकप्रिय नेताओं में से एक हैं उनका संघर्षसील व्यक्तिव पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करता है। पायलट ने मुद्दों एवं सिद्धांतों की राजनीति के बल पर

- **सचिन पायलट के 47 वें जन्मदिन पर नोहर में गौमाता स्वामी के नाम से कार्यक्रम आयोजित**

लीक से हटकर अलग ही अपना राजनैतिक आभामंडल विकसित किया है जो अपने आप में अद्वितीय है। उन्होंने सकारत्मक राजनैतिक दृष्टीकोण से प्रदेश की राजनीति में एक लम्बी लकीर खींची है जो अन्य नेताओं से अलग ही असाधारण प्रतिभा को दर्शाती है।

आर्य ने पूर्व की राजनैतिक घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा पायलट के विचारों में व्यक्तिगत लांछन एवं नकरात्मक टिक्का टिप्पणी को कोई स्थान नहीं है जिसका फायदा केवल कांग्रेस पार्टी को ही नहीं बल्कि बेहतर समाज निर्माण में भी होगा। पायलट का व्यक्तित्व जनसेवा के मार्ग पर चल रहे प्रदेश के लाखों युवाओं को बेहतर राजनैतिक शुचिता के लिए प्रेरित करता है। पूर्व विधायक आर्य के निवास स्थान पर केक काटकर पायलट को जन्मदिन की बधाई दी गई। इस दौरान कृष्ण महिया, नथूराम नैन, मांगेराम बेनीवाल, बेनीवाल कृष्ण सहारण, रवि शर्मा, जगदीश मेघवाल, हरिसिंह ऐचरा, बनवारी सहू, आदराम भाम्भू, मोहन सुथार, संतलाल सहू , कृष्ण बैरड़, गोपाल सहारन, गूगन सिहाग, फूलाराम सिहाग, बलवंत शीला, वेद तिवाड़ी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोडवेज की बस असंतुलित होकर खड्डे में पलटी

## 46 सवारियों में से 5-7 सवारियों को मामूली चोटें आई

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़-सिद्धमुख-भादरा सड़क मार्ग पर गांव चैनपुरा छोटा के पास शनिवार दोपहर में श्री गंगानगर से चिड़ावा के लिए राजगढ़ की ओर जा रही एक राजस्थान रोडवेज की बस संतुलन बिगड़ने से

- **गनीमन रही कि बस 11 हजार केवी के पोल से टकराती हुई बच गई**

पलट गई। बस में सवार 46 सवारियों में से 5-7 सवारियों को मामूली चोटें आई हैं। घटना के बाद दूसरी बस से यात्रियों को रवाना किया गया।


पलटी हुई राजस्थान रोडवेज बस को क्रेन की सहायता से हटवाया।

बस चालक रामजीलाल व परिचालक प्रदीप जाट ने बताया कि वे सुबह आठ बजे हनुमानगढ़ डिपो की बस लेकर श्री गंगानगर से चिड़ावा रवाना हुए थे, जैसे ही चैनपुरा छोटा से 100 मीटर आगे निकले तभी एक बाइक सवार युवक बस के आगे आ गया तथा बस को रोकने का प्रयास किया। तभी बस असंतुलित होकर खड्डे में गिर कर पलट गई, लेकिन गनीमन ये रही कि बस11 हजार केवी के पोल से टकराती हुई बच गई, अन्यथा बड़ी जनहानि हो सकती थी। बस में सवार 5-7 सवारियों को मामूली चोटें आई हैं। वहीं घटना की सूचना पर मौके पर आसपास के ग्रामीण एवं सिद्धमुख थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को सरकारी अस्पताल राजगढ़ ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद यात्रियों को छुट्टी दे दी गई।

घटना की मिली सूचना पर सिद्धमुख थाने के एएसआई रामनारायण मीणा मय पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी लेकर घायलों की स्वास्थ्य की जानकारी ली। एएसआई रामनारायण मीणा ने बताया कि राजस्थान रोडवेज के बस में सवार 5-7 सवारियों को मामूली चोटें आई, जिनकों वाहनों के द्वारा राजगढ़ भेज दिया गया है तथा मौके पर क्रेन का बुलाकर बस को खड़ा करवाया गया तथा बस चालक रामजीलाल पुत्र सांवरमल निवासी सिंगनौर तहसील उदयपुरवाटी जिला झुन्झुनूं व परिचालक प्रदीप पुत्र मोहन सिंह जाट निवासी ईश्वरपुरा पुलिस थाना धनूरी जिला झुन्झुनूं को अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना कर दिया है।

# भवानीमंडी में चार इंच बारिश

**भवानीमंडी,** (निसं)। इस बार इंद्रदेव पूरी तरह से मेहरबान है। शनिवार को दिन उगने के साथ से ही रुक-रुककर व तेज बारिश का दौर जारी है। बारिश ने पिछले तीन वर्ष का रिकार्ड तोड़ दिया है। गत वर्ष सामन्य बारिश के अनुसार करीब बीस इंच बारिश हुई थी जबकि इस वर्ष 40 इंच के लगभग बारिश का आंकड़ा छूने को है। समय समय पर लगातार हो रही बारिश से भवानीमंडी उपखण्ड को पूर्ण रूप से फसलों को फायदा पहुंच रहा है। जहाँ नदी, नाले तलाब और बांध लबालब हो गए हैं। यहां गत 24 घंटे से बारिश का दौर जारी है जिसमें करीब चार इंच बारिश हुई है। पचपहाड़ तहसील में 1 जून से अब तक 38 इंच बारिश दर्ज की गई।

# सीओ का रीडर और दलाल रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नदबई/भरतपुर,** (निसं)। धौलपुर एसीबी की टीम ने उप अधीक्षक सुरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई करते हुए भुसावर सीओ के रीडर हरिराम मीणा और एक दलाल राकेश कुमार गर्ग को रंगे हाथ 1 लाख 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार पकड़े गए आरोपियों के द्वारा परिवादी से मामले में एफआर लगाने की एवज में रिश्वत राशि मांगी थी, जिसके चलते परिवादी ने धौलपुर एसीबी की टीम को अवगत कराते हुए सत्यापन कराया। जिसके बाद धौलपुर एसीबी के एडिशनल एसपी के नेतृत्व में नदबई के बाजार में कार्रवाई को अंजाम देते हुए दोनों को रिश्वत राशि के साथ रंग हाथ पकड़ा है। परिवादी


गिरफ्तार आरोपी।

- **एसीबी ने दोनों को 1 लाख 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया**
- **परिवादी से मामले में एफआर लगाने की एवज में 1.50 लाख की रिश्वत मांगी थी**

पुष्पेंद्र सिंह बेनीवाल ने बताया कि वह वैर उपखंड के गांव सेंधली का निवासी है, जिसके खिलाफ भुसावर थाने में थ्री एक्ट और 420 का मामला दर्ज हुआ था। भुसावर सीओ के रीडर हरिराम मीणा और दलाल राकेश कुमार ने मामले में एफआर लगाने के लिए 1 लाख 50 हजार रुपए की रिश्वत राशि की मांग की, लेकिन बात 1 लाख 20 हजार रुपए में बनी। जिसकी शिकायत एसीबी धौलपुर से की गई।

धौलपुर एसीबी की टीम ने मामले का सत्यापन करवाया जो सही पाया गया। धौलपुर एसीबी के एडिशनल एसपी सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में शनिवार को दोपहर बाद नदबई के बाजार में रीडर हरिराम मीणा और दलाल राकेश कुमार को परिवादी से 1 लाख 20 हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी की टीम अभी पकड़े गए दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है।

# पदभार ग्रहण करने पर डॉ. बैरवा का स्वागत

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा डेमोक्रेटिक ने नव पदस्थापित कॉलेज शिक्षा आयुक्त डॉ. ओमप्रकाश बैरवा के पदभार ग्रहण करने पर स्वागत किया है।

संगठन के प्रदेश संयोजक एवं राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ.रमेश बैरवा ने बताया है कि नए आयुक्त से उम्मीद है कि वे कॉलेज शिक्षा के उन्नयन के लिए हजारों की संख्या में रिक्त पड़े शैक्षिणक और गैर शैक्षिणक पदों पर भर्ती, नियमित कक्षाओं एवं अध्यापन हेतु शिक्षकों को गैरशैक्षिणक कार्यों से मुक्त किए जाने, कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय के अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष, न्यायपूर्ण कार्य करने तथा पद का दुरुपयोग किए जाने पर रोक लगाने, आयुक्तालय को प्रेषित शिकायतों का बिना भेदभाव समय पर निस्तारण करने, कॉलेज शिक्षक,कर्मचारी एवं छात्रों को एससी एसटी एक्ट के प्रावधानों के बारे में संवेदनशील बनाने सहित अन्य मुद्दों एवं मांगों के निराकरण हेतु सार्थक प्रयास करेंगे। जल्द ही रुक्टा डेमोक्रेटिक का प्रतिनिधिमण्डल जयपुर पहुंचकर नए आयुक्त का स्वागत करेगा,साथ ही छात्र एवं शिक्षक हित में मांगपत्र भी देगा।


डॉ. ओमप्रकाश बैरवा

# युवक नदी में डूबा, मौत

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। क्षेत्र के एकोरासी-बादलपुर स्थित जगर नदी में शनिवार दोपहर में एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मौके पर पहुंची एसडीआरएफ और सूरौठ थाना पुलिस ने रेस्क्यू कर शव को बाहर निकाला।

सूरौठ थाना के एएसआई प्रतापसिंह ने बताया कि मृतक सूरौठ के मिल्कीपुरा निवासी राहुल जाटव (18) पुत्र समय सिंह है। उन्होंने बताया कि शनिवार को दोपहर में बादलपुर के नीचे नदी में एक युवक के डूबने की सूचना मिली। जिसके बाद जाब्ता लेकर मौके पर पहुंचे। वहीं प्रशासन के निर्देश पर एसडीआरएफ की टीम भी पहुंच गई। काफी प्रयास के बाद युवक को बाहर निकाला। जिसके बाद उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता समय सिंह ने बताया कि उसका पुत्र राहुल जाटव ढिंढोरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में कक्षा 11 वीं में पढ़ाई कर रहा था। आज सुबह तेज बारिश होने के कारण स्कूल नहीं गया। जिसके बाद सुबह करीब 10 बजे वह भैंसों को लेकर जंगल की तरफ चला गया। इस दौरान एक भैंस गड्ढे में फंस गई। जिसे निकालने के प्रयास में वह खुद भी फंस कर डूब गया।

# जयपुर की विरासत के संरक्षण के साथ विकास कार्य हो : दिया कुमारी

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में जयपुर में आने वाले पर्यटकों के प्रवास को और अधिक खुशनुमा और सुविधा पूर्ण बनाने के लिए यहां की विरासत को कायम रखते हुए विकास कार्यों को किये जाने और पर्यटकों को होने वाली असुविधाओं के निराकरण के सम्बन्ध में शनिवार को सचिवालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख सचिव नगरीय विकास वैभव गालरिया, मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक पवन कुमार उपाध्याय, शासन सचिव पर्यटन रवि जैन, जेडीसी आनंदी, जयपुर जिला कलेक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी, नगर निगम हेरिटेज के आयुक्त अभिषेक सुराणा और पुलिस अतिरिक्त उपायुक्त यातायात सागर, अतिरिक्त निदेशक पर्यटन राकेश शर्मा, उपनिदेशक पर्यटन उपेन्द्र सिंह शेखावत उपस्थित रहे।

- **चारदीवारी में बेतरतीब यातायात पर चिंता जताते हुए कहा कि इसके लिये आवश्यक उपाय किये जायें**
- **'विरासत संग्रहालय (राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट) को इस तरह विकसित किया जाए जिससे कि यहां पर कलाकार और शिल्पी अपनी कलाओं का प्रदर्शन कर सके और वे अपने उत्पादों का विक्रय भी कर सके'**



**उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में जयपुर में आने वाले पर्यटकों पर्यटकों को होने वाली असुविधाओं के निराकरण के सम्बन्ध में शनिवार को सचिवालय में बैठक आयोजित की गई।**

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि जयपुर में बड़ी संख्या में पर्यटकों का आगमन होता है। यहाँ आने वाले पर्यटकों को लिए बेहतर सुविधायें विकसित हो इसके लिए कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बजट में चार दिवारी शहर के हेरिटेज संरक्षण और विकास के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि शहर में कई स्थानों पर कचरा पांइट बने हुए हैं जहां पर गंदगी देखने में आती है, इन कचरा प्लाइंट का समाधान किया जाना चाहिए। शहर की क्षतिग्रस्त लाइटों की मरम्मत की जाए। इसके साथ ही हेरिटेज शैली से भवनों एवं बाजारों में की गई रौशनी (इल्युमिनेशन) मरम्मत और उनका सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित हो। डस्टबिन लगाने का कार्य किया जाए एवं शहर का विरुपन करने वाले पोस्टर बैनर हटाये जाए। उपमुख्यमंत्री ने चारदीवारी में बे-तरतीब यातायात को एक बड़ी चिंता का विषय बताते हुए इसके समाधान पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यातायात को सुगम बनाने के उपाय किए जाए। कुछ पार्किंग पाइंट निर्धारित कर वहां नियमित पार्किंग सुनिश्चित हो। रामबाग में बनी पार्किंग में व्यापारी और आगन्तुक दोनों ही वाहन पार्क कर परकोटे के यातायात को सुव्यवस्थित बनाने में सहयोग प्रदान करें। इस हेतु आवश्यक उपाय किए जाए। उन्होंने अधिकारियों को परकोटे में इलेट्रिक बसें चलाने तथा ई-रिक्शा को भी योजनागत व्यवस्थित रूप से संचालित किये जाने के निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री ने कहा क परकोटा के हेरिटेज का मूल गुलाबी रंग कायम रहे। अस्त-व्यस्त तरह से लटके हुए कैबल्स वायर्स शहर की खूबसूरती को खराब कर रहे हैं, इन्हें हटाया जाए। उन्होंने कहा कि पूरे चारदीवारी क्षेत्र में विद्युतीकरण भूमिगत किया जाए अथवा एकीकृत भूमिगत लाइन विकसित की जाए, जिससे इस समस्या का स्थाई समाधान सुनिश्चित हो सके।

दिया कुमारी ने कहा कि विरासत संग्रहालय (राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट) को इस तरह विकसित किया जाए जिससे कि यहां पर कलाकार और शिल्पी अपनी कलाओं का प्रदर्शन कर सके और वे अपने उत्पादों का विक्रय भी कर सके।

बैठक में जल महल की पाल के सौंदर्यकरण, मानसागर झील में वाटर लेजेर शो तथा वहां बोटिंग की संभावनाओं पर चर्चा की गई। साथ ही आमेर मावठा पार्किंग समस्या के निराकरण पर भी चर्चा की गई।

## विद्या संबल योजना में लगे शिक्षक को हटाने पर रोक

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने विद्या संबल योजना के तहत गेस्ट फैकल्टी के तौर पर लगे व्याख्याता को हटाने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में उच्च शिक्षा सचिव और कॉलेज शिक्षा आयुक्त सहित अन्य से जवाब तलब किया है। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश अमित यादव की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने इन अधिकारियों से पूछा है कि याचिकाकर्ता का चयन करने के बाद उसे बिना सुनवाई का मौका दिए हटाया क्यों जा रहा है।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता का विद्या संबल योजना के तहत सीकर की राजकीय कला महाविद्यालय में व्याख्याता के तौर पर चयन हुआ था। राज्य सरकार के आदेश की पालना में उसने गत 8 जुलाई को कार्यग्रहण भी कर लिया। वहीं 15 जुलाई को राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर कहा कि ओपीजेएस विवि से डिग्री लेने वाले अभ्यर्थियों को अध्यापन कार्य के लिए आमंत्रित नहीं किया जाए और जो अभ्यर्थी कार्य ग्रहण कर चुके हैं, उन्हें सेवा से हटाया जाए। याचिकाकर्ता की ओपीजेएस विवि से पीएचडी की डिग्री होने के कारण उसे सेवा से हटा दिया गया। याचिका में कहा गया कि उसने इस विश्वविद्यालय से पूरा अध्ययन कर डिग्री ली है। इसके अलावा उसे सेवा से हटाने से पहले न तो नोटिस दिया गया और ना ही उसका पक्ष सुना गया। ऐसे में राज्य सरकार का यह आदेश अवैध है। इसलिए इस आदेश को रद्द करते हुए याचिकाकर्ता को सेवा में बनाए रखा जाए।

# माता-पिता को मान-सम्मान देकर बाल गणेश बने प्रथम पूज्य : मदन राठौड़



**गणेश चतुर्थी पर सिविल लाइंस के अजमेर रोड स्थित द ग्रैंड अनुकंपा के प्रतिष्ठा बैंक्वेट में शनिवार को विशाल गणेशोत्सव-2024 समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मंच पर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम मौजूद रहे।**

**जयपुर।** गणेश चतुर्थी पर सिविल लाइंस के अजमेर रोड स्थित द ग्रैंड अनुकंपा के प्रतिष्ठा बैंक्वेट में शनिवार को विशाल गणेशोत्सव-2024 समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में प्रथम पूज्य गणपति की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर गणेशोत्सव का श्रीगणेश किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने की और कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम रहे।

मदन राठौड़ ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आज देवताओं में गणेश प्रथम पूज्य इसलिए है क्योंकि उन्होंने अपने माता-पिता को सम्मान दिया। माता-पिता को अपना संसार मानते हुए उनकी परिक्रमा करने वाले बाल गणेश ने ये सिद्ध कर दिया था कि व्यक्ति के जीवन में जो स्थान माता-पिता का है वो किसी अन्य का नहीं हो सकता। माता-पिता की सेवा, सम्मान और आदर भाव से व्यक्ति अपना बचपन, जवानी एवं बुढ़ापा सुधार सकता है।

गणेशोत्सव में विशिष्ट अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने स्वागत भाषण के बाद राज्यपाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य अतिथियों का साफा, दुपट्टा, माला स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया। अति विशिष्ट अतिथि जेईसीआरसी के उपाध्यक्ष अमित अग्रवाल थे। सिविल लाइंस के सबसे बड़े गणेशोत्सव में चित्रकला प्रतियोगिता ड्रॉइंग ओलम्पियाड के विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न और सम्मान निधि देकर पुरस्कृत किया गया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने टॉप 9 विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

# शास्त्रीय संगीत और ओडीसी नृत्य से गुलज़ार हुआ जे.के.के. परिसर



**डेल्फीक काउन्सिल ऑफ़ राजस्थान की ओर से जवाहर कला केंद्र में आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय सुर और ताल महोत्सव के दूसरे दिन सौरव वशिष्ठ के शास्त्रीय गायन और ओडीसी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।**

**जयपुर।** डेल्फीक काउन्सिल ऑफ़ राजस्थान द्वारा जवाहर कला केंद्र में आयोजित किए जा रहे तीन दिवसीय सुर और ताल महोत्सव की दूसरी संध्या सौरव वशिष्ठ के शास्त्रीय गायन और ओडीसी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति के नाम रहीं। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र और उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के सहयोग से आयोजित किए जा रहे इस महोत्सव में सुबह के सत्र में प्रसिद्ध फोटोग्राफर शिरीष कराले ने विधार्थिओं को फोटोग्राफी की बारीकीयों से अवगत करवाया जिसमें स्टूडेंट्स को प्रोडक्ट फोटोग्राफी, लाइट्स का प्रयोग, पोर्टरेट फोटोग्राफी सीखने को मिला।

शाम को रंगायन सभागर में पंडित कुंदनमल शर्मा के शिष्य युवा शास्त्रीय गायक सौरभ वशिष्ठ नें राग हंसध्वनि में विलम्बित रचना विघ्न हरण गज वदन गजानन और द्रुत रचना में लागी लगन सखी पति सन की मनभावन प्रस्तुति दी। अपनी प्रस्तुति में उन्होंने रागदारी, आलाप, तान का अत्यंत सुंदर संयोजन प्रस्तुत किया उनके साथ तानपुरे मेन अजय कुमार, तबले पर मल्हार मुखर्जी, हारमोनियम पर गजेंद्र डांगी जी नें संगत की। कार्यक्रम की दूसरी प्रस्तुति ओडीसी के प्रसिद्ध युवा नृतक कृष्नेन्दु शाह और ग्रुप की रहीं। अपनी प्रस्तुति में उन्होंने भगवान गणेश पर आधारित मंगलाचरण और राग झिझोटी में कृष्ण और भक्त के परस्पर प्रेम को दर्शाया इस नृत्य प्रस्तुति में उनके साथ सृष्टि पांडे, शिविका माथुर, केतिकी मुंद्रा, रुद्राक्षी चतुर्वेदी, सिथू और भोलाक्षिका नें अपने सुन्दर नृत्य संयोजन से दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

राजस्थान डेल्फिक काउंसिल की अध्यक्ष श्रेया गुहा ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन के ज़रिये डेल्फिक काउंसिल प्रदेश की समृद्ध लोक संगीत एवं कलाओं (शास्त्रीय संगीत, भारतीय फ़िल्म संगीत, लोकप्रिय संगीत, शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, समकालीन नृत्य, फोटोग्राफी) के प्रति युवाओं की भागीदारी को बढाने के दिशा में कार्य कर रहीं है , जिसके ज़रिये कला व संस्कृति के प्रदर्शन के लिए युवाओं को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान किया जा रहा है।

# राजस्थान विश्वविद्यालय में एडवोकेट राजदीपक रस्तोगी का अभिनंदन



**राजस्थान विश्वविद्यालय की अरबों रुपये की भूमि को भू माफियाओं से बचाने के अभियान में अभूतपूर्व योगदान करने वाले अतिरिक्त सोलिसीटर जनरल राजदीपक रस्तोगी का कुलपति अल्पना कटेजा ने उनका अभिनंदन किया।**

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय में इस वर्ष शोध एवं अकादमिक क्षेत्र में उत्कृष्टतम कार्य करने वाले चयनित शिक्षकों को टीचर एक्सीलैंस अवार्ड 23-24 प्रदान करने के लिए आयोजित विशेष समारोह में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऑफ़ इंडिया राज दीपक रस्तोगी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में रस्तोगी द्वारा एक विधिवेत्ता के रूप में उच्च आदर्शों के साथ समाज के लिए किए गए सराहनीय विशेष कार्यों का विशेष उल्लेख करते हुए उनका भावपूर्ण अभिनंदन किया गया।

राजस्थान विश्वविद्यालय के जन संपर्क अधिकारी डॉ भूपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि राजस्थान विश्वविद्यालय को इसकी स्थापना और वर्ष 1961 में कुल लगभग 364 एकड़ की विशाल भूमि इसके मुख्य परिसर के लिए, जिसका वर्तमान में बाजार मूल्य अरबो रुपए में है, की वर्षों पूर्व स्वीकृति की घोषणा तो कर दी गई, लेकिन 70 वर्षों की लंबी अवधि के बावजूद भी तत्कालीन विश्वविद्यालय प्रशासन की उदासीनता या अन्य किन्हीं कारणों के चलते इस भूमि का औपचारिक रूप से स्वामित्व प्राप्त नहीं किया जा सका। राजस्व नियमों से जुड़ी इस पेचीदगी का आभास कर एक बड़े भू भाग पर बड़े-बड़े प्रभावशाली भूमाफियाओं ने, इस विश्वविद्यालय से ही जुड़े कुछ शिक्षकों एवं अन्य अशैक्षिणक कर्मियों के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग से इस भूमि पर अनधिकृत रूप से कब्जे करना प्रारंभ कर दिया।

इस भूमि को बचाने के अभियान में एडवोकेट राज दीपक रस्तोगी मानो इस अरबो रुपए मूल्य की पवित्र भूमि को बचाने के संग्राम में सारथी ही बन गए, समय-समय पर इनके द्वारा स्वैच्छिक एवं निशुल्क आधार पर दिया गया विधिक मार्गदर्शन इस कठिन अभियान की सफलता का प्रमुख आधार बना।

अपने उच्च शिक्षण संस्थान रहे, राजस्थान विश्वविद्यालय के लिए उच्च आदर्श के साथ प्रेरणादायी सम्मान रखने वाले पूर्व छात्र राज दीपक रस्तोगी के हाथों से विश्वविद्यालय के उत्कृष्टतम शिक्षकों का सम्मान किए जाने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के उत्कृष्ट विचार के लिए कुलपति प्रोफेसर अल्पना कटेजा ने उनका अभिनंदन किया।

## नेट-थियेट पर भजन संध्या

**जयपुर।** नेट-थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज पधारो बिंदायक कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक आनंद पुरोहित ने अपनी सुरीली आवाज से रिद्धि सिद्धि के दाता गजानंद के भजनों की ऐसी अविरल धारा प्रवाहित की दर्शक गणपति बप्पा की जय जयकार करने लगे।

नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर कलाकार आनंद ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत रनत भंवर सु आजो, थ रिद्धि सिद्धि का भरतार से की। इसके बाद उन्होंने भजन गणपति पुरण कीजो काज, जो मांगे दाता तुरंत देते हैं, पूर्ण कीजो काज को बड़े ही सरीले अंदाज में सुना कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया। कलाकार आनंद पुरोहित ने अंत में गणपति का सुप्रसिद्ध भजन हे लंबोदर हे गणनायक मूसक विराजे सिद्धि विनायक, आंगन पधारो म्हारे गौरी गजानन, मोदक चढ़ाऊ थारै लाख सवा मन को बड़े ही मनोयोग से गाकर प्रथम पूज्य गणपति को मनाया।

आनंद पुरोहित के साथ कोरस मे लवीना भार्गव, तनु कवर, योगेश शर्मा और मोहित सैनी ने सुरीला साथ निभाया।

इनके साथ तबले पर प्रसिद्ध कलाकार धनंजय डांगी ने अपनी सुरीली संगत से इस संध्या को खुशनुमा बना दिया। गिटार पर आयुष पुरोहित ने अपनी शानदार संगत से दर्शकों की तालियां बटोरी।

## कलेक्टर ने हिंगोनिया गौशाला का निरीक्षण किया

**जयपुर।** जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी बेजुबानों को लेकर भी संवेदनशील हैं। जिला कलेक्टर ने शनिवार को बस्सी स्थित हिंगोनिया गौशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने गौशाला में गोवंश के लिए चारे, पानी, रखरखाव सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला कलेक्टर ने नंदीशाला, नेपियर घास की खेती, बायोगैस प्लांट, पशु चिकित्सालय एवं पशु आईसीयू वार्ड का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने घायल गौवंश की बेहतर देखभाल करने एवं बाड़ों में पंखे लगाने के लिए निर्देशित किया साथ ही बारिश के मौसम में गौवंश को परेशानी ना हो इसके लिए टीनशेड एवं बाड़ों गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया। इस दौरान जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने गाय के बछड़े को अपने हाथों से दूध पिलाया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गौशाला में पौधारोपण भी किया।

## अदालती आदेश की पालना नहीं करने पर अफसरों को अवमानना नोटिस

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने अदालती आदेश की पालना नहीं करने पर प्रमुख चिकित्सा सचिव, स्वास्थ्य निदेशक और संयुक्त स्वास्थ्य निदेशक, अजमेर सहित अन्य को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस उमाशंकर व्यास की एकलपीठ ने यह आदेश किरण कुमार बेदी की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2023 में आवेदन किया था। भर्ती की मेरिट में आने पर विभाग ने उसके दस्तावेजों का सत्यापन भी कर लिया था, लेकिन अनुभव प्रमाण पत्र पर अधिकारियों के काउंटर साइन नहीं होने के कारण उसे चयन सूची में शामिल नहीं किया गया। याचिकाकर्ता ने एफआरएचएस संस्था के जरिए विभाग की परिवार नियोजन स्कीम में काम किया था। इस पर हाईकोर्ट ने गत 6 दिसंबर को विभाग को निर्देश दिए थे कि वह याचिकाकर्ता का अनुभव प्रमाण पत्र बनाए और उसे चयन प्रक्रिया में शामिल करे।

## विवाहित व रिलेशनशिप वाले युगलों की सुरक्षा नीति तैयार

**जयपुर।** विवाहित जोड़ों और क्लोज रिलेशनशिप में रह रहे युगलों की सुरक्षा के लिए राज्य में एक मानक संचालक प्रक्रिया (एसओपी) निर्धारित की गई है। पुलिस मुख्यालय से इस संबंध में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस सिविल राइट्स एवं एएचटी भूपेंद्र साहू द्वारा आदेश जारी किए गए हैं।

एडीजी साहू ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा 2 अगस्त 2024 को दिए गए आदेश की पालना में यह एसओपी निर्धारित की गई है। इसके अनुसार राज्य के विवाहित जोड़े एवं क्लोज रिलेशनशिप में रह रहे युगल स्वयं, किसी प्रतिनिधि अथवा अधिवक्ता के जरिए प्रार्थना पत्र कर सकते है। यदि उन्हें किसी से भी खतरा हो तो वे इस संबंध में नामित नोडल अधिकारी को सुरक्षा के लिए अभ्यावेदन प्रस्तुत करेंगे।

ऐसे युगल सुगम रिपोर्टिंग के लिए डायल 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, राज्य स्तरीय व्हाट्सएप हेल्पलाइन 8764871150, जिला स्तरीय व्हाट्सएप हेल्पलाइन एवं पुलिस नियंत्रण कक्ष के नम्बर, जिला स्तर पर संचालित नियंत्रण कक्ष की ईमेल आईडी पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। जल्द ही एससीआरबी द्वारा पुलिस वेबसाइट पर लिंक उपलब्ध करवाया जा रहा है। उस लिंक के माध्यम से आवेदक थाने पर व्यक्तिगत उपस्थित हुए बिना अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इन माध्यमों से प्राप्त शिकायत को प्रभारी अधिकारी अविलंब नोडल अधिकारी, संबंधित वृत्त अधिकारी एवं थानाधिकारी को प्रेषित करेंगे। नोडल अधिकारी शिकायत पर तुरंत पीड़ित युगल को अंतरिम राहत प्रदान करेंगे। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में आवेदक के बयानों की ऑडियो व वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। यदि उन्हें किसी प्रकार का खतरा है तो पुलिस सुरक्षा उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे। यदि सुरक्षा उपलब्ध कराने के पर्याप्त आधार नहीं है तो स्पष्ट कारण बताएंगे। संबंधित चाहे तो उनके परिजनों को बुलाकर आपसी समझाईश का प्रयास करेंगे। यदि युगल के परिजनों को किसी अन्य व्यक्ति या समूह द्वारा प्रताड़ित किए जाने की शिकायत प्राप्त हो तो तत्काल उनकी सुरक्षा एवं विधिक कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

## घर से जेवरात-नकदी लेकर भागी दुल्हन

**जयपुर।** मालपुरा थाना इलाके में शादी के एक साल बाद लुटेरी दुल्हन घर से जेवरात व नकदी लेकर भाग निकली। भागने के बाद लुटेरी दुल्हन ने परिवार जनों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देना शुरू कर दिया। इससे परेशान होकर ससुराल वालों ने पुलिस की शरण ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार कृषि नगर टोल टैक्स निवासी प्रहलादी उर्फ पिल्ली देवी ने मामला दर्ज करवाया कि उसके बेटे की शादी साल 2020 में सुमन उर्फ मंजू देवी से हुई थी। शादी के एक साल बाद फरवरी 2021 में वह घर से सोने चांदी के जेवरात व नकदी लेकर भाग निकली।

अब सुमन उर्फ मंजू देवी , संतोष देवी, कानजी उर्फ कन्हैया लाल उसके परिवार को झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहे है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एएसआई लालचंद कर रहे है। वहीं झोटवाड़ा थाना इलाके में शादी के कुछ महिने बाद ही दुल्हन घर से जेवरात व नकदी लेकर भाग गई।

पुलिस के अनुसार न्यू कॉलोनी पंचायत समिति के सामने निवासी विरेंद्र शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि उसने किरण शर्मा से शादी की थी। शादी के कुछ दिन बाद किरण शर्मा घर से जेवरात व नकदी लेकर भाग निकली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रो-एक्टिव अप्रोच के साथ आयुष्मान राजस्थान का संकल्प साकार करें : गायत्री राठौड़

- **प्रमुख शासन सचिव ने मुख्यमंत्री निशुल्क दवा एवं जांच योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि दवा आपूर्ति तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए ई-औषधि सॉफ्टवेयर पर रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए**

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि चिकित्सा तंत्र को मजबूत बनाना एवं आमजन को सुगमता के साथ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके दृष्टिगत विभाग के सभी अधिकारी एवं कार्मिक टीम भावना और प्रो-एक्टिव अप्रोच के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए आयुष्मान राजस्थान के संकल्प को साकार करें।

राठौड़ कार्यभार संभालने के बाद शनिवार को स्वास्थ्य भवन में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सा संस्थानों में जांच, दवा एवं उपचार सेवाएं और बेहतर करने के लिए तकनीकी नवाचारों को अपनाया जाए। साथ ही, विभाग के विभिन्न अनुभागों के बीच समुचित समन्वय रहे।

राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप बजट घोषणाओं को समय पर पूरा करने के लिए प्रभावी एक्शन प्लान बनाएं। हर घोषणा की एक टाइम लाइन निर्धारित करें और उसके अनुसार कार्य योजना को अंजाम दें। इसमें अनावश्यक विलंब नहीं हो। उन्होंने कहा लेखा शाखा के सभी अधिकारी वित्त विभाग से समन्वय कर आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त करने में सहयोग करें।

प्रमुख शासन सचिव ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मानव संसाधन की उपलब्धता अति आवश्यक है। इसे ध्यान में रखते हुए भर्ती प्रक्रिया को गति दी जाए। विभिन्न भर्ती एजेंसी तय समय सीमा में भर्तियों के काम को पूरा करें, ताकि रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरकर क्वालिटी सर्विसेज उपलब्ध करवाने में आसानी हो और प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अधिकाधिक अवसर मिल सकें। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की राइजिंग राजस्थान से संबंधित गतिविधियों के लिए आरएमएससीएल की प्रबंध निदेशक श्रीमती नेहा गिरि को नोडल अधिकारी नियुक्त किया।

प्रमुख शासन सचिव ने मुख्यमंत्री निशुल्क दवा एवं जांच योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि दवा आपूर्ति तंत्र को सुदृढ बनाने के लिए ई औषधि सॉफ्टवेयर पर रियल टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही, दवा खरीद एवं आपूर्ति निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार की जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री निशुल्क दवा योजना में देशभर प्रथम स्थान पर रहने पर आरएमएससीएल को बधाई दी और आगे भी इसे बरकरार रखने के निर्देश दिए।

## छात्रा से ढाई लाख रु.व जेवरात हड़पे

**जयपुर।** प्रेम जाल में फंसा कर शादी का झांसा देकर एक युवक ने एक छात्रा से ढाई लाख रुपए और सोने चांदी के जेवरात हड़प लिए। घटना के सम्बंध में पीडिता ने सोडाला थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार सोडाला निवासी 19 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि उसने हाल ही में 12वीं कक्षा पास की है। उसकी जान पहचान 10 वीं में पढ़ने वाले कबीर के बड़े भाई अल्तमश कुरैशी से हुई। वह रोजाना कबीर को छोड़ने और लेने स्कूल आते थे।

# अजमेर में हुई मूसलाधार बारिश ने नगर निगम के इंतजामों की खोली पोल

## अजमेर में बाढ़ जैसे हालात लोग हो रहे हैं परेशान

**अजमेर, (कासं)।** शहर में 6 सितम्बर को हुई मूसलाधार बारिश के कारण दूसरे दिन शनिवार को भी बाढ़ के हालात नजर आए और शहर मे नगर निगम द्वारा बरसात से पूर्व किए जाने वाले इंतजामो के दावो की पोल खोलकर कर दी है कि नगर निगम के दावो मे कितनी सच्चाई है। अजमेर शहर के कमला नेहरू अस्पताल (टी. बी अस्पताल) में तथा अस्पताल के आस-पास आनासागर पुरानी चौपाटी के पास दो से तीन फीट पानी भरा होने के कारण शनिवार को अस्पताल में उपचार करने के लिए आने वाले मरीज को काफी पोशानी का सामना करना पड़ा इतना ही नहीं कचहरी रोड से अस्पताल की और आने वाली गली में पानी भरा होने के कारण उसे कचरी रोड पर ही बविधा लगाकर बंद कर दिया गया इसी प्रकार स्वामी कंपलेक्स के निकट



अजमेर शहर के अग्रसेन चौराहा के पास सडके बनी दरिया तो प्रशासन ने किया रास्ता बंद।

अग्रसेन चौराहा से आगरा गेट की ओर जाने वाले रास्ते को भी पानी भरा होने के कारण पार करना मुश्किल दिखाई दिया। तो वैशाली नगर मे जाने वालो को कैलाशीपुरी सहित लिंक रोड की गलियो मे से गुजरना पडा तो दिन भर इन गलियो मे यातायात रेगंता हुआ चल रहा है, जिसके कारण दिन भर वाहन चालको को भारी परेशानी का सामना करना पडा। बताया जा रहा है कि 6 सितम्बर को हुई झमाझम बारिश के समय इतना पानी नहीं था, लेकिन बरसात बंद होने के बाद जब पानी बहाकर आना शुरू हुआ तो कमाला नेहरू अस्पताल और उसके आसपास का इलाका तालाब के रूप में तब्दील

- **अस्पताल में उपचार करने के लिए आने वाले मरीज को काफी पोशानी का सामना करना पड़ा**

हो गया इस कारण शनिवार को अस्पताल में ड्यूटी करने वाले चिकित्सक और कर्मचारी भी काफी दिकातों का सामना करते हुए अस्पताल में पहुंचे, लेकिन मरीज को अस्पताल पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा जिसके चलते कुछ लोग तो बगैर इलाज के ही अपने घर वापस रवाना हो गए। लोगों का कहना है कि आनासागर से छोड़े जा रहे पानी जी इसके चैनल के माध्यम से ओचरपानी होकर चल रहा है वह नाला ब्रह्मपुरी से होकर तोपदड़ा की ओर निकलता है उसका पानी छलक कर सड़क पर भरना शुरू हो गया है,पानी का निकास अन्यत्र नहीं होने से दूसरे दिन भी यह इलाका तालाब के रूप में दिखाई दे रहा था।

## शोभायात्रा निकाली

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा कस्बे सहित आसपास में शनिवार को शुभ मुहूर्त में भगवान गणपति घरों ,पांडालों व मंदिरों में विराजमान हुए गणेश महोत्सव आओ जैन समितियां द्वारा ढोल नगाड़े एवं डीजे के साथ शुभ मुहूर्त में भगवान गणपति को गणपति बप्पा मोरया के उद्घोष के साथ नाचते गाते पांडाल तक लाए । इसके बाद उन्होंने विराजित कर स्थापना के बाद महाआरती कर लड्डुओं का भोग लगाया। घरों में भी गणेश उत्सव की धूम शुरू हुई गणेश जी के आगमन को लेकर रंग-बिरंगे फूल विद्युत सजावट और अन्य आकर्षक सजावट की गई। गणपति को स्थापित कर पूजा अर्चना के बाद पारंपरिक मिठाई ,लड्डू आदि का भोग लगाया। कस्बे के गणेश मंदिर में भगवान का भव्य श्रृंगार करने के बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

गणेश महोत्सव आयोजन समितियों ने भगवान गणपति को विराजमान करने के लिए पांडालों को सजाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।पांडालों व घरों में शनिवार सुबह गणपति की मूर्ति की स्थापना के साथ ही गणेश उत्सव का शुभारंभ हुआ।शाम को पांडालों में डांडिया पर युवक युवती गरबा के रंग में रंग में नजर आए। पांडालों में व्यवस्था बनाए रखने व सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गो से गुजरी कार्यकर्ताओं ने भी श्री गणेश के जयकारों से कस्बे क़ा माहौल को धर्ममय कर दिया।

## जीवनदायनी कहा जाने वाला दांतड़ा बांध छलक उठा

**आसींद, (निसं)।** आसींद क्षेत्र का जीवनदायनी कहा जाने वाला दांतड़ा बांध छलक उठा। बांध पर चादर लगभग 27 वर्षों के बाद चली जिसे लेकर आसींद क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी। सभी क्षेत्रवासी प्रफुल्लित मन से दांतड़ा गांव पहुंचे एवं चादर चलने के बाद महाकाल धूणा बामणी आश्रम के महंत सावरनाथ महाराज एवं आसींद थाना अधिकारी हंसपाल सिंह चौहान एवं हेड कांस्टेबल श्रवण बिश्नोई ने पानी का स्वागत करते हुए चादर ओढ़ाकर हर्ष व्यक्त किया।

पिछले कई वर्षों से सूखी पडी खारी नदी में पानी की जमकर आवक हुई जिससे क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर व्याप्त है। दांतड़ा बांध पर चादर चलने के बाद प्रशासन एक्शन मोड में नजर आया तथा पाल पर मौजूद अपार जन समूह को अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना किया। वहीं इससे पूर्व आसींद खारी नदी के तट पर स्थानीय प्रशासन के द्वारा नदी नालों की साफ सफाई तथा नदी के मुहानों पर बने अस्थाई केबिनों और ठेलों को हटाया गया तथा प्रशासन के द्वारा स्थानीय लोगों से अपील की गई की नदी के तेज बहाव के दौरान नदी नालों के आसपास ना जाए सजगता दिखाएं। जिससे कि किसी अनहोनी की आशंका नहीं हो। नगर पालिका प्रशासन आसींद के द्वारा अपने कर्मचारियों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू खारी नदी के तट पर शुक्रवार को साफ सफाई अभियान के तहत पहुंचे एवं नदी नालों की साफ सफाई करवाई गई। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों में उपखंड अधिकारी उम्मेद सिंह राजावत, तहसीलदार भंवरलाल सेन, पुलिस उपाधीक्षक हेमंत कुमार नोगीया, थानाधिकारी हंसपाल सिंह चौहान, सिंचाई विभाग के एईन देवेंद्र कुमार, जेईन दिनेश वर्मा, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी राघव मीणा, नगर पालिका जेईन राजमल गुर्जर, प्रशासनिक अमला आसींद खाली नदी के तट पर व्यवस्था को संभाले हुए हैं।

आसींद नगर पालिका अध्यक्ष देवीलाल साहू ने बताया कि वर्षों बाद खारी नदी में पानी आने से हर्ष की लहर व्याप्त है।आसींद हुरडा क्षेत्रीय विधायक जबर सिंह सांखला ने आसींद क्षेत्र वासियों को खारी बांध की चादर चलने एवं खारी नदी में पानी आने की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की तथा आमजन से अपील करते हुए बताया कि नदी नालों के उफान से दूर रहे, सतर्कता दिखाते हुए खारी महोत्सव मनाया गया।

## धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**अजमेर, (कासं)।** कोतवाली थाना इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी के खाते में डाले गए 30 हजार रुपए किसी अन्य के खाते में भेजकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। कोतवाली थाना पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार घासकटला निवासी दामोदर दास सोढ़ी ने शिकायत दी है कि 8 सितंबर 2023 से लेकर 13 जून 2024 तक उन्होंने अपनी पत्नी के बैंक अकाउंट में 30 हजार रुपए रुपए नया बाजार आगरा गेट स्थित बैंक में डाले थे, लेकिन उक्त रुपए किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अन्य के खाते में डाल दिए गए और धोखाधड़ी की गई। इस संबंध में मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच थाने के सहायक उप निरीक्षक शिवलाल को दी गई है, जो मामले की जांच कर रहे हैं।

## बाढ़ पीड़ित श्रमिकों को दस हजार डॉलर की सहायता

**अजमेर, (कासं)।** लायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा राजस्थान के फलोदी जिले में आई बाढ़ के लिए आपातकालीन दस हजार डॉलर ( करीब साढ़े आठ लाख रुपए) की तत्कालिक सहायता प्रांतपाल लायन श्यामसुंदर मंत्री को उपलब्ध कराई गई हैं।

डिस्ट्रिक मीडिया कॉर्डिनेटर एमजेएफ लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि गत दिनों जोधपुर के फलोदी में भारी मात्रा में अति वृष्टि हुई, जिसके कारण रिन मलार नमक क्षेत्र में पानी भर जाने से 500 से अधिक श्रमिक बेरोजगार हो गए। जिस पर पूर्व इंटरनेशनल डायरेक्टर लायन वी के लाडिया, पूर्व प्रांतपाल लायन अरविंद शर्मा, लायन ओ एल दवे के अथक प्रयासों से लायंस क्लब इंटरनेशनल ने तात्कालिक आपातकालीन सहायता के तौर पर दस

- **सहायता के तौर पर दस हजार डॉलर मंजूर करते हुए प्रांतीय कार्यालय को भिजवाई**

हजार डॉलर मंजूर करते हुए प्रांतीय कार्यालय को भिजवाई।

पूर्व प्रांतपाल लायन दिलीप तोषनीवाल ने बताया कि आगामी दो तीन दिन में प्रांतपाल द्वारा जिला उद्योग एवम वाणिज्य केंद्र के सहयोग से बाढ़ पीड़ित क्षेत्र में सहायता प्रदान की जायेगी। ताकि आपदा में फंसे श्रमिको को राहत मिल सके। जोधपुर में अतिवृष्टि से फलोदी रिण मलार के नमक उद्योग में कार्यरत 500 से ज्यादा श्रमिक परिवार नमक क्षेत्र में पानी भर जाने से बेरोजगार हो गए।

## सार-समाचार

### ड्राइवरों को किया सम्मानित

**अजमेर, (कासं)।**अजयमेरू थोक ट्रासपोर्ट विकास समिति परबतपुरा पालरा द्वारा अध्यक्ष मोइन खान के कार्यालय में 21 ड्राइवरों को ट्रांसपोर्ट दिवस के अवसर पर सम्मानित करते हुए स्वच्छ आबो हवा और स्वच्छ वातावरण के सम्बंध में विशेष जानकारी देकर अपने जीवन को उसी के अनुसार ढालने की सीख दी। अजमेर व्यापारिक महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने बताया कि महासंघ से सम्बंधित ड्राईवरो अजयमेरू थोक ट्रासपोर्ट विकास समिति के अध्यक्ष मोइन खान एवं अन्य पदाधिकारियो ने 21 ड्राईवरों का अभिनन्दन किया और सुरक्षात्मक तरीके से वाहन चलाने के साथ साथ अपना एवं अन्य का जीवन सुरक्षित रखने की अपील की और तरीके भी समझाये। अध्यक्ष मोइन खान ने बताया कि वर्तमान वर्षा ऋतु में हाई वे ओर अन्य प्रमुख मार्गो पर भी अनेक पशु मार्गो में बैठै होने से अनेक प्रकार की दुर्धटनाएं होती रहती है।

### विनायक को लगाया लड्डूओं का भोग

**अंराई, (निसं)।** अरांई कस्बे एवं आसपास के गांवो में गणेश चतुर्थी के अवसर पर ग्रामीणों ने श्रद्धा के साथ गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया प्रात: काल से ही घर-घर से व आसपास ग्रामवासियों ने कस्बे स्थित सिद्धिविनायक गणेश जी के मंदिर में आकर चूरमा खीर व नारियल का भोग लगाया पुजारी संजीव पाराशर ने आरती कर भोग लगाया गया पुजारी पाराशर ने बताया कि हर साल की भांति इस चतुर्थी के पहले दिन मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया जिसमें गिरधर गोपाल शर्मा बृजेश शर्मा चंद्रप्रकाश शर्मा ने जागरण में भजनो की मनमोहक प्रस्तुति दी जागरण के पश्चात आरती कर प्रसाद वितरण किया गया पुजारी पाराशर के द्वारा गणेश जी की मूर्ति का आकर्षक श्रंगार कर मंदिर को लाइट डेकोरेशन से मंदिर को सजाया गया आसपास के ग्रामीणों द्वारा अपने-अपने घरों से गणेश जी को भोग लगाकर गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया

### 'अभियान में हर कार्यकर्ता जुटे'

**मेडता सिटी, (निसं)।** भाजपा का अभियान मेड़ता में परवान पर, विधायक लक्ष्मण राम कलरु ने अधिकाधिक सदस्यता लेने हेतु किया आ ान। वही भाजपा रियांबड़ी मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक का आयोजन कर दिया आपसी सामंजस्यता का संदेश। विधायक कलरु ने कहा कार्यकर्ता ही हमारे पार्टी की रीढ़ है, यही वो कार्यकर्ता हैं जो सवा करोड़ सदस्य राजस्थान में पार्टी के बनाने हैं वो पूर्ण करेंगें। हम हर बूथ पर पहुंचकर पार्टी के लिए सदस्य बनायेंगे और गांव गांव ढाणी ढ़ाणी तक डबल इंजन सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों को पहुंचायेंगे। इस दौरान रियांबड़ी मंडल अध्यक्ष भंवरसिंह, जसनगर मंडल अध्यक्ष महेंद्र नाथ, रियांबड़ी सरपंच गिरधारी माली सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जन्मदिन पर देहदान का संकल्प

**अजमेर, (कासं)।** महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र द्वारा आम जन के मध्य अंगदान-देहदान-नेत्रदान के समर्पण हेतु अनेक कार्य किए जाते रहे हैं। दिनांक 7 सितंबर 2024 को 30 वे जन्मदिन पर पीयूष चंदावत पुत्र दयालचंद निवासी जॉन्सगंज अवधपुरी अजमेर के द्वारा ब्लड सेंटर, जे एल एन हॉस्पिटल अजमेर में रक्तदान का नेक कार्य किया एवं स्वयं की प्रेरणा से देहदान का संकल्प पत्र अपनी पत्नी एवं परिवार के सदस्यों की सहमति से भरकर महावीर इंटरनेशनल अजमेर केंद्र को प्रस्तुत किया। सेवा का यह जज्बा दर्शाता है कि अजमेर शहर में अंगदान एवं देहदान हेतु प्रेरित करने की जो मुहिम महावीर इंटरनेशनल चलाई गई है, वह फलीभूत हो रही है।। सचिव वीर प्रभात सेठी के अनुसार अब तक 89 देहदान के घोषणा पत्र प्राप्त हो चुके हैं।

### कवि सम्मेलन 17 सितंबर को

**बिजयनगर, (निसं)।** सब्जी मंडी स्थित श्री राम भक्त हनुमान मंदिर मेला प्रांगण में आगामी 15 सितंबर कोअखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा ।मंदिर पुजारी सत्यनारायण शर्मा ने बताया किअखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन में देश के ख्यात नाम कवि कलाम भारती दिल्ली वीर रस, प्रीति पांडे प्रयागराज श्रृंगार रस, राजकुमार बादल शकरगढ़ राजस्थानी हास्य रस, सुनील व्यास कांकरोली हास्य रस ,अकबर ताज खंडवा मध्य प्रदेश अंध शायर गीतकार, ऐलेश अवस्थीआगरा हास्य रस, कवि सम्मेलन के सूत्रधार संचालक कवि रशीद निर्मोही आगूचा माइन्स कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करेंगे।

### सोसायटी के चुनाव रविवार को

**भीलवाड़ा, (निसं)।** सिंधी एंप्लॉयीज वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पद के चुनाव एवम् पारिवारिक स्नेहभोज कार्यक्रम 8 सितंबर, रविवार को संत कंवरराम धर्मशाला, सिंधुनगर में आयोजित होगा। सोसायटी अध्यक्ष अंबालाल नानकानी एवम वरिष्ठ सदस्य सुनील हेमराजानी ने बताया कि रविवार दोपहर 4 से शाम 6 तक अध्यक्ष पद के चुनाव तथा शाम 6 से 8 बजे तक पारिवारिक स्नेहभोज का कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में सोसायटी सदस्यों के लगभग 150 परिवारजन सम्मिलित होंगे।

### पानी के तेज बहाव में बहा युवक, मौत

**सरवाड़, (निसं)।** सरवाड़ निकटवर्ती फतेहगढ़ से सरसुन्दा रपट पर अपने गांव गोवर्धनपुरा जाते समय तेज पानी के बहाव के कारण मोटरसाइकिल साहित पानी में बह गया। युवक वहीं जिस पर आस पास खड़े ग्रामीणों ने देख लिया। युवक को बचाव के लिए पानी में उतर गए। काफी तलाश के बाद युवक को पानी से बाहर निकाला गया। युवक की पहचान गोवर्धनपुरा निवासी छीतर कुमावत के रूप में हुई। वहीं परिवारजनों को इसकी सूचना मिलते ही चीख पुकार मच गई।

### सड़क हादसे में युवक घायल

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा कस्बे में पिकअप की टक्कर से एक युवक हुआ घायल घायल को मसूदा चिकित्सालय में कराया भर्ती डॉक्टर द्वारा घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया गया घायल की हालत गंभीर होने से उच्च संस्थान के लिए रेफर किया।

## 'शैक्षिक अनुसंधानों से समस्याओं का निराकरण होता है'

**शाहपुरा, (निसं)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शाहपुरा के आईएफआईसी प्रभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय जिला शोध समूह डी.आर.जी.का प्रशिक्षण शनिवार संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर बोलते हुए प्रशिक्षण प्रभारी एवं प्रभागाध्यक्ष शिक्षाविद डॉ.कैलाश मंडेला ने शैक्षिक अनुसंधान कार्यों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए प्रत्येक शिक्षक को अनुसंधान प्रक्रिया से जुड़ने का आ ान किया अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि विद्यालय से जुड़ी शैक्षिक प्रशासनिक सह शैक्षिक एवं सामाजिक समस्याओं का निराकरण क्रियात्मक अनुसंधानों, केस स्टडी आदि माध्यमों से समझ विकसित कर किया जा सकता है।

वर्तमान में भीलवाड़ा जिले की डर्फ के माध्यम से जिला शोध, राज्य स्तरीय शोध, केस स्टडी व क्रियात्मक अनुसंधान तथा सर्वे शोध किये जा रहे

- **डी.आर.जी. का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न**

हैं। प्रशिक्षण में भीलवाड़ा और शाहपुर जिले के 26 संभागियों ने भाग लिया। जिले के सभी ब्लॉक से आए हुए संभागियों ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया।

शिक्षाविद् डॉ. विनोद श्रीवास्तव एवं सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य जगदीश चन्द्र शर्मा प्रधानाचार्य के कुशल नेतृत्व में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां सत्रवार आयोजित की गई तथा संभागियों से शोध आकल्प तैयार करवाए गए। संभागी डॉ.सत्यनारायण सत्य, जयवर्धन हाला, उषा जांगिड़, मनोज सोनी, गोपाल लाल बलाई, नोर्मल रेगर तथा रणजीत बैरागी व अन्य ने शोध कार्य पर अपनी प्रस्तुति इस अवसर पर दी।

## कांग्रेस नेता सचिन पायलट के जन्म दिवस पर गौ माता की सेवा

**मदनगंज-किशनगढ़, (निसं)।** पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के जन्म दिवस के उपलक्ष में कांग्रेस नेताओं ने मदनेश गौशाला में गौमाता को चारा व गुड खिलाकर सेवा की।

विधायक डॉ विकास चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष मोहित खण्डेलवाल, नगर अध्यक्ष आजम कुरैशी, प्रतिपक्ष नेता हमीदा बानो, जिला परिषद सदस्य जगदीश गौरा, बार एसोसिएशन अध्यक्ष दीपक खटाना, पार्षद रफीक मोहम्मद, सुशील अजमेरा, महेन्द्र यादव, पूर्व पार्षद राकेश शर्मा, राधेश्याम वैष्णव, मदन मेघवाल, रामस्वरूप भडाना, सुरेश भड़ाना, दीपक बिरला, कमल डीडवानिया, कानाराम चोट्यया, तेजपाल बजाड, राजीव चुण्डीवाल, बृजेश जोशी, सत्यनारायण मेघवाल, कैलाश शर्मा सहित कई कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

एडवोकेट राजेश गुर्जर टोकड़ा व पंचायत समिति सदस्य रवि सिनोदिया के नेतृत्व में पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के 47 वें जन्मदिवस पर मदनेश गौशाला में गौमाता को चारा व गुड़ खिलाया।

पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शक्की मोहम्मद, रमेश जाजू, सेवादल अध्यक्ष भागचंद गुर्जर, उमराव बाकलीवाल, बाबूलाल गुर्जर, वीर गुर्जर युवा मण्डल अध्यक्ष श्योजीराम गुर्जर, पार्षद परमेन्द्र जोशी, धनालाल यादव, तक्की मोहम्मद, महेन्द्र यादव, राधेश्याम वैष्णव, विपेन्द्र सिंह, एडवोकेट संजय राज, तेजपाल बजाड, दीपक बिरला, नोरत साहू, सत्यनारायण मेघवंशी, नोरत गुर्जर, रामस्वरूप भड़ाणा, अंकित जोशी, देवीसिंह, कमलेश चुंडीवाल, दीदार अली, देवेंद्र सिंह, सलीम, पवन विजयर्गीय, राजेश सैनी, विश्राम गुर्जर, भेरू गुर्जर, शदाब खान, अनु शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी एडवोकेट राजेश गुर्जर ने दी।



सचिन पायलट के जन्म दिवस के उपलक्ष में कांग्रेस नेताओं ने मदनेश गौशाला में गौमाता को चारा व गुड खिलाकर सेवा की।

## खेल स्वास्थ्य एवं विकास के लिए आवश्यक : देवनानी

### जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में रेजीडेन्ट चिकित्सकों ने आयोजित ''स्पैक्ट्रम-2024'' का शुभारम्भ किया

**अजमेर, (कासं)।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि खेल मनुष्य के स्वास्थ्य एवं मानसिक व शारीरिक विकास के लिए आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने कामकाज के दौरान खेल, अवकाश एवं संगीत के लिए समय निकालना चाहिए। चिकित्सकों का काम निरन्तर थका देने वाली प्रक्रिया है। ऐसे में डॉक्टर्स को आवश्यक रूप से खेलों की और ध्यान देना चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को राजकीय जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में रेजीडेन्ट चिकित्सकों द्वारा आयोजित ''स्पैक्ट्रम-2024'' का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वयं का मानसिक, शारीरिक और सामाजिक स्वास्थ्य सही होगा तभी चिकित्सक अपने पेशेंट्स को स्वस्थ्य कर पाएंगे। इसके लिए हम सबको खेलना, मनोरंजन करना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक सहभागिता को बढ़ाना



देवनानी ने आयोजित ''स्पैक्ट्रम-2024'' का शुभारम्भ किया।

आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि आज वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में पढ़ाई के अलावा सह शैक्षिक व खेलकूद गतिविधियों में भागीदारी कम होती जा रही है। पहले हम सबको कभी बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंक फिर हमें नीट परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होना चाहिए और फिर मेडिकल की मोटी-मोटी अंग्रेजी में लिखी पुस्तकों में पूर्ण विशेषज्ञता चाहिए। इन सब में हमारा खेलकूद, मनोरंजन और सामाजिक सहभागिता खो गई। इन्हें प्राप्त करने का एक कारगर उपाय आप सब ने मिलकर खोजा है ''स्पैक्ट्रम-2024''।उन्होंने चिकित्सकों का आहवन किया कि आप सभी दसों दिशाओं में अपनी सतरंगी ऊर्जा, अपना सतरंगी प्रकाश फैलाएं और जीवन के प्रत्येक क्षेत्रा में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ जीतो, आगे बढ़ो। यही खेलों का भी महत्व और उद्देश्य है। हम समस्त ऊर्जा के साथ अपने मानसिक स्वास्थ्य को उच्चता करें। देवनानी ने कहा कि विश्व के प्रसिद्ध विचाराकों ने कहा है कि विद्वानों के लिए अवकाश, खेल आवश्यक है। आज के युग में सर्वाधिक विद्वानों डॉक्टर्स भी हैं।

चिकित्सकों को इस धरती पर भगवान कहा जाता है। लाखों जिन्दगियां आप पर निर्भर है। कई जरूरतमंद घरों का उजाला आप हो, इसलिए आपका स्वस्थ और मस्त होना बहुत जरूरी है। इसके लिए खेल और संगीत का आनन्द जरूरी है। आज सभी को पता है कि खेलना जरूरी है, व्यायाम जरूरी , सामाजिक सहभागिता और साहचर्य जरूरी, इम्युनिटी पावर जरूरी, स्वस्थ प्रतिस्पसर्धा, सहनशीलता, सहिष्णुता जरूरी।

## पायलट का जन्मदिवस मनाया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट के 47वें जन्मदिवस के अवसर पर भीलवाड़ा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य राजेश चौधरी के नेतृत्व में व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी, ओम नराणीवाल, अनिल डांगी, राजेन्द्र त्रिवेदी के सानिध्य में जिला मुख्यालय पर जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी अग्रिम संगठनों के अध्यक्ष व कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने रामधाम स्थित गौशाला में गायों को लापसी व चारा खिलाकर 'गौसेवा संकल्प दिवस' के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर राजेश चौधरी ने बताया कि प्रात: 10 बजे से ही जिलेभर से आये कांग्रेस कार्यकर्ता व युवाओं ने सचिन पायलट जिन्दाबाद, गौमाता जिन्दाबाद के नारे लगाते हुये आजाद नगर स्थित रामधाम गौशाला पर जमकर नारेबाजी करने लगे व सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुये, सभी ने एक साथ गौशाला में प्रवेश कर गौ माता के लिये बनाये गये लापसी के केक को काटा, गौ माता जिन्दाबाद, गौ माता की सेवा करेगें, सचिन पायलट जिन्दाबाद के नारे लगाते हुये सम्पूर्ण लापसी के केक को गौमाता को खिलाया और बाद में सभी एक साथ खड़े होकर संकल्प लिया कि हमारे युवा नेता सचिन पायलट की कल्पना को साकार करते हुये हमेशा गौमाता की सेवा करेगें।

## गायत्री सांसी के पेट्रोल आत्मदाह कांड में पति व ससुर को सजा सुनाई

**भीलवाड़ा, (निसं)।** अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश (महिला उत्पीड़न प्रकरण) ने गायत्री सांसी के पेट्रोल आत्मदाह कांड में बड़ा फैसला सुनाते हुए मृतका के पति संजय सांसी व ससुर ज्ञानचंद सांसी को सात-सात साल की कठोर कैद से दंडित किया है। न्यायालय ने पति पर 15 हजार और ससुर पर 22 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

प्रकरण के अनुसार, 12 दिसंबर 2015 को प्रताप नगर पुलिस ने बीलिया खुर्द निवासी गायत्री पत्नी संजय सांसी की बिना नंबरी एफआईआर दर्ज की थी। गायत्री सांसी ने रिपोर्ट में बताया था कि उसका विवाह बीलिया खुर्द के संजय पुत्र ज्ञानमल सांसी के साथ नौ साल पहले हुआ था। उसके दो बेटियां 7 साल की अंजली और 6 साल की प्रीति उससे छोटा 5 साल का बेटा भैंरू है। वह अपने पति के साथ बीलिया में अलग रह रही है। उसके पति तीन भाई हैं। बबलू व जस्सीया दोनों शास्त्री नगर में रहते हैं। पति फैक्ट्री में काम करता है। गायत्री ने रिपोर्ट में बताया कि पिता से रुपये लाकर देने की उससे मांग की जा रही थी।

उसने रूपये लाकर देने से मना कर दिया तब उस पर पेट्रोल डालकर

- **दोनों को सात-सात साल की कठोर कैद से दंडित किया और जुर्माना भी लगाया**
- **दहेज की मांग से परेशान होकर गायत्री ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली थी**

आग लगा दी। इससे वह बुरी तरह झुलस गई। गायत्री ने आरोप लगाया था कि 7-8 दिन पूर्व भी ससुर ज्ञानचन्द सांसी ने उसके साथ मारपीट की व चाकू से हाथ पर चीरा लगा दिया था। उसका पीहर शास्त्री नगर भीलवाड़ा में है। एक बार इन लोगों की मांग पर उसने पिता से दस हजार रूपये लाकर भी इन्हें दिये थे। इस रिपोर्ट पर पुलिस ने दहेज प्रताड़ना, जानलेवा हमला, मारपीट आदि धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने तफ्तीश शुरु करते हुये धारा 161 के बयान लिये। अगले दिन इलाज के दौरान 13 दिसंबर 2015 को गायत्री ने उदयपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने जांच में पाया कि गायत्री को हरणी महादेव रोड़, ज्योति नगर निवासी उसके ससुर ज्ञानमल पुत्र किशन सांसी और बीलिया खुर्द निवासी पति संजय पुत्र ज्ञानमल सांसी से दहेज में रूपये की मांग कर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, जिससे दुखी होकर गायत्री ने अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। इसके चलते उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने गायत्री को आत्मदाह के लिए मजबूर करने के आरोप में 29 अप्रैल 2016 को ससुर ज्ञानमल सांसी और 23 जून 2016 को पति संजय सांसी को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश से जेल भिजवा दिया था। पुलिस ने न्यायालय में चार्जशीट पेश की। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से विशिष्ट लोक अभियोजक संजू बापना ने 18 गवाहों के बयान करवाये और 37 दस्तावेज पेश कर ज्ञानमल व संजय सांसी पर लगे आरोप सिद्ध करवाये। सुनवाई पूरी होने पर न्यायालय ने दोनों आरोपितों को 7-7 साल की कठोर कैद से दंडित किया। इसके अलावा आरोपित ज्ञानमल पर 22 हजार व संजय पर 15 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।



भारत में खेलने के पिछले अनुभव का हमें फायदा मिलेगा। नोएडा और लखनऊ हमारे घरेलू मैदान रहे हैं। हमने यहां कई मैच खेले हैं और अभ्यास शिविर लगाए हैं। हम भारत के मौसम और पिच की स्थिति से भी परिचित हैं। **–रहमत शाह**

अफगानिस्तान के बल्लेबाज, न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के बारे में कहा।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी ▶**

## एंड्र्यू फ्लिंटॉफ




**इंग्लैंड** के दिग्गज ऑलराउंडर एंड्र्यू फ्लिंटॉफ इंग्लैंड लायंस टीम के हेड कोच बनाए गए हैं। लायंस टीम इंग्लैंड की ए टीम को कहते हैं। फ्लिंटॉफ ने इंग्लैंड के लिए 79 टेस्ट खेले हैं, वह पिछले साल ही सीनियर टीम के असिस्टेंट कोच बने थे। वह श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में भी टीम के असिस्टेंट कोच हैं। फ्लिंटॉफ अपने नए रोल की शुरुआत अक्टूबर में साउथ अफ्रीका दौरे से करेंगे। ए टीम फिर अगले साल जनवरी में ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलेगी। जिसकी मदद से 2025-26 ऐशेज सीरीज के लिए नए प्लेयर्स भी तैयार होंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता था।

## घरेलू क्रिकेट में डीआरएस से युवा बल्लेबाजों को फायदा मिलेगा : अश्विन

नयी दिल्ली, 7 सितम्बर। सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मौजूदा दलीप ट्रॉफी में निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) को लागू करने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि इससे युवा बल्लेबाजों



को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने से पहले आवश्यक तकनीकी बदलाव करने में मदद मिलेगी। अश्विन शुक्रवार की शाम को अनंतपुर में खेले जा रहे दलीप ट्रॉफी मैच के दौरान भारत डी के बल्लेबाज रिकी भुई को पगबाधा आउट दिए जाने के बाद चली चर्चा पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे।मैदानी अंपायर ने तब बल्लेबाज को आउट नहीं दिया था लेकिन भारत सी ने डीआरएस का सहारा लिया जिसके बाद भुई को पवेलियन लौटना पड़ा। अश्विन ने एक्स पर लिखा''घरेलू क्रिकेट के लिए डीआरएस सिर्फ सही निर्णय लेने तक सीमित नहीं है। कल शाम मानव सुथार की गेंद पर रिकी भुवी (भुई) का आउट होना एक बल्लेबाज का उत्कृष्ट मामला है जो प्रथम श्रेणी क्रिकेट में इस तकनीक के नहीं होने पर आउट होने से बच जाता।'' उन्होंने कहा, ''डीआरएस से पहले आगे बढ़कर खेलना कोई दोषपूर्ण तकनीक नहीं थी लेकिन अब यह है। पुराने जमाने में बल्लेबाजों को सिर्फ इसलिए नॉट आउट दिया जाता था क्योंकि वे फ्रंटफुट पर खेलने में कामयाब रहते थे।''

## शरद कुमार ने पैरा एथलेटिक्स में भरी ऊंची उड़ान

# पुरुषों की ऊंची कूद टी-63 में रजत पदक हासिल किया

नई दिल्ली, 7 सितंबर। भारत के पैरा-एथलीट शरद कुमार ने पेरिस पैरालिंपिक 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद टी63 में रजत पदक हासिल कर अपनी उपलब्धि में एक और इजाफा किया। एक मार्च 1992 को बिहार के मोतीपुर में जन्मे शरद को दो साल की उम्र में ही पोलियो हो गया था। उनका बचपन स्वास्थ्य संबंधी जटिलताओं से भरा हुआ था, जिससे उन्हें ठीक करने के लिए अस्पतालों के दौरे के साथ-साथ आध्यात्मिक अनुष्ठानों की आवश्यकता पड़ी। चार साल की उम्र में, शरद को एक बोर्डिंग स्कूल में भेज दिया गया जहाँ उन्हें खेलकूद से बाहर रखा गया। ऐसी स्थिति ने उसे बहुत निराश किया। इन सीमाओं से मुक्त होने की इच्छा ने खेल, विशेषकर ऊंची कूद में उनकी रुचि जगाई। अपने बड़े भाई, जो एक स्कूल रिकॉर्ड धारक था, से प्रेरित होकर, शरद ने ऊंची कूद पर अपना ध्यान केंद्रित किया और फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

शरद कुमार के एथलेटिक करियर की उड़ान तब शुरू हुई जब उन्होंने 2009 में छठी जूनियर नेशनल पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। इस शुरुआती जीत के कारण 2010 में चीन के गुआंगज़ौ में एशियाई पैरा खेलों में उनका अंतरराष्ट्रीय पदार्पण हुआ। इन वर्षों में, शरद ने व्यक्तिगत और शारीरिक दोनों बाधाओं



को पार करते हुए अपने कौशल को निखारा। उनकी कुछ प्रमुख उपलब्धियों में पुरुषों की ऊंची कूद टी42 में टोक्यो पैरालिंपिक 2020 में कांस्य पदक, 2019 और 2017 में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक और 2018 और 2014 में एशियाई पैरा खेलों में स्वर्ण पदक शामिल हैं। इसके अलावा, उन्होंने मलेशिया ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया, जिससे भारत के प्रमुख पैरा-एथलीटों में से एक के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई। पैरा-एथलेटिक्स में शरद कुमार की सफलता को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के जरिये काफी बढ़ावा मिला है। उनके प्रशिक्षण, प्रतियोगिताओं और विशेषज्ञ कोचिंग के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, जो उनके विकास और प्रदर्शन के लिए आवश्यक है।

शरद कुमार की कहानी सभी बाधाओं के बावजूद जीत की कहानी है। पोलियो के प्रभाव से जूझने से लेकर टोक्यो और पेरिस पैरालिंपिक में पोडियम पर खड़े होने तक, उनकी यात्रा महत्वाकांक्षी एथलीटों के लिए प्रेरणा है। अपने नाम के साथ कई पुरस्कारों के साथ, शरद लगातार बाधाओं को तोड़ रहे हैं और देश को गौरवान्वित कर रहे हैं।



## होकाटो ने शॉटपुट स्पर्धा में जीता कांस्य पदक

### कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियान में अपना बांया पैर गंवाया था

पेरिस, 7 सितंबर। भारतीय एथलीट होकाटो सेमा ने पहली बार पैरालिंपिक खेलों में भाग लेते हुए पुरुषों की शॉटपुट एफ57 के फाइनल मुकाबले में अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। नागालैंड के रहने वाले एथलीट होकाटो सेमा ने शुक्रवार देर रात खेले गये गोला फेंक मुकाबले मे 14.65 मीटर के अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे और कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके साथ पैरालिंपिक में छह स्वर्ण, नौ रजत, 12 कांस्य के साथ भारत के पदकों की संख्या 27 हो गई है। इस स्पर्धा में ईरान के यासिन कोसावनी ने 15.96 मीटर थ्रो के साथ स्वर्ण पदक और वहीं थिएगो पॉलिनो ने 15.06 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक मिला। 24 दिसंबर 1983 को जन्में होकाटो सेमा नागालैंड के किसान परिवार से आते है। वह सेना में थे और वर्ष 2002 में जम्मू कश्मीर के चौकीबल में आंतकवाद विरोधी अभियान में होकाटो सेमा ने भाग लिया। इस दौरान बारूदी सुरंग में विस्फोट उन्हें अपना बायां पैर गंवाया पड़ा। पैर गवांने के बाद उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और कई चुनौतियों के बावजूद उन्होंने 2016 में पैरा एथलीट बनने की ओर रूख किया। सेमा ने एशियाई पैरा खेल 2022 (2023) कांस्य पदक, विश्व चैम्पियनशिप 2024 में चौथा स्थान पर रहे और मोरक्को ग्रैंड प्रिक्स 2022 में रजत पदक जीता।

## ओलिंपिक पदक विजेता भारत एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए तैयार



मोकी (चीन), 7 सितंबर। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम आठ सितम्बर से यहां शुरु होने वाली हीरो एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में अपने खिताब की रक्षा के लिये कमर कस चुकी है। मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस पर शुरू होने वाली प्रतियोगिता में भारत खिताब बचाने के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत कर रहा है, जबकि मेजबान चीन, जापान, पाकिस्तान, कोरिया और मलेशिया इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद के साथ पहुंचे हैं।

पिछले साल, भारत ने घरेलू मैदान पर चैंपियंस ट्राफी का खिताब जीता था और इसके साथ ही वह टूर्नामेंट के इतिहास में चार खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम बन गई थी। टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह इस साल भी महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत का दबदबा जारी रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ने हमें एशियाई खेलों में जाने के लिए सही शुरुआत हासिल की और इसके बाद ओलंपिक खेलों में फिर से पोडियम पर पहुंचने की जीत हासिल की। इस बार भी, हम यह टूर्नामेंट जीतकर नए सिरे से ओलंपिक चक्र शुरू करना चाहते हैं।

हालांकि इस टूर्नामेंट में हमारे ओलंपिक टीम के दस सदस्य खेल रहे हैं, हमारे पास कुछ युवा खिलाड़ी हैं जो टीम में अपना प्रभाव डालने की कोशिश कर रहे हैं। हरमनप्रीत ने कहा कि खेल के दृष्टिकोण से, हमारे आक्रमण और पेनल्टी कॉर्नर हमारी ताकत हैं लेकिन हम ऐसा करेंगे विशेष रूप से जापान, मलेशिया और पाकिस्तान जैसी टीमों के खिलाफ एक संरचित रक्षा खेलना चाहते हैं। विश्व रैंकिंग अंकों के मामले में यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं।

## कानपुर सुपरस्टार्स ने रोमांचक मुकाबले में नोएडा किंग्स को हराया

लखनऊ, 7 सितंबर। समीर रिजवी (46) की उपयोगी पारी के बाद गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर कानपुर सुपरस्टार्स ने शनिवार को यूपीटी20 लीग के एक रोमांचक मुकाबले में नोएडा किंग्स को मात्र दो रन से हरा दिया। इकाना स्टेडियम पर कानपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 119 रन बनाये जिसके जवाब में नोएडा की टीम 117 रन ही बना सकी।

गेंदबाजों की मददगार पिच पर समीर रिजवी की पारी कानपुर के लिये जिताऊ साबित हुयी। उन्होने 38 गेंदों की पारी के दौरान चार चौके और एक छक्का लगाया। समीर के अलावा मोहसिन खान (19 नाबाद) का योगदान अहम साबित हुआ। दूसरी ओर, राहुल राजपाल (13) और हर्षित सेठी (30) ने सधी शुरुआत की मगर कानपुर के गेंदबाजों ने अनुशासित गेंदबाजी का मुजाहिरा किया जिसके चलते नोएडा के बल्लेबाजों को रन बनाने में मुश्किलात का सामना करना पड़ा।



## जननिक सिनर और टेलर फ्रिट्ज यूएस ओपन के फाइनल में

वाशिंगटन, 7 सितंबर। शीर्ष वरीयता प्राप्त जननिक सिनर शुक्रवार को यहां यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचने वाले पहले इतालवी खिलाड़ी बन गए, जबकि टेलर फ्रिट्ज ने पांच सेटों के कठिन मैच के बाद फाइलज में अपनी जगह बनायी। सिनर ने ब्रिटिश उभरते सितारे जैक ड्रेपर को सीधे सेटों में 7-5, 7-6(3), 6-2 से हराया। मैच के बाद उन्होने कहा, यह एक बहुत ही कठिन मैच था। मैं बस मानसिक रूप से वहां रहने की कोशिश कर रहा था। ड्रेपर को हराना आसान नहीं था। यदि सिनर फाइनल जीतते हैं, तो वह एक ही सीज़न में ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन दोनों जीतने वाले इतिहास के चौथे पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। दूसरे सेमीफाइनल में, 12वीं वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज़ ने साथी अमेरिकी फ्रांसिस टियाफो को रोमांचक मुकाबले में 4-6, 7-5, 4-6, 6-4, 6-1 से हराया। इसके लिए उन्होने तीन घंटे और 18 मिनट तक संघर्ष किया और वापसी की। 2006 के बाद से यूएस ओपन पुरुष फ़ाइनल में जगह बनाने वाले पहले स्थानीय खिलाड़ी थे। फ्रिट्ज़ ने आंसुओं के साथ कहा, यही कारण है कि मैं इतनी कड़ी मेहनत करता हूं।'' मैं यूएस ओपन के फाइनल में हूं। यह एक सपने के सच होने जैसा है, और मैं इसमें अपना सब कुछ देने जा रहा हूं।

## मार्क वुड चोट के कारण पाकिस्तान और न्यूजीलैंड श्रृंखला से बाहर

नई दिल्ली, 7 सितम्बर। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड दाहिनी कोहनी की चोट के कारण इस साल होने वाले बाकी मैचों में नहीं खेल पाएंगे। इस तरह से वह अक्टूबर में पाकिस्तान और दिसंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड के सबसे तेज गेंदबाज वुड



ने जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान अपनी कोहनी में दर्द महसूस किया था जिससे उन्हें गेंदबाजी करने में परेशानी हो रही थी। इस दर्द के बावजूद वह श्रीलंका के खिलाफ मैनचेस्टर में पहले टेस्ट मैच में खेले थे। इस मैच में उनकी दाहिनी जांघ में भी चोट लग गई थी और इस कारण वह श्रीलंका के खिलाफ दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि वुड का लक्ष्य अगले साल के शुरू तक पूरी फिटनेस हासिल करना है। तब इंग्लैंड की टीम को सीमित ओवरों की श्रृंखला खेलने के लिए भारत का दौरा करना है जबकि फरवरी में पाकिस्तान में चैंपियंस ट्राफी खेली जाएगी।

## उत्तरी क्षेत्र को हरा कर साई शक्ति बना इंटर जोन चैम्पियन

लखनऊ, 7 सितम्बर। साई शक्ति ने शनिवार को दमदार खेल की बदौलत एकतरफा मुकाबले में उत्तर जोन को 5-1 से हरा कर प्रथम हाकी इण्डिया जूनियर पुरुष इंटर जोन प्रतियोगिता जीत ली है। गोमतीनगर विजयंतखण्ड स्थित पदमश्री मो शाहिद हाकी स्टेडियम में खेले गये फाइनल में जिरामे साई शक्ति की टीम ने 5-1 के अन्तर से विजयश्री प्राप्त की जबकि तीसरे स्थान के मैच में साई बल ने ईस्ट जोन को 6-4 के अन्तर से परास्त कर विजयश्री प्राप्त की। फाइनल मैच में सर्वश्रेष्ठ खिलाडी उत्तर जोन के राहुल राजभर एवं तीसरे स्थान के मैच में साई बल के राहुल को चुना गया। इस प्रतियोगिता में छः टीमो ने प्रतिभाग किया था।

## इंग्लैंड पहली पारी में 325 रन पर ऑलआउट

### कप्तान ओली पोप ने 154 रन बनाए, दूसरे सेशन में श्रीलंका ने 142 रन पर 5 विकेट गवाएं

लंदन, 7 सितम्बर। इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज का तीसरा मुकाबला लंदन के द ओवल मैदान पर खेला जा रहा है। शनिवार को मैच के दूसरे दिन पहले सेशन में इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 325 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड के लिए ओली पोप ने 154 रन की कप्तानी पारी खेली। दूसरा सेशन खत्म होने तक श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 5 विकेट खोकर 142 रन बना लिए। टीम से कप्तान धनंजय डी सिल्वा और कमिंडु मेंडिस नॉटआउट लौटे। पाथुम निसांका ने फिफ्टी लगाई। इंग्लैंड की टीम दूसरे दिन 221/3 के स्कोर से आगे खेलने उतरी, लेकिन हैरी ब्रूक (19), जेमी स्मिथ (16), क्रिस



वोक्स (2) और गस एटकिंसन (5) सस्ते में पवेलियन लौट गए। हालांकि, कप्तान ओली पोप ने अपनी शतकीय पारी को आगे बढ़ाते हुए 150 रनों का आंकड़ा पार किया।

## पेरिस पैरालिंपिक के मेडलिस्ट भारत लौटे, दिल्ली एयरपोर्ट पर जोरदार स्वागत

नई दिल्ली, 7 सितम्बर। पेरिस पैरालिंपिक 2024 में पहला गोल्ड दिलाने वाली अवनी लेखरा, ब्रॉन्ज मेडलिस्ट मोना अग्रवाल और शूटर मनीष नरवाल समेत कई प्लेयर शनिवार को भारत लौटे। दिल्ली एयरपोर्ट पर उनका जमकर स्वागत किया गया। फैंस ने पैरा एथलीट्स के पहुंचते ही ढोल-नगाड़े बजाए और उन्हें मालाएं पहनाई। 2 बार की गोल्ड मेडलिस्ट शूटर अवनी लेखरा ने एयरपोर्ट पर कहा- पेरिस पैरालिंपिक की जर्नी अच्छी थी, इस बार हमने कई मेडल जीते। भारतीय पैरालिंपियन शूटर मनीष नरवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल में सिल्वर मेडल जीता था। दिल्ली एयरपोर्ट पर फैंस ने उन्हें कंधे पर उठा लिया। मनीष ने कहा- इतना प्यार और सपोर्ट देने के लिए सभी का धन्यवाद। पैरा आर्चर राकेश कुमार ने पेरिस पैरालिंपिक के आर्चरी मिक्स्ड डबल्स में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। भारत लौटने पर फैंस ने उन्हें फूल मालाएं पहनाई। राकेश ने कहा- मेरी जीत का क्रेडिट मेरे कोच को जाता है, हम साथ मिलकर कड़ी मेहनत करके और अच्छा परफॉर्म करेंगे। पेरिस पैरालिंपिक के 10 मीटर एयर राइफल में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली मोना अग्रवाल का एयरपोर्ट पर शानदार स्वागत किया गया।

## इंडिया-सी ने इंडिया-डी को 4 विकेट से हराया

### इंडिया-ए के खिलाफ इंडिया-बी को 240 रन की बढ़त, ऋषभ पंत की फिफ्टी



नई दिल्ली, 7 सितम्बर। दलीप ट्रॉफी के तीसरे दिन शनिवार को इंडिया-सी ने इंडिया-डी को 4 विकेट से हरा दिया। 233 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया-सी की टीम ने आर्यन जुयाल के 47 और कप्तान ऋतुराज गायकवाड के 46 रन के चलते जीत दर्ज की। इंडिया-डी की तरफ से सारांश जैन ने 4 विकेट लिए। एक अन्य मुकाबले में इंडिया-बी की टीम ने दूसरी पारी में तीसरे दिन के अंत तक 6 विकेट के नुकसान पर 150 रन बना लिए हैं। इसके साथ ही इंडिया-बी की टीम की कुल बढ़त 240 रन की हो गई है। इंडिया-बी की तरफ से ऋषभ पंत ने 61 रन की पारी खेली। जबकि इंडिया-ए के लिए खलील अहमद और आकाश दीप ने 2-2 विकेट हासिल किए। बता दें कि, इंडिया बी के टॉप क्रम के बल्लेबाज फ्लॉप साबित हुए। यशस्वी जायसवाल इस पारी में सिर्फ 9 रन बनाकर आउट हो गए जबकि कप्तान अभिमन्यू ईश्वरन ने 4 रन की पारी खेली।

## दूसरा टी-20 जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज पर कब्जा किया

एडिनबरा, 7 सितम्बर। ऑस्ट्रेलिया और स्कॉटलैंड के बीच खेली जा रही तीन मैचों की टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को 70 रन से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज पर भी कब्जा कर लिया है। एडिनबरा में खेला गया मुकाबला बारिश की वजह से देरी से शुरू हुआ। स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बैरिंगटन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। ऑस्ट्रेलिया ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 196 रन बनाए। जोश इंग्लिश ने अपने करियर का दूसरा शतक लगाया। उन्होंने 103 रन की पारी खेली। 197 रन का पीछा करने उतरी स्कॉटलैंड टीम की शुरुआत खराब रही। 20 रन के अंदर दोनों ओपनर्स पवेलियन लौट गए। टॉप ऑर्डर बैट्समैन ब्रेंडन मैक्मुलेन 59 और जॉर्ज मुन्से 19 रन के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाया। पूरी टीम 126 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से मार्कस स्टोइनिस ने 4 विकेट लिए। जोश ने ऑस्ट्रेलिया के लिए टी-20 में सबसे तेज सेंचुरी लगाई। उन्होंने 43 बॉल पर अपना शतक पूरा किया। 103 रन की पारी में उन्होंने 7 चौके और 7 सिक्स लगाए। ऑस्ट्रेलिया के पावर हीटर ट्रैविस हेड को ब्रैड क्यूरी ने शून्य के स्कोर पर बोल्ड कर दिया। लड़खड़ाती पारी को हेड और ग्रीन ने संभाला। दोनों ने मिलकर 52 बॉल पर 92 रन जोड़े। ग्रीन ने 36 रन की पारी खेली। ग्रीन के आउट होने के बाद मार्कस स्टोइनिस बल्लेबाजी करने आए।

## राजस्थान के मानव सुथार का दिलीप ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन

### मानव के ऑलराउंडर प्रदर्शन से जीती इंडिया-सी टीम

जयपुर, 7 सितम्बर। बीसीसीआई द्वारा आयोजित की जा रही महत्वपूर्ण दिलीप ट्रॉफी में इंडिया सी टीम ने राजस्थान के युवा आल राउंडर मानव सुथार के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंडिया डी टीम को हराया। राजस्थान (श्रीगंगानगर) के युवा खिलाड़ी मानव सुथार ने बीसीसीआई द्वारा आयोजित की जा रही मल्टी डेज प्रतियोगिता दिलीप ट्रॉफी में शानदार आल राउंडर प्रदर्शन करके न केवल बीसीसीआई के चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी तरफ खींचा है साथ ही भारत की टेस्ट टीम के लिए भी अपना मजबूत दावा पेश किया है। अनंतपुर में खेली जा रही बीसीसीआई द्वारा आयोजित दिलीप ट्रॉफी में इंडिया सी टीम के लिए खेलते



हुए मैच में मानव सुथार ने कुल 7 विकेट प्राप्त किये। जिसमे इंडिया डी टीम के विरुद दूसरी पारी में 7 विकेट लिए व इंडिया सी टीम के लिए दूसरी पारी में महत्वपूर्ण नाबाद 19 रन बनाते हुए टीम को 4 विकेट से जीत दिलाई।

इंडिया डी पहली पारी 164 आल आउट हुई, वही इंडिया सी के लिए मानव सुथार ने 1 विकेट प्राप्त किया। इंडिया सी पहली पारी 168 आल आउट हुई, वही इंडिया डी टीम दूसरी पारी 236 आल आउट हुई।

## 5 प्लेयर्स नहीं जीत सके मेडल

पेरिस, 7 सितम्बर। पेरिस पैरालिंपिक गेम्स का आज 10वां दिन है। भारत से आज शनिवार को 5 प्लेयर्स मेडल नहीं जीत सके। अब एथलेटिक्स के 3 ही इवेंट में चुनौती बची है। तीनों मुकाबले रात 10:30 बजे के बाद शुरू होंगे। भारत ने अब तक पैरालिंपिक गेम्स में 27 मेडल जीत लिए हैं। भारत मेडल टैली में 17वें नंबर पर है। भारतीय खिलाड़ियों ने अब तक 6 गोल्ड, 9 सिल्वर और 12 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। यह देश का पैरालिंपिक में ऑलटाइम बेस्ट परफॉर्मेंस है। इससे पहले टोक्यो पैरालिंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने 5 गोल्ड समेत 19 मेडल जीते थे। वह 15वें नंबर पर रहीं। मेंस रोड साइक्लिंग इवेंट में अरशद शेख भी रेस पूरी नहीं कर सके, वह 28वें नंबर पर रहे। मेंस की 50 मीटर बटरफ्लाई 7 कैटेगरी में भारत के सुयश जाधव 5वें नंबर पर रहे। विमेंस में 2 कैटेगरी की 200 मीटर विमेंस पैरा कनोइंग फाइनल में भारत की प्राची यादव 8वें नंबर पर रहीं। उन्होंने 1.08.55 मिनट में रेस पूरी की। मेंस 1 कैटेगरी के 200 मीटर कैनो स्प्रिंट सेमीफाइनल में यश कुमार 5वें नंबर पर रहे। वह फाइनल में जगह नहीं बना सके।


## अभिजीत तोमर, रोहन राजभर व रजत बघेल सम्मानित

### अभय शर्मा विशेष अवार्ड से सम्मानित

जयपुर, 7 सितम्बर। राजस्थान ब्लूज क्रिकेट क्लब की ओर से हर वर्ष की भांती राजस्थान कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं राजस्थान सरकार में मंत्री रहे मथुरा दास माथुर जी की स्मृति में उनके जन्म दिवस के अवसर पर होटल हिलटन में प्रातः 11.30 बजे समारोह में 31वां मथुरा दास माथुर अवार्ड समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह में राजस्थान के लिए सत्र 2023-24 में उत्कृर्ष प्रर्दशन करने पर सीनियर वर्ग में अभिजीत तोमर, जुनियर वर्ग में रोहन राजभर व सब जूनियर वर्ग में रजत बघेल को अवार्ड से सम्मानित किया गया तथा विजय मर्चेन्ट ट्रॉफी में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने पर अभय शर्मा को उदयमान खिलाड़ी के रुप में अवार्ड से सम्मानित किया। अवार्ड्स के तहत सीनियर



वर्ग में 15000 (पन्द्रह हजार) तथा जूनियर व सब जूनियर वर्ग में कमशः साढ़े सात हजार रुपए नकद व सर्टिफिकेट ऑफ एक्सिलेंस, स्मृति चिन्ह, व सम्पूर्ण किट बैग प्रदान किये गये। अवार्ड समारोह के मुख्य अतिथि यूनुस खान (विधायक डीडवाना एवं पूर्व केबीनेट मंत्री), रामारोह के अध्यक्ष डॉ. महेश जोशी (पूर्व केबीनेट मंत्री) व क्लब के अध्यक्ष विनोद माथुर के द्वारा अवार्ड प्रदान किये गये। अवार्ड पाने वाले खिलाड़ियों में सीनियर कैटेगरी में अभिजीत तोगर दायें हाथ के बल्लेबाज, जनियर कैटेगरी में रोहन राजभर दायें हाथ के बल्लेबाज व ऑफ स्पीनर, सी के नायडू तथा सब जूनियर कैटेगरी में रजत बघेल धोलपुर, दायें हाथ का बल्लेबाज एवं विकेट कीपर को अवार्ड्स से सम्मानित किया गया। विजय मर्चेन्ट ट्रॉफी अण्डर 16 में (उदयमान खिलाड़ी) स्पेशल अवार्ड अभय शर्मा दायें हाथ के बैट्समैन को सम्मानित किया गया। समारोह के अन्त में राजस्थान ब्लूज किकेट क्लब की ओर से विनोद माथुर ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने शनिवार को जयपुर एग्ज़िबिशन एण्ड कन्वैन्शन सैंटर में अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण के तहत तीन श्रेणियों (बड़े, मध्यम एवं छोटे शहर) में देश के नौ शहरों को अवॉर्ड दिया। इस कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा सहित बड़ी संख्या में पर्यावरणविद् एवं आमजन उपस्थित हुए।*

# अन्तर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस पर कई शुभ व नेक इरादे देखने को मिले

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि राज्य में 7 करोड़ पौधे लगाये हैं, 5 वर्ष में 50 करोड़ पौधों का लक्ष्य है

- **मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अगले वर्ष राज्य का ग्रीन बजट पेश किया जायेगा।**
- **उन्होंने कहा, प्रकृति का संरक्षण हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है, छोटे प्रयासों से बड़ा बदलाव ला सकते हैं।**

जयपुर, 7 सितम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रकृति किसी न किसी रूप में मानव जाति को निरंतर सौगातें देती है। बदले में हमें भी प्राकृतिक संसाधनों के सीमित उपयोग और वृक्षारोपण से प्रकृति संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पानी की व्यर्थ बर्बादी रोकने, थाली में आवश्यकतानुसार ही भोजन लेने और परिवहन के साधनों को साझा रूप से इस्तेमाल करने जैसे छोटे-छोटे प्रयासों से हम बड़ा बदलाव ला सकते हैं। शर्मा शनिवार को जयपुर एग्ज़ीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में पांचवें स्वच्छ वायु दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 7 सितंबर को नीले अंबर के लिए स्वच्छ वायु का अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। इसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्रवाई को प्रोत्साहन देना है। हमें अपने वर्तमान एवं भविष्य को सुरक्षित रखने तथा जीवन को स्वस्थ बनाए रखने के लिए ये कदम उठाने अति आवश्यक हैं। हम सब जागरूक नागरिक होने का कर्तव्य निभाते हुए वायु प्रदूषण को कम करने में सरकार के प्रयासों में भागीदार बनें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए गए एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेकर विश्व पर्यावरण दिवस पर राज्य में वृक्षारोपण महाअभियान शुरू किया है, जिसके तहत 7 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं तथा 5 वर्षों में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही, मिशन हरियालो राजस्थान के तहत 5 सालों में 4 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में सभी विकास योजनाओं में ग्रीन ग्रोथ के सिद्धांत तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ आगामी वर्ष से राज्य का ग्रीन बजट पेश करने का भी निर्णय लिया गया है। साथ ही, प्रदूषण मुक्त राजस्थान की संकल्पना हेतु बड़े शहरों में 1000 इलेक्ट्रिक बसें शीघ्र ही संचालित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में नेशनल क्लीन एयर प्रोगाम के तहत वायु प्रदूषण की समस्या के समाधान के लिए राज्य स्तरीय कार्य योजना बनाई गई है। अधिक प्रदूषित 5 शहरों के लिए शहरी कार्य योजना भी तैयार की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशन, मोबाइल वैन के माध्यम से वायु गुणवत्ता का मापन, 600 से अधिक उद्योगों में ऑनलाइन प्रदूषण निगरानी प्रणाली भी स्थापित की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में प्रदूषण नियंत्रण मंडल की 13 प्रयोगशालाओं में से 5 प्रयोगशालाओं का आधुनिकरण किया गया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन लाइफ का उद्देश्य पर्यावरण हितैषी जीवन शैली अपनाकर प्रकृति का संरक्षण करना है। उन्होंने कहा कि देश के 131 शहरों में नवाचारों एवं तकनीक के उपयोग के संयुक्त प्रयासों से पर्यावरण प्रदूषण को कम किया गया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि भारत सरकार आईडियाज फोर लाइफ कार्यक्रम के माध्यम से सात विभिन्न विषयों पर कार्य कर रही है। उन्होंने राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर चलाए गए वृक्षारोपण महाभियान की भी सराहना की। इस दौरान स्वच्छ वायु सर्वेक्षण के तहत तीन श्रेणियों (बड़े, मध्यम एवं छोटे शहर) में देश के नौ शहरों को अवार्ड भी दिया गया।

कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, विशिष्ट सचिव केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालयतन्मय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन अपर्णा अरोडा, अतिरिक्त सचिव केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नरेशपाल गंगवार सहित कई लोग मौजूद थे।

# हरियाणा के पूर्व मंत्री ने भाजपा से इस्तीफा दिया


- **पूर्व मंत्री बचन सिंह ने टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर पार्टी से इस्तीफा देने के बाद बतौर निर्दलीय नामांकन दाखिल कर दिया।**

नई दिल्ली, 7 सितंबर। हरियाणा के पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने विधानसभा चुनाव में भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर शनिवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। जींद जिले के सफीदों निवासी आर्य ने बीजेपी की ओर से टिकट नहीं दिए जाने पर निराशा जताई। उन्होने शनिवार को ही सफीदों सीट से बतौर निर्दलीय उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। भाजपा ने इस बार जननायक जनता पार्टी के पूर्व विधायक रामकुमार गौतम को सफीदो से अपना उम्मीदवार बनाया है। पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य साल 2019 के विधानसभा चुनाव में करीब 3 हजार वोटों से हार गए थे।

बचन सिंह ने कहा, मैं यह बात पहले भी कह चुका हूं। आज जनता ने मुझे पार्टी छोड़ने के लिए कहा और आपने देखा होगा कि 10 हजार लोगों की भीड़ थी। जब मैं भाजपा में शामिल हुआ तो जनता ने ही मुझसे यह कहा था। लोग उनके काम से संतुष्ट नहीं थे। साथ ही, जींद उनकी कार्यशैली के अनुकूल नहीं है। उन्होंने कहा कि इलाके के लोगों ने बीजेपी को नजरअंदाज किया है। अब मैं जनता के टिकट पर चुनाव लड़ रहा हूं। उन्होंने ही मुझे ऑफर दिया और मैंने इसे स्वीकार कर लिया है। जनता को ही वोट देना है। जो लोग बाहर से आए हैं, उन्हें कभी जीत हासिल नहीं हुई।

गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र से टिकट नहीं मिलने से नाराज भाजपा नेता जीएल शर्मा ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। सूत्रों ने बताया कि शर्मा कांग्रेस में शामिल होंगे।

# पायलट का जन्मदिन समर्थकों ने पूरे राज्य में गौ सेवा करके मनाया



*समर्थकों ने कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट का 47वां जन्मदिन गौसेवा दिवस के रूप में मनाया। इस मौके पर कांग्रेस के सभी जिला एवं तहसील मुख्यालयों से गौशालाओं को हजारों क्विंटल चारा वितरित किया गया।*

- **सभी जिला व तहसील मुख्यालयों पर जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हजारों क्विंटल चारा गौशालाओं में वितरित किया।**

जयपुर, 7 सितम्बर (का.प्र.)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट का 47वें जन्मदिन पर प्रदेशभर में कांग्रेसजनों ने गौशालाओ में गौ-सेवा की। इस दौरान सभी जिला मुख्यालयों, तहसील मुख्यालयों पर गौशालाओ में हजारों क्विंटल चारा वितरण किया गया। इन कार्यक्रमों में संबंधित जिलों के वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारीगण, एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे। इससे पहले भी सचिन पायलट के जन्मदिवस पर प्रतिवर्ष वृक्षारोपण, रक्तदान जैसे कार्य किए जाते रहे हैं। जयपुर में कांग्रेस जनों ने पिंजरापोल गौशाला में गायों के लिए सूखा और हरा चारा उपलब्ध करवाया। यहां चारे की गाड़ियां भेजी गईं। साथ ही गायों को लापसी भी खिलाई गई। जयपुर में ही पूर्व पार्षद इकरामुद्दीन खान के नेतृत्व में भी कांग्रेस जनों ने गायों को हरा चारा खिलाया।

केकड़ी के कार्यकर्ताओं ने जयपुर रोड़ स्थित गौशाला में गायों हरा चारा और गुड खिलाया गया। कई कांग्रेस नेताओं ने इस अवसर पर केक भी काटा। कार्यक्रम में कांग्रेस नेता शैलेंद्र सिंह शक्तावत मुख्य अथिति थे। इस अवसर पर सांवरलाल गुर्जर, रतन पंवार, धनेश जैन, नगर अध्यक्ष हेमंत जैन सहित कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

चुरू जिला मुख्यालय पर कांग्रेसजनों ने पिंजरापोल सोसायटी गौशाला में गाय माता की सेवा पूजा कर केक काटा एवं गौशाला में चारा खिलाया। इस दौरान में पूर्व सभापति गोविंद महँसरिया व क्षेत्र के कई कार्यकर्ता व नेता उपस्थित थे।

झालावाड़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बेसहारा गायों को गुड़ व चारा खिलाकर सचिन पायलट को जन्मदिन की बधाई व शुभकामनायें दी। इस अवसर पर नगर पालिका झालरापाटन के पूर्व चेयरमैन अनिल पोरवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी झालरापाटन के पूर्व अध्यक्ष फरीद चौधरी, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मंजू पोरवाल, पूर्व पार्षद एवं फ्रेंडस क्लब के अध्यक्ष हैदर अली उपस्थित थे। अजमेर उत्तर से कांग्रेस उम्मीदवार रहे महेंद्र सिंह रलावता के नेतृत्व सचिन पायलट के जन्म दिवस पर नारेली गौशाला में गायों को चारा और गुड खिलाया और दरगाह में चादर चढ़ा कर लंबी उम्र की कामना की गई।

# 'भारत जोड़ो यात्रा ने हमें हिम्मत दी, हमारा हौसला बुलन्द किया'

- **राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की दूसरी वर्षगांठ के मौके पर कहा, भारत जोड़ो यात्रा ने मुझे मौन का सौंदर्य सिखाया।**

नयी दिल्ली, 7 सितंबर (वार्ता)। कांग्रेस ने कन्याकुमारी से कश्मीर के श्रीनगर तक के लिए दो साल पहले आज ही के दिन शुरु हुई भारत छोड़ो यात्रा को पार्टी के इतिहास में महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक लम्हा करार देते हुए कहा है कि इससे पार्टी की हिम्मत बंधी और उसके हौसले बुलंद हुए हैं।

कांग्रेस ने कहा ऐतिहासिक लम्हा था जिसने हमें यकीन दिलाया कि सब ठीक हो जाएगा, जिसने हमें हिम्मत दी, हमारा हौसला बना और कहा- डरो मत।

खड़गे ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा एक ऐतिहासिक जन-आंदोलन है, जो समाज को एकजुट करने का पर्याय बन गया है। राहुल गांधी जी व हमारे भारत जोड़ो यात्रियों ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल जो दूरी तय की, उससे करोड़ों लोगों के दिलों में प्रेमभाव, आपसी सौहार्द और बंधुत्व की अभूतपूर्व जनचेतना जागृत हुई। भारत जोड़ो यात्रा की दूसरी वर्षगाँठ के अवसर पर मैं देशवासियों से केवल इतनी ही अपील करता हूँ कि संविधान और लोकतंत्र को संजोए रखने का संघर्ष जारी रखें।

उन्होंने कहा, आर्थिक असमानताओं, महँगाई, बेरोज़गारी, सामाजिक अन्याय, संविधान के विध्वंस, सत्ता के केंद्रीकरण के वास्तविक मुद्दों पर हमारा संघर्ष जारी है। न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के हमारे संवैधानिक मूल्यों को सुरक्षित रखने का संकल्प और मज़बूत होना चाहिए। नफ़रत और विभाजन के एजेंडे को हम कामयाब नहीं होने देंगे। मोहब्बत और इंसानियत की जीत निश्चित है। कांग्रेस पार्टी थमेगी नहीं, रुकेगी नहीं।

## मणिपुर में...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मुताबिक, उग्रवादी जिला मुख्यालय से करीब पांच किलोमीटर दूर एक सुनसान स्थान पर अकेले रहने वाले व्यक्ति के घर में घुसे और उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। अधिकारी ने बताया कि हत्या के बाद जिला मुख्यालय से करीब सात किलोमीटर दूर पहाड़ियों में युद्धरत समुदायों के हथियारबंद लोगों के बीच भारी गोलीबारी हुई, जिसमें तीन पहाड़ी उग्रवादियों सहित चार हथियारबंद लोगों की मौत हो गई। गोलीबारी में मरने वाले कुकी और मैतेई दोनों ही समुदायों से हैं। मणिपुर में ताजा हिंसा की घटनाओं के बाद पिछले पांच दिनों से तनाव बहुत बढ़ गया है। शुक्रावर की रात बिष्णुपुर में एक शख्स की हत्या कर दी गई ती। इसके अलावा 2 मणिपुर राइफल्स और 7 मणिपुर राइफल्स के हेडक्वार्टर से हथियार लूटने की कोशिश की गई।

# विनेश व पूनिया के कांग्रेस में जाने से तिलमिलाई...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ने प्रतिक्रिया दी और कहा कि जहाँ भाजपा उनके साथ खड़ी है, जो गलत करते हैं, वहीं कांग्रेस सदैव उनके साथ खड़ी है, जिनके साथ गलत होता है।

उन्होंने कहा, "जो लोग भी गलत काम करते हैं, भाजपा उनके साथ खड़ी है और वे लोग भाजपा के साथ होते है। जिन-जिन लोगों के साथ गलत होता है, कांग्रेस उनके लिये लड़ती है, उनकी आवाज़ उठाती है तथा भविष्य में भी उठाती रहेगी तथा यही कारण है कि वे लोग भी कांग्रेस को पसंद करते हैं।"

खेड़ा ने आगे कहा कि बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ छः खिलाड़ियों ने एफ.आई.आर. दर्ज करायी थी तथा पार्टी को गर्व है कि पार्टी उनके साथ खड़ी है। उन्होंने कहा, "बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ छः खिलाड़ियों ने एफ.आई.आर. दर्ज करायी थी। हमें गर्व है कि हम अपनी उन बेटियों के साथ खड़े थे, खड़े हैं तथा खड़े रहेंगे। हमें भी इसका अफसोस नहीं होगा कि हम अपनी बेटियों के साथ खड़े थे। उन्हें (भाजपा) को इसका अफसोस होना चाहिये।"

ये दोनों पहलवान 2023 में सिंह के खिलाफ हुये व्यापक विरोध-प्रदर्शन में सबसे आगे थे तथा इन्होंने सिंह पर आरोप लगाया था कि उन्होंने डब्ल्यू.एफ.आई. प्रमुख के अपने कार्यकाल के दौरान बहुत सी महिला पहलवानों का यौन-उत्पीड़न किया था।

सिंह ने कहा, "18 जनवरी, 2023 जिस दिन जंतर-मंतर पर यह विरोध शुरु किया था, मैंने कहा था कि यह आंदोलन खिलाड़ियों का नहीं है, इसके पीछे कांग्रेस है। (इसके पीछे) खासतौर से भूपेन्द्र हूडा, दीपेन्द्र हूडा, प्रियंका जी तथा राहुल जी हैं। यह कांग्रेस का आंदोलन है तथा आज यह बात सिद्ध हो गई है। उस पूरे आंदोलन में हमारे साथ साजिश रची गई थी, उसमें कांग्रेस शामिल थी तथा भूपेन्द्र हूडा उसका नेतृत्व कर रहे थे।

सिंह, विनेश फोगाट तथा बजरंग पूनिया के साथ ही कांग्रेस नेताओं, जिन्हें वे उस विरोध प्रदर्शन के लिये जिम्मेदार मानते हैं, पर जबरदस्त बरसे।

सिंह ने कहा, "मैं हरियाणा की जनता को बताना चाहता हूँ कि भूपेन्द्र हूडा, दीपेन्द्र हूडा, बजरंग और विनेश लड़कियों की गरिमा की खातिर (विरोध पर) नहीं बैठे थे। उनके कारण ही हरियाणा की बेटियाँ परेशानियों का सामना कर रही हैं। इसके लिये जिम्मेदार हम नहीं, भूपेन्द्र हूडा और दीपेन्द्र हूडा जिम्मेदार हैं तथा ये विरोध-प्रदर्शन करने वाले जिम्मेदार हैं।

भाजपा नेता ने यह सवाल भी किया कि अगर यह सिद्ध हो जाये कि वे उस घटना वाले दिन दिल्ली में नहीं थे, जिस घटना को लेकर उनके खिलाफ आरोप लगाये गये थे तो उस स्थिति में उनकी निन्दा करने वाले क्या कहेंगे। उन्होंने कहा, "उन्होंने राजनीति के लिये बेटियों का उपयोग किया तथा बेटियों को, खासतौर से महिला एथलीट्स को बदनाम किया। वे लोग बेटियों के सम्मान के लिये नहीं लड़ रहे थे, वे लोग राजनीति के लिये लड़ रहे थे।"

भाजपा नेता ने दावा किया कि वे उस मामले में निर्दोष हैं तथा उन्होंने इन पहलवानों तथा कांग्रेस पार्टी पर बेटियों का असम्मान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, "बेटियों के असम्मान का दोषी मैं नहीं हूँ।

अगर बेटियों के असम्मान का कोई दोषी है, तो वे बजरंग और विनेश है तथा वह व्यक्ति है, जिसने इस साजिश की पटकथा लिखी। वह व्यक्ति भूपेन्द्रसिंह है। एक दिन कांग्रेस को इस पर अफसोस होगा। उनकी ये टिप्पणियाँ विनेश फोगाट तथा बजरंग पूनिया के विविवत कांग्रेस में शामिल होने के एक दिन बाद आई हैं। कांग्रेस ने बजरंग पूनिया को ऑल इंडिया किसान कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। 90 सदस्यों वाली हरियाणा विधानसभा के चुनाव 5 अक्टूबर को होने हैं तथा मतगणना 8 अक्टूबर को होगी।

## पेपर लीक केस...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पूछताछ पूरी नहीं हुई है। ऐसे में उनके पुलिस रिमांड की अवधि को छः दिन के लिए और बढाया जाए। इस पर अदालत ने आरोपियों की रिमांड अवधि 10 सितंबर तक बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान रामू राम राईका ने कहा कि उसे जो भी जानकारी थी, वह उसने एस.ओ.जी. को बता दी है। इसके साथ ही राईका रुआंसा हो गया। गौरतलब है कि पेपर लीक मामले में एस.ओ.जी. ने गत एक सितंबर को राईका सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

## 'अचानक घटना से...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। प्रार्थिया ने याचिका दायर कर बीमा कंपनी सहित अन्य से क्लेम दिलवाने का आग्रह किया। बीमा कंपनी ने जवाब में कहा कि बीमित वाहन से एक्सीडेंट नहीं हुआ व मृतक के हार्ट की कई बीमारियां थीं। उसने शराब पी रखी थी और उसके कोई प्राण घातक चोटें नहीं आई। उसकी मौत एक्सिडैंट का परिणाम नहीं थी बल्कि उसकी मौत कार्डियक अरेस्ट से हुई है। इसलिए बीमा कंपनी क्लेम राशि देने के लिए जिम्मेदार नहीं है। प्रार्थी पक्ष का जवाब था कि एफ.एस.एल. रिपोर्ट में सामने आया है कि मृतक ने एल्कोहल ले रखा था, लेकिन मेडिकल जूरिस्ट का कहना है कि जितनी मात्रा में उसने शराब पी रखी थी, उससे कार्डियक अरेस्ट नहीं आ सकता। ऐसा अकस्मात हादसे से हुआ है। इस लिए बीमा कंपनी मृतक के आश्रितों को क्लेम राशि का भुगतान करे।

## यूक्रेन काफी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अभिव्यक्ति वो थी जब उसने अचानक सीमावर्ती क्षेत्रों में रूस के शहरों पर कब्जा करना शुरू कर दिया। यूक्रेन को कुछ सफलता मिली और वो रूसी क्षेत्रों तक पहुंच गया था। इससे भी यूक्रेन के कुछ यूरोपीय मित्र राष्ट्र थोड़ा घबरा गए। दूसरी तरफ, रूस भी युद्ध की थकान के संकेत दे रहा है और पुतिन ने समझौते के कुछ संदेश भी भेजे हैं। भारत के प्र.मंत्री की कीएव यात्रा के बाद रूस ने अन्य देशों के साथ भारत का नाम लिया है, मध्यस्थता करने वाले संभावित देश के रूप में।

## नाबालिग का अपहरण...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

16 वर्षीय पुत्री घर से लापता हो गई। वहीं उससे मिलने वालों का पता किया तो महादेव प्रसाद भी रात से गायब है। ऐसे में उसे शक है कि वह उसकी बेटी को बहला फुसला कर ले गया है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

सुनवाई के दौरान पीडिता ने अदालत को बताया कि जब वह 11वीं कक्षा में थी, तो महादेव उसका शिक्षक था। इसके चलते दोनों में बातचीत होती थी। महादेव ने उस पर दबाव डालकर घर छोड़ने का पत्र लिखवाया और दस्तावेजों सहित 12 अप्रैल की रात घर के बाहर बुलाया। जब वह बाहर गई तो महादेव उसे अपनी कार से सीकर ले गया। यहां उसे दो दिन तक एक मकान में रखा और कई बार दुष्कर्म किया। वहीं 15 अप्रैल को पुलिस वहां आ गई और उन्हें लेकर चली गई। वहीं अभियुक्त की ओर से कहा गया कि उसे प्रकरण में झूठा फंसाया गया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने अभियुक्त को सजा सुनाई और जुर्माना लगाया।

## हरियाणा में नहीं होगा...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तारीख 12 सितम्बर है। आप हरियाणा में चुनाव प्रचार में जुटी हुई है। पार्टी चीफ, अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल राज्य में जनसभाएं करेंगी।

कक्कड़ ने कहा, "हम, सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार है।"

शुक्रवार को आप के सूत्रों ने कहा था कि गठबंधन को लेकर वार्ता विफल होने के कगार पर है।

इण्डिया ब्लॉक के घटक, आप और कांग्रेस ने हरियाणा, गुजरात और दिल्ली में गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। हरियाणा में, आप ने कुरुक्षेत्र सीट से चुनाव लड़ा था, जहाँ से उसके राज्य इकाई अध्यक्ष, सुशील गुप्ता भाजपा के नवीन जिंदल से हार गए थे।

# अपनी "फोकस्ड" शैली के कारण हैरिस का...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अन्धाधुंध वक्तव्यों के प्रति ट्रम्प के झुकाव को बाइडन की ओर से कोई चुनौती नहीं दी गई थी। जबकि बाइडन ने स्पष्टता और फोकस कायम रखा था।

अगर हम आगे की बात करें तो उपराष्ट्रपति कमला हैरिस 10 सितम्बर की आगामी बहस में ट्रम्प के लिए बहुत मुश्किल, बल्कि दुर्जेय प्रतिद्वन्द्वी सिद्ध हो सकती हैं। हैरिस की बहसों का इतिहास, जिसमें केलिफोर्निया में उनके राज्यपाल-विषयक आन्दोलन भी शामिल हैं, बताता है कि वे सटीक बात कहने में निपुण हैं तथा अपने विरोधियों की कमजोरियों का उनके ही खिलाफ इस्तेमाल करना उन्हें खूब आता है। उनकी वकालत की पृष्ठभूमि ने उन्हें किसी विषय का प्रतिपादन करने में तथा तर्क देने में सटीक बना दिया है, जबकि इसके विपरीत, ट्रम्प की प्रवृत्ति तथ्यात्मक प्रस्तुति के बजाय आडम्बरपूर्ण शब्दों का प्रयोग करने की है।

पिछली बहसों में, हैरिस ने अपने विरोधियों की बातें बड़े प्रभावी तरीके से काटी हैं तथा टकराव के क्षणें में आत्मसंयम बरतने तथा उन्हें हैंडल करने की अपनी क्षमता प्रदर्शित की है। उदाहरण के लिए, 2019 के दौरान, एक प्राथमिक डेमोक्रेटिक बहस में, हैरिस ने जो बाइडन के दावे को चुनौती दी थी, तथा इसके लिए बाइडन सीनेट की एक अन्य अफ्रीकन-अमेरिकन महिला के समर्थन का उल्लेख किया था, हैरिस व बाइडन की गलती को उजागर करने परिहास एवं आत्मविश्वास का सहारा लिया था। इसी प्रकार, 2010 में केलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल के प्रचार में, उन्होंने अपने विरोधी की पेंशन के बारे में की गई उसकी भारी भूल का इस्तेमाल अपने पक्ष में किया था। उनकी तीखी शैली ट्रम्प की अपेक्षाकृत गतिशीलता पर बहुत भारी है।

हैरिस यह भी दर्शा चुकी हैं कि वे अपने आक्रोश को अपने मजबूत जवाबों के रूप में ढ़ाल सकती हैं, जिसका प्रमाण उन्होंने अक्टूबर 2020 की बहस में उन्होंने माइक पेन्स को फटकारते हुए दिया था। अपनी कमजोरी को ताकत के प्रदर्शन का रूप देने की उनकी क्षमता उन्हें ट्रम्प पर बढ़त दिला सकती है क्योंकि ट्रम्प बहसों में प्रायः भावनात्मकता से बचते हैं और उनमें खुद को अनुशासित करने की क्षमता नहीं है।

राष्ट्रीय स्तर पर ट्रम्प की तुलना अपेक्षाकृत अनुभवहीन होने के बावजूद, हैरिस ने बहस के लिए रणनैतिक कुशलता विकसित कर ली है तथा उससे वे अपना काम अच्छी तरह चला सकती हैं दूसरी तरफ, ट्रम्प उनके खिलाफ सुसंगत तथा रणनैतिक हमला करने में हाथ-पैर मारते प्रतीत होते हैं। वे उनकी विश्वसनीयता को कमजोर करने तथा उन्हें एक मामूली खतरा मानने की बीच पेन्डुलम बन सकते हैं। हैरिस अपनी स्थितियों में ज्यादा व्यवस्थित प्रतीत होती हैं, जबकि ट्रम्प अभी तक "प्रजनन-अधिकारों" जैसे प्रमुख मुद्दो पर अपना रुख साफ तौर पर परिभाषित नहीं कर पाए हैं तथा ये चीजें उनके प्रभाव को कम कर सकती हैं।

इसके अलावा, हैरिस का आत्मविश्वास उनकी बहस की रणनीति में साफ झलकता है, जैसे वे माइक्रोफोन को खुला रखना पसन्द करती है तथा इससे ट्रम्प बचाव करने की मुद्रा में आते प्रतीत होते हैं। हैरिस की इस विशिष्टता के विपरीत, बाइडन, ट्रम्प की दखलन्दाजी को रोकने के लिए माइक्रोफोन को बन्द रखने का आग्रह करते थे। हैरिस की माइक्रोफोन को खुला रखने की प्रवृति दर्शाती है कि अपनी सामर्थ्य पर भरोसा है।

कुल मिलाकर, ये बहसें जहाँ परम्परागत रूप से केन्द्रीय महत्व की नहीं रही हैं, लेकिन हैरिस और ट्रम्प के बीच की आगामी बहस बहुत महत्वपूर्ण एवं निर्णायक सिद्ध हो सकती है। स्वयं को एक सक्षम एवं सामर्थ्यवान नेता के रूप में अपनी विश्वनीयता स्थापित करने की हैरिस की कोशिशों तथा ट्रम्प की असंगत प्रस्तुतियाँ तथा खुद को बचाने की कोशिशों के चलते, यह बहस हैरिस को एक ऐसा महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी कि वे चुनाव से पूर्व अपनी स्थिति को मजबूत कर सकें।

इस बीच, एक पृथक रिपोर्ट के अनुसार, जमीनी स्तर के एक नये संगठन "हिन्दूज फॉर अमेरिका फर्स्ट" ने राष्ट्रपति पद के लिए डॉनल्ड ट्रम्प का समर्थन किया है तथा इस संगठन ने पेनसिलवेनिया जॉर्जिया एवं नार्थ कैरोलाइना जैसे अनिश्चित रुख वाले राज्यों में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस के खिलाफ सक्रियतापूर्ण प्रचार शुरू कर दिया है।

इस ग्रुप के अध्यक्ष उत्सव सन्दुजा ने चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा है कि हैरिस के राष्ट्रपति बनने से भारत-अमेरिका सम्बन्ध अस्थिर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि हैरिस उदार जजों को नियुक्त कर सकती हैं, जो सर्वोच्च न्यायालय के महत्वपूर्ण फैसलों को उलट सकें, तथा उनका असर एशियन-अमेरिकन मतदाताओं पर पड़ सकता है।

सन्दुजा ने सीमा-सुरक्षा की बाइडन-हैरिस प्रशासन द्वारा की गई हैंडलिंग की आलोचना की तथा कहा कि हैरिस ने गैर-कानूनी तौर पर विदेशियों के आने तथा अमेरिका में बसने को रोकने के लिये कुछ नहीं किया। इसके द्वारा अपराध तथा ड्रग-स्मगलिंग, जिनमें एशियन-अमेरिकन बिजनैस-मालिक भी शामिल हैं, पर नकारात्मक असर पड़ा। इसके विपरीत, सन्दुजा ने ट्रम्प की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने मैरिट-आधारित अप्रवासन-सुधार किए हैं तथा उन्होंने भारत के साथ रक्षा तथा टैक्नोलॉजी सम्बन्ध मजबूत किए थे। सन्दुजा ने ट्रम्प की प्रशंसा करते हुए कहा कि ट्रम्प भारत के प्रबल समर्थक हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ उनके अच्छे एवं सकारात्मक सम्बन्ध हैं तथा उन्होंने रक्षा-प्रोजेक्टों में सहभागिता की है जिससे चीन का प्रतिकार किया जा सके।

उन्होंने हैरिस पर आरोप लगाया कि वे भारत के बारे में नकारात्मक टिप्पणियाँ करती हैं। उन्होंने कहा कि ट्रम्प भारत के घरेलू मामलों में हस्तक्षेप करने से बचते थे। "हिन्दूज फॉर अमेरिका फर्स्ट" महत्वपूर्ण राज्यों में हिन्दुओं में समर्थन के रैलियाँ आयोजित कर रहा है। इस संगठन ने बाँग्लादेश जैसे देशों में हिन्दुओं के उत्पीड़न को लेकर चिन्ता व्यक्त की हैं तथा ट्रम्प की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उन्होंने अपने राष्ट्रपति काल में इन मुद्दों की अहमियत समझी थी।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर (राजस्थान) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908